हिन्दी दैनिक
जन-जन की वाणी...
# सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित
कृष्ण पक्ष, रोहिणी, विक्रम संवत् 2081
• औरंगाबाद • मंगलवार • 27 अगस्त 2024 • वर्ष 26 • अंक 257 • पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 2.00

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

## वीर शहीद सिदो-कान्हू, चांद-भैरव और फूलो-झानो
की बलिदानी भूमि संताल परगना की लाखों बहनों को
## खुशियों का उपहार
झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

## सम्मान राशि का करेंगे हस्तांतरण

**27 अगस्त, 2024 | पूर्वाह्न 11:30 बजे से**
**पंदन पहाड़ी मैदान, जामा, दुमका**

**संताल परगना** (गोड्डा, देवघर, दुमका, जामताड़ा, साहिबगंज और पाकुड़)
**की सभी बहनों का समारोह में स्वागत है**

- 48 लाख से अधिक निबंधन
- अब तक 43 लाख से अधिक बहनों का आवेदन स्वीकृत
- 31 अगस्त से पहले सभी बहनों के खातों में होगी एक हजार रुपये की सम्मान राशि (पहली किस्त)
- सितंबर से हर महीने की 15 तारीख को हर बहन के खाते में पहुँचेगी सम्मान राशि

झारखण्ड मुख्यमंत्री
**मंईयां सम्मान योजना**

## हर बहना को हर साल ₹ 12 हजार



**हेमन्त सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

PR No. 333750 / IPRD / 2024-25

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com
ई-पेपर sonvarshavani.com/epaper



# पानी का बढ़ता जलस्तर बना जन-जीवन के लिए खतरा, नालंदा के गोहिया नदी में चचरी पुल क्षतिग्रस्त

## 20 मीटर की दूरी 2KM में होती है तब्दील





निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में बहने वाली गोइठवा की सहायक गोहिया नदी में पानी का जलस्तर बढ़ने लगा है। इस वजह से बिंद प्रखंड के सीमावर्ती इलाका दुल्हपुर गांव के निवासियों के लिए एक नई चुनौती खड़ी हो गई है। नदी पर बना चचरी पुल, जो बंदीचक गांव को जोड़ता था, अब पानी में डूब गया है। पुल बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। इसके कारण स्थानीय लोगों के दैनिक जीवन को गंभीर रूप से प्रभावित कर रही है।

**500 लोग हो रहे परेशान:** स्थानीय निवासी धर्मेंद्र यादव ने बताया कि हमारे गांव में लगभग 500 लोग रहते हैं। यह पुल हमारे लिए जीवनरेखा की तरह था। अब हम अपने दैनिक कार्यों के लिए भी संघर्ष कर रहे हैं। चचरी पुल जो बांस से निर्मित था, विशेष रूप से बुजुर्गों और बच्चों के लिए महत्वपूर्ण था। पुल के क्षतिग्रस्त होने से नदी पार करना अब एक जोखिम भरा काम बन गया है। फिर भी, कई ग्रामीण अपनी जान जोखिम में डालकर नदी पार करने को मजबूर हैं। गांव से बाहर मुख्य सड़क तक जाने के लिए 2 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। जबकि चचरी पुल से महज 20 मीटर की दूरी ही तय करनी पड़ती है।

**गोहिया नदी को हर दिन करना पड़ता है पार:** रघुनी महतो ने बताया कि हमारा गांव पटना और नालंदा की सीमा पर स्थित है। गोहिया नदी नालंदा में है। लेकिन हमें रोजमर्रा के कामों के लिए इसे पार करना पड़ता है। पानी का स्तर बढ़ने से हमारी परेशानियां और बढ़ गई हैं। खेतीबाड़ी का काम हो या बाजार जाना हो इसके लिए चचरी पुल ही सहारा है। ग्रामीणों ने एक स्थायी और सुरक्षित पुल के निर्माण की मांग की है। चंदीरक महतो ने कहा कि हम सरकार और स्थानीय प्रशासन से यह कहना चाहते हैं कि इस मुद्दे को गंभीरता से लें। जल्द से जल्द एक ठोस पुल का निर्माण करें।

**हिलसा-नूरसराय मुख्य मार्ग पर आवाजाही ठप:** वहीं, थरथरी प्रखंड मुख्यालय के बगल से गुजरने वाली मोहाना नदी उफान पर है। जलस्तर में तेजी से इजाफा होने के कारण मोहाने नदी पर बना डायवर्जन डूब गया है। 2 से 3 फीट पानी का बहाव हो रहा है। इसके कारण हिलसा-नूरसराय मुख्य सड़क पर वाहनों की आवाजाही बंद हो गई है। हिलसा अनुमंडल के लोगों को जिला मुख्यालय से सीधा संपर्क टूट गया है। इसके कारण हिलसा करायपरसुराय और थरथरी प्रखंड के लोगों को परवलपुर के रास्ते बिहारशरीफ आना पड़ रहा है। इसमें करीब 10 से 12 किलोमीटर की दूरी अधिक तय करनी पड़ रही है। मोहाने में आई पानी में बच्चे खेलते हुए दिखाई दे रहें हैं। हालांकि, जिला प्रशासन द्वारा मजिस्ट्रेट नियुक्त करने की बात कही गई थी। लेकिन पुलिस की नियुक्ति नहीं होने के कारण एक बार फिर से डायवर्जन पर बच्चे पानी में खेलते हुए दिख रहें हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### खो गई महिला और दो मासूमों को ढूंढ़ निकाला

**गया।** गया जंक्शन पर खो गई एक महिला व दो मासूम बच्चियों को आरपीएफ की मेरी सहेली टीम की मदद से ढूंढ निकाला गया। दोनों बच्चियों व उसकी मां मीरा देवी को सुरक्षित आरपीएफ पोस्ट लाया गया और शिकायतकर्ता को इसकी सूचना दी गई। आरपीएफ पोस्ट के प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश ने बताया कि यूपी के रहने वाले प्रेषराम ने गया जंक्शन पर भाभी मीरा देवी व दो छोटी बच्ची के खो जाने की शिकायत दर्ज करायी थी। इसके बाद जांच के क्रम में गया रेलवे स्टेशन पर एनाउंसमेंट कराया गया तथा ऑन ड्यूटी अधिकारी व स्टाफ एवं मेरी सहेली टीम के द्वारा स्टेशन परिसर में खोजबीन शुरु की गई। इस दौरान सीसीटीवी में तैनात महिला आरक्षी सोनिका कुमारी द्वारा बताया गया कि बुकिंग काउंटर के पास एक महिला दो बच्चे के साथ बैठी दिख रही है।

### शराब मामले में फरार धंधेबाज हुआ गिरफ्तार

**मानपुर।** मुफस्सिल थाना अंतर्गत भदेजा से शनिवार देर रात शराब मामले में फरार आरोपी अंततः पुलिस के हत्थे चढ़ गया। हिरासत में लिए गए धंधेबाज की पहचान भदेजा निवासी प्रभु चौधरी के बेटे सतेन्द्र चौधरी उर्फ रुखिया के रूप में हुई। बताया जाता है बीते 30 जुलाई को गुप्त सूचना के आधार पर एसआई नारायण यादव द्वारा मध्य विद्यालय के समीप घेराबंदी कर शराब लदे एक बाइक सहित चालक को गिरफ्तार किया गया था।

### परवलपुर में दवा कंपनी के एमडी का हुआ स्वागत

**परवलपुर।** अरिस्टो दवा के कंपनी के एमडी भोला प्रसाद सिंह रविवार को एक कार्यक्रम में शामिल होने सारे जा रहे थे। इस दौरान परवलपुर में सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। इस मौके पर कंपनी के एमडी श्री सिंह ने सामाजिक कार्यकर्ताओं से कहा कि केंद्र व राज्य सरकार तेजी से विकास कार्य कर रही है। इसके बाद भी इलाके में अगर किसी तरह की समस्या हो तो वह आम सहमति से उन्हें अवगत कराएं। अपने स्तर से वह समस्या का निदान करने का प्रयास करेंगे।

### गुरपा में बारिश महादलित का घर गिरा, बढ़ी परेशानी

**फतेहपुर।** फतेहपुर प्रखंड की कठौतिया केवाल पंचायत के केवाल गांव में बारिश से बीरबल मांझी का मिट्टी का घर गिर गया। इसमें पीड़ित परिवार को हजारों का नुकसान पहुंचा है। वहीं घर गिर जाने से पीड़ित महादलित परिवार के समक्ष काफी परेशानी बढ़ गई है। उन्हें सर छुपाना मुश्किल हो गया है। ग्रामीण राजेश मांझी ने बताया कि लगातार हुई मूसलाधार बारिश से बीरबल मांझी का मिट्टी के दीवार में पानी पेस गया जिससे दीवार कमजोर हो गया और घर गिर गया। उसने बताया कि जिस समय घर गिरा घर वाले घर में नहीं थे जिससे कोई अनहोनी होने से बच गया। अन्यथा बड़ी घटना हो जाती। उसने बताया कि घर गिर जाने से पीड़ित परिवार को हजारों का नुकसान पहुंचा है।

## इमामगंज को जिले का दर्जा मिले तभी होगा विकास : अवधेश प्रसाद

**डुमरिया।** जदयू के जिला उपाध्यक्ष अवधेश प्रसाद ने एक बार फिर इमामगंज को जिला बनाने की मांग उठाई है। रविवार को डुमरिया पहुंचे श्री प्रसाद ने क्षेत्र के लोगों से मुलाकात करते हुए क्षेत्र की समस्या की जानकारी ली। पत्रकारों से बात करते हुए इमामगंज को जिला बनाने की मांग पुरजोर तरीके से रखी। श्री प्रसाद ने कहा कि इमामगंज प्रखंड जिला मुख्यालय से 80 किलोमीटर दूर व डुमरिया प्रखंड से एक सौ किलोमीटर की दूरी है। इमामगंज, डुमरिया व बांकेबाजार तीनों प्रखंड बिहार झारखंड की सीमा पर स्थित है और चारों तरफ से जंगल व पहाड़ से गिरा हुआ है। यही मुख्य कारण रहा है कि देश की आजादी के 75 साल बाद भी गांव का विकास हुआ लोगों की बेरोजगारी दूर नहीं हो सका है। वह कहते हैं कि इमामगंज घनी आबादी का इलाका है। यह प्रखंड जिला बनाने का हर कोरम को पूरा करता है। इमामगंज को जिला बनने के बाद सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक आदि समस्याओं एक साथ दूर हो जाएंगे। वहीं प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रखंड का कुछ ऐसा भी गांव है। जो प्रखंड मुख्यालय से 25 किलोमीटर दूरी व जिला मुख्यालय से 130 किलोमीटर दूरी पर स्थित है। जहां के लोग आज तक जिला मुख्यालय नहीं देख सकें हैं। वही श्री अवधेश प्रसाद ने माननीय मुख्यमंत्री से मांग किया है कि इमामगंज को पूर्ण जिला तो नहीं लेकिन सिविल जिला तत्काल बनाया जाए। अवधेश प्रसाद ने कहा कि इसको लेकर हम माननीय मुख्यमंत्री से इमामगंज को सिविल जिला बनाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपेंगे। वहीं उन्होंने लोगों से अपील किया कि इमामगंज को जिला बनाने को लेकर आसपास के लोगों को भी पुरजोर तरीके से समर्थन करना होगा और इमामगंज को जिला बनाने के लिए आगे आना होगा।



## मुहाने नदी का डायवर्सन डूबने से हिलसा-नूरसराय संपर्क भंग



**थरथरी।** थरथरी रूक-रूककर हो रही बारिश से जिले की नदियां फिर से उफना गई हैं। कई नदियों का पानी खेतों में फैलकर फसलों को अपनी चपेट में ले चुका है। पिछले साल आयी बाढ़ से इन गांवों के आस-पास में जमींदारी बांध से लेकर कई नदियों के तटबंध क्षतिग्रस्त हो गये थे। जिले की सभी नदियां उफान पर है मगर खतरे के निशान के नीचे है। प्रखंड मुख्यालय के बगल से गुजरने वाली मुहाने नदी में अचानक उफान आने से जलस्तर की बढ़ोतरी जारी है। नदी में बढ़ते जल स्तर के कारण मुहाने नदी पर बना डायवर्सन डूब गया है। जिसके कारण हिलसा-नूरसराय सड़क संपर्क भंग हो चुका है। जिससे आसपास के करीब एक दर्जन गांवों का यातायात प्रभावित हो गया है। ग्रामीण आशंकित हैं कि पिछली बार की तरह इस बार भी गल्ला व पशुओं का चारा नदी में न समा जाये। जलस्तर बढ़ने से डूबा डायवर्सन एसडीओ ने किया निरीक्षण हिलसा एसडीओ प्रवीण कुमार ने मुहाने नदी में आई उफान के बाद रविवार की सुबह निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया कि बच्चे पानी में खेल रहे है।तेज बहाव में बहने की आशंका को देखते हुए मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की तैनाती का आदेश दिया है। साथ ही मुहाने नदी पर बढ़ रहे पानी पर पैनी नजर रखने का निर्देश दिया गया है। तीन साल से चल रहा है पुल का निर्माण बता दें कि मुहाने नदी पर पिछले तीन साल से पुल का निर्माण हो रहा है। तीन साल में नदी के लेवल में मात्र 28 पाया ही खड़ी की गई है। पुल निर्माण के पूर्व करीब 83 लाख से डायवर्सन का निर्माण करवाया गया था। पिछले दो साल नदी में पानी नहीं आने आमजनों को कोई दिक्कत नहीं हुई। इस वर्ष मुहाने नदी में अचानक पानी का उफान आने से डायवर्सन पर ढाई फीट पानी बहने लगा। क्षतिग्रस्त होकर धीरे-धीरे टूट रहा है डायवर्सन मुहाने नदी में अचानक पानी आने से तेज धारा में नदी पर बना डायवर्सन क्षतिग्रस्त होकर टूट रहा है। डायवर्सन के ऊपर से ढाई फीट पानी बहने व धार तेज रहने से कभी भी डायवर्सन टूटकर ध्वस्त हो सकता है। डायवर्सन पर पानी बहने व क्षतिग्रस्त होने से यातायात का गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। इससे थरथरी प्रखंड के सलेमपुर, डीहा, अतवलचक, अस्ता, रायपुर कोयल विगहा, नरारी, प्रतापपुर गांव सहित एक दर्जन गांवों के प्रखंड मुख्यालय पहुंचने का संपर्क भंग हो गया है।

## नालंदा में नदी में बहकर आया अधेड़ का शव

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में सोमवार को नदी में तैरता हुआ एक अधेड़ का शव मिला है। इससे इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस द्वारा शव को बरामद कर लिया गया है। मामला बेन थाना क्षेत्र अंतर्गत रसुल्ला गांव के पास पैमार नदी में मिली है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। बेन थाना अध्यक्ष राजीव रंजन कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना प्राप्त हुई की पैमार नदी में एक शव बहकर आया हुआ है। जो रसुल्ला गांव के किनारे में लगा हुआ है। सूचना मिलने के बाद पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। शव को नदी से बाहर निकाल कर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया। शव से तेज दुर्गंध आ रही है। इससे अंदेशा व्यक्त किया जा रहा है कि मौत 2 से 3 दिन पहले हो चुकी है। शव को पोस्टमॉर्टम करा कर सदर अस्पताल के मॉर्च्युरी रूम में रखा गया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। फिलहाल, पुलिस शव की पहचान के लिए आसपास के थाना और सोशल मीडिया का सहारा ले रही है। शव के शिनाख्त होने के बाद ही विस्तृत जानकारी दी जा सकती है। फिलहाल, यूडी केस दर्ज कर पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है।



## साधना और त्याग के बल पर राज्य-देश को दिशा प्रदान करने में हमेशा आगे रहा है ब्रह्मर्षि समाज : डिप्टी सीएम

निज संवाददाता। गया

ब्रह्मर्षि समाज अपनी साधना और त्याग के बल पर राज्य तथा देश को दिशा प्रदान करने में हमेशा से आगे रहा है। यह क्रम बना रहना चाहिए। उक्त बातें शनिवार की देर शाम शहर के शांति निकेतन अकादमी में ब्रह्मर्षि बुद्धिजीवी संघ के बैनर तले आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिहार के डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने कही। उन्होंने कहा कि समाज, पार्टी और राज्य को मजबूती प्रदान करने में ब्रह्मर्षि समाज अपनी भूमिका का हर सम्भव उपयोग करे। यह हमारी अपेक्षा है। इससे पहले ब्रह्मर्षि बुद्धिजीवी संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में डिप्टी सीएम श्री सिन्हा को सम्मानित किया। मौके पर शहर के दर्जनों चिकित्सक और शिक्षाविदों से डिप्टी सीएम ने बात की। आयोजित कार्यक्रम के दौरान न केवल ब्रह्मर्षि समाज की चिंता जताई गई। बल्कि समाज के साथ कंधे से कंधे मिलाकर देश-राज्य के विकास पर बल दिया गया। शिक्षाविदों व प्रसिद्ध चिकित्सकों ने इस मौके पर देश के हर इक समाज को शिक्षा के प्रति सजग रहने की अपील की। वक्ताओं ने कहा शिक्षा ही एक रास्ता है जो न केवल परिवार, बल्कि समाज और फिर राज्य व देश को विकास की ओर अग्रसर करता है। डिप्टी सीएम श्री सिन्हा ने कहा कि ब्रह्मर्षि समाज हमसे और पार्टी से जो अपेक्षा रखती है। उसे पूरा करने की कोशिश हमारी ओर से की जाएगी। इसके अलावा उन्होंने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम और भगवान परशुराम के चरित्र का हवाला देते हुए मर्यादित तरीके से देश-राज्य हित में आगे बढ़ने की अपील की। मौके पर शांति निकेतन स्कूल के निदेशक सह भाजपा नेता हरि प्रपन्न ने डिप्टी सीएम को "ब्रह्मर्षि वंश विस्तार" नामक पुस्तक भेंट की। श्री प्रपन्न ने कहा कि डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा समाज के लिए गौरव हैं। विजय सिन्हा जिस पद पर अब तक रहे उस पद की गरिमा को बढ़ाया है। वहीं, हड्डी रोग विशेषज्ञ डाक्टर नवनीत निश्चल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि डिप्टी सीएम विजय सिन्हा जन भागीदारी के तहत स्वयं ब्रह्मर्षि समाज के बुद्धिजीवियों से मिले यह बड़ी बात है। मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल स्वामी, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश चिंटू, मोहड़ा प्रखंड के कजूर पंचायत के मुखिया मुकेश कुमार, डॉ. टी शर्मा, डॉ. नीरज कुमार, डॉ. दीनानाथ, भाजपा नेता संतोष सिंह, डॉ. क्रांति किशोर, लव शर्मा, कुश शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।



## नालंदा में 6 कुख्यात अपराधी हुए गिरफ्तार, वारदात की साजिश रच रहे थे

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा जिले के हिलसा थाना क्षेत्र में पुलिस ने 6 कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इन अपराधियों के पास से हथियार और नगदी बरामद हुए हैं। कार्रवाई स्पेशल टास्क फोर्स (STF) और स्थानीय पुलिस के संयुक्त अभियान में की गई। हिलसा डीएसपी सुमीत कुमार ने बताया कि STF ने हिलसा थाना प्रभारी को सूचना दी कि हरिबिगहा मोड़ के पास कुछ अपराधी बड़ी वारदात की साजिश रच रहे थे। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए हिलसा और करायपरसुराय थाना की टीम ने छापेमारी की। इस दौरान चार अपराधियों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि तीन अपराधी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। पुलिस ने गिरफ्तार अपराधियों के पास से 2 देसी कट्टे, 3 जिंदा कारतूस, 5 मोबाइल सेट और 2 बाइक बरामद की गई है।

**पांच लाख से अधिक की हुई थी लूट:** पुलिस ने फरार अपराधियों की तलाश में छापेमारी की, जिसमें दो और को गिरफ्तार किया। इनके पास से एक देसी कट्टा, 2 मिसफायर गोली और 54,870 रुपए नगद बरामद किए गए। दरअसल 19 अगस्त को हिलसा थाना क्षेत्र के लोहंडा के पास एक पेट्रोल पंप के कर्मचारियों से 5,11,300 रुपए की लूट हुई थी। गिरफ्तार अपराधियों ने इस घटना को अंजाम देने की बात भी स्वीकार की है। पुलिस ने इस मामले में 2,30,000 रुपए नकद बरामद किए हैं। गिरफ्तार अपराधियों में बैजू कुमार, सुरज कुमार, सुजय कुमार, शत्रुघ्न कुमार, रिंगटोन कुमार उर्फ शैलेश कुमार और बिट्टू कुमार शामिल हैं।



## नव नालंदा महाविहार में गुरु पद्मसंभव पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का

**नालंदा।** नव नालंदा महाविहार में गुरु पद्मसंभव के जीवन और जीवंत विरासत की खोज पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन, अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ (आईबीसी), नई दिल्ली द्वारा नव नालंदा महाविहार, नालंदा के सहयोग से नालंदा में 28-29 अगस्त, 2024 को आयोजित की जा रही रही है। इस कार्यक्रम में बिहार के राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर मुख्य अतिथि होंगे। साथ ही खेन्पो चिमेद, उपाध्यक्ष, लुम्बिनी विकास ट्रस्ट, नेपाल और खेन्पो उगेन नाम्येल, सचिव/ मुख्य भिक्षु, रॉयल भूटान मंदिर, केंद्रीय सांप्रदायिक निकाय, भूटान, सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि होंगे। दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में गुरु पद्मसंभव के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर मंथन किया जाएगा। मुख्यतः इस बात पर चर्चा की जाएगी कि वे आज भी क्यों प्रासंगिक हैं? इस सम्मेलन के मुख्य थीम उनके जीवन और शिक्षाएं, हिमालय में उनकी यात्राएं और सबसे महत्वपूर्ण, यह कि वे आज भी प्रासंगिक हैं। गुरु पद्मसंभव, गुरु रिन्पोछे के रूप में जाने जाते हैं, जो प्राचीन भारत की आठवीं सदी के हैं। आज भी बुद्ध धर्म में ये पूजनीय हैं। उन्हें बौद्ध धर्म के वज्रयान संप्रदाय की स्थापना और पूरे हिमालय क्षेत्र और तिब्बत में बौद्ध धर्म के प्रसार का श्रेय दिया जाता है।

### तेज बारिश से सड़क हुई क्षतिग्रस्त, मुश्किलें बढ़ी



निज संवाददाता। फतेहपुर

फतेहपुर क्षेत्र में पिछले चार-पांच दिनों से लगातार हो रही तेज बारिश से गुरपा- बसकटवा-पातवास मुख्य सड़क कई जगहों पर टूटकर व बहकर क्षतिग्रस्त हो गई है। इससे लोगों की परेशानी बढ़ गई है। खेतों में पानी लबालब भर गया। वहीं, तेज बारिश के चलते झारखंड सीमा को जोड़ने वाली गुरपा- बसकटवा-पातवास मुख्य सड़क समेत क्षेत्र के कई सड़क क्षतिग्रस्त हो गया। तेज बहाव में गुरपा-बसकटवा-पातवास मुख्य सड़क कई जगहों पर बह गया है।

पूर्व रेलवे

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, रेलवे स्टेशन के पास डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: वरिष्ठ डीईएन/सी/हावड़ा। **ई-निविदा सं.: 133_2024-25, कार्य का विवरण** : हावड़ा मंडल सीटीआर (पी)-15.292 टीकेएम इन स्थानों में - बाली-बैण्डेल अप-2 19.418-21 = 1.582 किमी, कटवा-आजिमगंज अप 108.600 - 122.310 = 13.710 किमी, कुल सीटीआर (प-15.292 टीकेएम और टीएसआर (पी) - 35.122 टीकेएम निम्नलिखित स्थान में - बैण्डेल-शक्तिगढ़-आरईवी एमएल 47.327 - 55 = 7.673 किमी, बाली - शक्तिगढ़ डाउन - 1 18.984 - 21 = 2.016 किमी, डाउन-1 22-23 = 1 किमी, डाउन - 1 24.250-27 = 2.750 किमी, डाउन - 1 29-33 = 4 किमी, डाउन - 1 34.500-37 = 2.500 किमी, अप - 1 22 - 27 = 5 किमी, अप -1 31.145-32 = 0.855 किमी, अप-1 32.582-33.165=0.583 किमी, अप-1 33.305 37=3.695 किमी, खाना-सांईथिया डाउन 58-62.050 = 4.050 किमी, अप 52-53 = 1 किमी, ठेकेदार के स्वयं के पीक्यूआरएस पोर्टल (2 अदद) और गैन्ट्री द्वारा। **अनुमानित मूल्य:** रु. 12,46,18,018.85, **बयाना राशि:** रु. 7,73,100/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** शून्य। **समापन अवधि:**12 माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 16.09.2024 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-240/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना सं. एसजी.निविदा/डीएसटीई/एसडीएएच/498, दिनांक 23.08.2024,** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **ई-निविदा सं.: एसडीएसटीई/सिग/टी/28/24-25/आरआरएसके। कार्य का नाम एवं इसका स्थान:** सियालदह मंडल में ईआई/पीआई स्टेशन में रिले रूम, पावर रूम तथा ओएफसी रूम में ऑटोमैटिक फायर डिटेक्शन और अलार्म सिस्टम का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** रु.6,02,40,563.64, **निविदा कागजात का मूल्य:** शून्य। **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति जमा की जाएगी :** रु.4,51,200/-, **कार्य की समापन अवधि:** 12 माह। **निविदा जमा देने की प्रारंभिक तिथि:** 09.09.2024, **निविदा जमा देने की अंतिम तिथि:** 23.09.2024 को 14.00 बजे तक। **निविदा बोली के खोलने की तिथि:** 23.09.2024 को 14.30 बजे। विवरण **www.ireps.gov.in** से देखा जा सकता है। **तकनीकी पात्रता मानदंड:** निविदाकार ने निविदा आमंत्रण से पूर्व महीने के अंतिम दिन को समाप्त, पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान, निम्नलिखित श्रेणियों में से किसी एक कार्य का सफलतापूर्वक पूरा या पर्याप्त रूप से निष्पादन किया है: (i) तीन समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% की समान राशि से कम न हो, या (ii) दो समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% की समान राशि से कम न हो, या (iii) एक समरूप कार्य जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% की समान राशि से कम न हो। **वित्तीय पात्रता मानदंड:** निविदाकार का न्यूनतम औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार V/N या 'V' होना चाहिए, जो भी कम हो, जहाँ V = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, N = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियाँ आमंत्रित की गई हैं। औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना लेखापरीक्षित तुलन पत्र के अनुसार पिछले तीन वित्तीय वर्षों में ''कुल ठेकाजनित भुगतान'' के औसत के रूप में की जाएगी। तथापि, यदि पिछले वर्ष का तुलन-पत्र अभी तैयार किया जाना है/लेखापरीक्षित नहीं है, तो औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलन-पत्र को विचार में लिया जाएगा। निविदाकार जीसीसी 2022 के अनेक्सर-VIबी (मौजूदा निविदा कागजात का फॉर्म-6) के अनुसार आवश्यक जानकारी के साथ सनदी लेखापाल द्वारा यथा प्रमाणित लेखापरीक्षित तुलन पत्र की प्रतियाँ/लेखापरीक्षित तुलन पत्र द्वारा यथा समर्थित सनदी लेखापाल से प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे। **जमा किए जाने वाले अन्य कागजात:** निविदा कागजात में उल्लिखित अनुसार। **समरूप कार्य की प्रकृति:** कोई भी कार्य जिसमें ऑटोमैटिक फायर डिटेक्शन और अलार्म/ऑटोमैटिक फायर सप्रेशन सिस्टम का प्रावधान या रखरखाव है या कोई सिग्नलिंग कार्य जिसमें ऑटोमैटिक फायर डिटेक्शन और अलार्म/ऑटोमैटिक फायर सप्रेशन सिस्टम का प्रावधान शामिल है, को समरूप प्रकृति के कार्य के रूप में विवेचित किया जाएगा। **टिप्पणी:** निविदाकार अपने निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा कागजात में उल्लिखित पात्रता मानदंड को पूरा करने के अपने दावे के समर्थन में कागजात प्रस्तुत करेंगे। निविदाकार द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रमाण पत्रों के समर्थन में कागजातों/प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपि का प्रत्येक पृष्ठ निविदाकार या निविदाकारी फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्व-सत्यापित/डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित होगा। स्व-सत्यापन में हस्ताक्षर, मुहर और तिथि (प्रत्येक पृष्ठ पर) शामिल होंगे।

SDAH-165/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित



Page 11 खेल

**पंजाब में धवन की जगह लेंगे रोहित? आईपीएल 2025 से पहले मुंबई को सदमा...**



Page 10 देश

**महिलाओं के प्रति अपराध के पीछे की मंशा जमीन हड़पना है : हिमंत बिस्वा शर्मा**

कृष्ण पक्ष, रोहिणी, विक्रम संवत् 2081 • औरंगाबाद • मंगलवार • 27 अगस्त 2024 • वर्ष 26 • अंक 257 • पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
| --- | --- |
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 66,950 | ₹87,900 |



## आज का इतिहास

- 2013 : भारत के उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में दो धार्मिक समुदायों के बीच संघर्ष शुरू हुआ।
- 21972 : भारतीय प्रोफेशनल रेसलर और लिफ्टर दलीप सिंह राणा उर्फ ग्रेट खली का जन्म हुआ।

## न्यूज बाइट्स

### बिहार में वक्फ की 50% से अधिक जमीन पर अतिक्रमण

**पटना (नि.सं.)।** बिहार में वक्फ बोर्ड की 50 फीसदी से अधिक जमीन अतिक्रमण की शिकार है। राज्य में दो वक्फ बोर्ड संचालित हैं- बिहार राज्य शिया वक्फ बोर्ड एवं बिहार राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड। इन दोनों वक्फ बोर्ड के पास तकरीबन 25 हजार बीघा जमीन है। इनमें शिया वक्फ बोर्ड के पास करीब 5 हजार बीघा तो सुन्नी वक्फ बोर्ड के पास 24 हजार बीघा जमीन है। इन जमीनों में शहरी एवं ग्रामीण दोनों क्षेत्रों की जमीनें शामिल हैं।

### राज्य के 13 शिक्षकों को इनोवेशन चैंपियन का मिलेगा अवार्ड

**पटना (नि.सं.)।** राज्य के 13 शिक्षकों को आईआरआईएसई रिकॉगनिशन अवार्ड (इरा) कार्यक्रम के तहत इनोवेशन चैंपियन से सम्मानित किया जाएगा। ये शिक्षक विज्ञान और गणित के हैं। इन शिक्षकों का चयन इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च (आईआईएसईआर) पुणे ने किया है। ये शिक्षक पिछले कई सालों से नवाचार पर काम कर रहे हैं। अपने स्कूल के बच्चों को इनोवेटिव बना रहे हैं। वहीं राज्य के 238 अन्य शिक्षक भी सम्मानित होंगे,जो अपने स्कूल में शिक्षण कार्य में बेहतर कर रहे हैं। सभी को तीन सितंबर को सम्मानित किया जाएगा।

### अरुण जेटली के बेटे रोहन बन सकते हैं बीसीसीआई सेक्रेटरी

**नई दिल्ली (ए.)।** डीडीसीए के प्रेसिडेंट रोहन जेटली भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के नए सेक्रेटरी बन सकते हैं। भास्कर के सूत्रों के मुताबिक बोर्ड के मौजूदा सेक्रेटरी जय शाह के आईसीसी चेयरमैन बनने पर रोहन ही उनकी जगह लेंगे। सूत्रों ने बताया कि रोहन जेटली का नाम बोर्ड के सेक्रेटरी बनने की रेस में सबसे आगे है। रोहन के नाम पर सभी सहमत हैं। प्रेसिडेंट रोजर बिन्नी सहित अन्य पदाधिकारी अपने-अपने पद पर बरकरार रहेंगे, क्योंकि उन सभी का कार्यकाल एक साल बाद पूरा हो रहा है।

---

जमीन सर्वे : मौखिक बंटवारे को नहीं मानेंगे सर्वे अधिकारी

# पेपर नहीं होने पर बिहार सरकार की हो जाएगी जमीन, रजिस्टर्ड दस्तावेज जरूरी

निज संवाददाता | पटना

बिहार में 185 साल बाद 20 अगस्त से जमीन सर्वे की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। राज्य के 45 हजार से अधिक गांवों में सर्वे होगा। गांव से बाहर रहने वाले लोग अपनी जमीन का सर्वे कराने के लिए ऑनलाइन आवेदन दे सकते हैं। जमीन की जांच के दौरान उपस्थित रहना होगा।

ऐसी जमीन जो आपके जोत में है, लेकिन पेपर नहीं है। ऐसी स्थिति में जमीन के मूल मालिक की खोज होगी। मूल मालिक के नहीं मिलने पर जमीन बिहार सरकार की हो जाएगी। इसलिए जमीन के दस्तावेज तैयार रखें। प्रपत्र-2 में स्वघोषणा करनी है। प्रपत्र-3 में वंशावली देना है। वंशावली तभी देना होगा, जब जमीन के मालिक का नाम है, लेकिन वह जीवित नहीं है।

इस सर्वेक्षण में जमीन पर बने मकानों और दूसरी चीजों की भी जानकारी देनी होगी। सर्वे के दौरान जमीन का खेसरा नंबर बदल जाएगा। सर्वे अधिकारी जमीन बदलने के मौखिक एग्रीमेंट को नहीं मानेंगे।



### फैमिली बंटवारे का रजिस्टर्ड दस्तावेज देना होगा

इसी तरह फैमिली बंटवारे का रजिस्टर्ड दस्तावेज जरूरी है। बंटवारा मौखिक हुआ तो संयुक्त खतियान बनेगा। सर्वे अधिकारियों के मुताबिक स्वघोषणा के समय अपनी जमीन का रकबा, चौहद्दी, खेसरा की जानकारी, जमाबंदी यानी मालगुजारी रसीद का फोटो कॉपी, खतियान का नकल आदि दस्तावेज देना है।

एग्रिमेंट का रजिस्टर्ड दस्तावेज जरूरी है। अगर आपके पास जमीन बदलने का रजिस्टर्ड डाक्यूमेंट्स है, तभी आपके नाम से खतियान बनेगा। रजिस्टर्ड नहीं होने पर मूल मालिक के नाम से ही खतियान बनेगा।सरकार ने जमीन का एरियल सर्वे भी कराया है। इसमें बगीचों के पास वाले कई प्लॉट्स का एक नक्शा बना है। सर्वे के दौरान अमीन स्थल पर नापी के समय नक्शे को अलग-अलग करेंगे। इस दौरान जमीन मालिक को जमीन पर रहना होगा।

जमीन की नापी की जिम्मेदारी रैयतों की है। स्वघोषणा के बाद अमीन जमीन की नापी करेंगे। जमीन मालिक को दखल-कब्जा की जानकारी देनी होगी। ऐसे में जमीन पर सही दखल-कब्जा मिलने के साथ सही खतियान बनाने में मदद मिलेगी। बिहार में जमीन का पूरा हिसाब-किताब अब नए सिरे से होगा। इसके लिए बिहार सरकार ने 20 अगस्त से भूमि सर्वेक्षण शुरू किया है। यह सर्वेक्षण राज्य के 45 हजार से अधिक गांवों में होगा। इस सर्वेक्षण में जमीन पर बने मकानों और दूसरी चीजों की भी जानकारी देनी होगी। पटना में सर्वे की जानकारी देने के लिए मंगलवार को पंचायतवार ग्राम सभा की शुरुआत हुई। गांव से बाहर रहने वाले लोग अपनी जमीन का सर्वे कराने के लिए ऑनलाइन आवेदन दे सकते हैं। जमीन की जांच के दौरान उपस्थित रहना होगा।

### तीन अपील का मौका

संपत्ति की घोषणा फॉर्म-2 में करनी होगी। कागज की जांच-नापी के बाद फॉर्म-7 में नया दस्तावेज मिलेगा। इसमें खतियान होगा। खेसरा नंबर बदला रहेगा। प्लॉट का नक्शा होगा। गड़बड़ी है तो फॉर्म-8 में अपील करें। सुधार के बाद अधिकारी फॉर्म-12 जारी करेंगे। इसमें भी गड़बड़ी है तो फॉर्म-14 से फिर अपील करें। अब भी सुधार ना हो तो फॉर्म-21 से अपील करनी होगी।

---

मुख्यमंत्री नीतीश सरकार ने युद्धस्तर पर शुरू की तैयारी

# अक्टूबर तक पटना-बक्सर समेत 300 बालू घाटों से होगा खनन

निज संवाददाता | पटना

नदियों में जल स्तर के बढ़ने और संभावित पर्यावरणीय नुकसान को ध्यान में रखते हुए, इस रोक को लगाया गया है। बालू खनन का कार्य पुनः 15 अक्टूबर से शुरू किया जाएगा। इसी को ध्यान में रखते हुए, खान एवं भू-तत्व विभाग ने आगामी खनन सत्र के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। हाल ही में खान एवं भू-तत्व विभाग ने एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की, जिसमें विभिन्न जिलों के खनिज विकास पदाधिकारियों ने भाग लिया। इस बैठक में 13 जिलों के खनिज विकास पदाधिकारी शामिल हुए, जिनमें रोहतास, कैमूर, पटना, भोजपुर, नालंदा, बक्सर, अरवल, औरंगाबाद, गया, नवादा, जमुई, लखीसराय और मुंगेर शामिल हैं। इन जिलों में कुल 610 बालू घाट कलस्टर की संख्या है, जिनमें से अब तक 294 घाटों की बंदोबस्त की जा चुकी है, जबकि शेष 316 घाटों की बंदोबस्त की प्रक्रिया अभी चल रही है। समीक्षा के दौरान यह भी जानकारी सामने आई कि जिन 294 बालू घाटों की बंदोबस्ती हो चुकी है, उनमें से 181 घाटों को नदी से बालू खनन के लिए आवश्यक पर्यावरण अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त हो चुका है। इसके बाद 132 बालू घाटों पर खनन कार्य शुरू कर दिया गया है। बाकी बचे घाटों की नीलामी प्रक्रिया जल्द से जल्द पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि निर्धारित समय पर सभी घाटों पर खनन कार्य प्रारंभ हो सके। खनिज विकास पदाधिकारियों को यह निर्देश भी दिया गया है कि वे मुख्यालय को सभी गतिविधियों की समय पर सूचना दें और प्राथमिकता के आधार पर शेष प्रक्रियागत कार्यों को पूरा करें। 15 अक्टूबर से बालू खनन की प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित करने के लिए यह सभी तैयारियां की जा रही हैं।

इस प्रकार, बालू घाटों से खनन कार्य को सही समय पर प्रारंभ करने के लिए विभाग हरसंभव कदम उठा रहा है ताकि स्थानीय निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की रुकावट न आए और संसाधनों की उपलब्धता बनी रहे।



### विभाग के निदेशक ने दिए ये निर्देश

इन तथ्यों के सामने आने के बाद खान एवं भू-तत्व विभाग के निदेशक के स्तर पर जिलों के खनिज विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिए गए कि 15 अक्टूबर के पूर्व तक नीलामी हुए सभी 294 बालू घाटों को पर्यावरण अनापत्ति दिलाने की दिशा में कार्य करें। साथ ही सुनिश्चित करें कि यह कार्य प्राथमिकता में हो और कम से कम कम 13 जिलों के तीन सौ बालू घाटों से खनन प्रारंभ हो जाए।

---

## लद्दाख में पांच नये जिलों के गठन को मंजूरी



**नयी दिल्ली (नि.सं.)।** गृह मंत्रालय ने विकसित और समृद्ध लद्दाख के निर्माण के विज़न को साकार करने की दिशा में केंद्र शासित प्रदेश में पांच नये ज़िलों के गठन को मंज़ूरी दे दी है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में इस ऐतिहासिक निर्णय की जानकारी देते हुए कहा कि इस निर्णय से पांच नये ज़िलों–ज़ंस्कार, द्रास, शाम, नुब्रा और चांगथांग–में प्रशासन के सुदृढ़ होने से स्थानीय लोगों को उनके द्वार पर सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। इन पांच जिलों के गठन के बाद अब लद्दाख में, लेह और कारगिल को मिलाकर, कुल सात जिले हो जायेंगे। लद्दाख क्षेत्रफल के हिसाब से एक बहुत बड़ा केंद्र शासित क्षेत्र है। अभी लद्दाख में दो जिले हैं - लेह और कारगिल। यह भारत के सबसे कम जनसंख्या वाले भूभागों में से एक है।

## पटना-शेखपुरा में एक ही गैंग ने चार बैंकों को लूटा, पांच गिरफ्तार

निज संवाददात | पटना

बिहार पुलिस ने बीते दो महीनों में पटना और शेखपुरा में चार बैंक डकैतियों को अंजाम देने वाले गैंग का पर्दाफाश किया है। एक ही गिरोह ने चारों बैंक लूट को अंजाम दिया था। पुलिस ने गिरोह के सरगना संतोष कुमार उर्फ बकरिया सहित पांच लोगों की गिरफ्तारी की है। जिनके पास से एक पिस्तौल, दो देशी फायरआर्म, 15 जिंदा कारतूस, पांच सेलफोन, दो राउटर, दो एटीएम कार्ड और 47,450 रुपये कैश बरामद किए। पुलिस ने बताया कि डकैती के कुछ ही मिनट बाद आरोपियों ने दिखावे के लिए मोटरसाइकिल खरीदी थी। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल बाइक जब्त कर ली है। आरोपियों की पहचान संतोष, उसकी पत्नी आरती कुमारी उर्फ बसमतिया, पिंटू कुमार, सुमित कुमार उर्फ राहुल और सागर राज के रूप में हुई है। अपर पुलिस महानिदेशक मुख्यालय जीतेंद्र सिंह गंगवार ने बताया कि बिहार एसटीएफ और पटना पुलिस की संयुक्त टीम ने बैंक लुटेरों के खिलाफ छापेमारी की थी। अपराधियों को पटना से उस समय गिरफ्तार किया गया जब वो एक और आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे थे।

इस गैंग ने 5 अगस्त को दुल्हिन बाजार पीएनबी शाखा से 21 लाख रुपये की लूट, 1 जुलाई को एक्सिस बैंक (शेखपुरा) की बरबीघा शाखा से 25 लाख की डकैती में शामिल था। इसके अलावा बिहटा शाखा एक्सिस बैंक में भी शामिल था। 21 जून को 18 लाख रुपये की डकैती और 3 जून को उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक, बिहटा में डकैती को भी अंजाम दिया था। एसटीएफ ने इससे पहले बकरिया गिरोह के सदस्य घनश्याम भारती उर्फ छोटन गिरि और शत्रुघ्न कुमार राय को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। गिरोह के सदस्य पेशेवर रूप से रियल एस्टेट व्यवसाय में शामिल हैं और अपने रियल एस्टेट व्यवसाय में लोन के लिए अपराध करते हैं।

## सरकार ने की लोगों से फर्जी ई-मेल और ई-नोटिस से सावधान रहने की अपील

एजेंसी | नयी दिल्ली

फर्जी ई-मेल और फर्जी ई-नोटिस से संबंधित धोखाधड़ी के बढते मामलों के मद्देनजर सरकार ने एक बार फिर लोगों को आगाह किया है कि वे इस तरह की फर्जी मेल और ई-नोटिस से सावधान रहें और इनका जवाब देने के बजाय तुरंत इसकी शिकायत साइबर अपराध समन्वय केन्द्र की वेबसाइट पर करें।

साइबर अपराध में जुटे शातिर साजिशकर्ता आम लोगों को तो निशाना बनाते ही हैं, वे गृह मंत्रालय की विभिन्न जांच एजेन्सियों से जुड़े लोगों तक को भी इस तरह के फर्जी मेल भेजकर ठग रहे हैं। इसे देखते हुए सरकार लोगों को समय समय पर परामर्श और चेतावनी जारी कर लोगों को इस तरह के फर्जी मेल और ई नोटिस से सावधान रहने की अपील करती रहती है।

सरकारी सुरक्षा तंत्र की ओर से एक बार फिर कहा गया है कि साइबर धोखाधड़ी करने वाले ठग लोगों को विभिन्न जांच एजेन्सियों की मुहर के साथ उनके लैटर पैड पर फर्जी ई-मेल और ई-नोटिस भेजकर उन पर 'चाइल्ड पोर्नोग्राफी', बाल यौन शोषण और पोर्नोग्राफी जैसे कृत्यों में शामिल होने का आरोप लगा रहे हैं। इन फर्जी ई-नोटिस और ई-मेल में इन लोगों को दंडात्मक कार्रवाई का भय दिखाकर इनसे पैसे ऐंठे जा रहे हैं । नोटिस में कहा जाता है कि आप अगले 24 घंटे में उनके कहे अनुसार सहयोग करें, वरना उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर गिरफ्तार कर लिया जायेगा।





जांच एजेन्सियों का कहना है कि लोगों को इस तरह के मेल और नोटिस का जवाब नहीं देना चाहिए और जांच एजेन्सियों को तत्काल इसकी सूचना देनी चाहिए। उनका कहना है कि जांच एजेन्सी कभी भी इस तरह के ई-मेल या ई- नोटिस नहीं भेजती है। लोगों को इस तरह की मेल या नोटिस मिलने पर जांच एजेन्सी को फोन कर इस बारे में जानकारी लेनी चाहिए कि उन्हें इस तरह का मेल मिला है क्या यह सही है। लोग इस तरह के मेल मिलने पर साइबर अपराध हेल्पलाइन नम्बर 1930, भारतीय साइबर अपराध समन्वय केन्द्र की वेबसाइट, या नजदीकी पुलिस स्टेशन अथवा पुलिस नियंत्रण कक्ष में इसकी शिकायत कर सकते हैं। सरकार ने गत जुलाई में भी इस बारे में विस्तार से परामर्श जारी कर लोगों से इस तरह के फर्जी मेल और ई-नोटिस से सतर्क रहने की अपील की थी।

## पूर्णिया-मुजफ्फरपुर समेत 10 जिलों में स्थापित होगी मिट्टी जांच प्रयोगशाला

**पटना (नि.सं.)।** खेतों की मिट्टी की जांच के लिए सरकार दस जिलों के एक-एक प्रखंड में अनुमंडल स्तरीय प्रयोगशाला की स्थापना कराएगी। इसके लिए कृषि विभाग ने प्रति प्रयोगशाला 75-75 लाख रुपये का प्रविधान किया है।

पूर्णिया, सिवान, मुजफ्फरपुर, पश्चिम चंपारण, सहरसा, दरभंगा, बक्सर, नालंदा, बेगूसराय एवं औरंगाबाद जिले का चयन किया गया है। शासन ने चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में ही इन जिलों के एक-एक अनुमंडल के प्रखंड मुख्यालय के ई-किसान भवन में स्थापित करने का निर्देश दिया गया है। प्रत्येक मिट्टी जांच प्रयोगशाला की स्थापना पर 75 लाख रुपये खर्च होंगे। नए मिट्टी जांच प्रयोगशाला की स्थापना के बाद राज्य में मिट्टी जांच प्रयोगशाला की संख्या बढ़ कर 63 हो जाएगी। नए मिट्टी जांच प्रयोगशाला की स्थापना के लिए 8 करोड़ 31 लाख 62 हजार रुपये की राशि का प्रविधान किया है। इसमें 60 प्रतिशत यानी चार करोड़ 98 लाख 97 हजार केंद्रांश हैं। तीन करोड़ 32 लाख 64 हजार रुपये राज्यांश है।

---

नीतीश सरकार ने केंद्र को भेजा रिमाइंडर

## बिहार में खुलेंगे 18 हजार नए आंगनबाड़ी केंद्र

- वर्तमान में बिहार में 1.15 लाख आंगनबाड़ी केंद्र हैं

निज संवाददाता | पटना

बिहार में 18 हजार, 300 नए आंगनबाड़ी केंद्र खोले जाने को लेकर समाज कल्याण विभाग ने केंद्र सरकार को रिमाइंडर भेजा है। कुछ महीने पहले जब केंद्रीय मंत्री के स्तर पर समाज कल्याण विभाग के देश भर के मंत्रियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक हुई थी तब बिहार की ओर से यह मसला उठाया गया था कि बिहार में बड़ी संख्या में नए आंगनबाड़ी केंद्र खोलने की आवश्यकता है। बिहार के मसले को उच्च स्तर से विचार का आश्वासन भी मिला था। वर्तमान में बिहार में



1.15 लाख आंगनबाड़ी केंद्र हैं। समाज कल्याण विभाग का कहना है कि आंगनबाड़ी केंद्रों की यह संख्या जिस समय तय हुई थी उसके बाद से आबादी काफी बढ़ी है। विभाग ने अपने स्तर से आबादी को केंद्र में रख यह आकलन किया है कि कम से 18 हजार आंगनबाड़ी केंद्र और बढ़ने चाहिए। ग्रामीण क्षेत्र से शहरी क्षेत्रों तक में नए आंगनबाड़ी केंद्र खोलने की जरूरत महसूस की जा रही है।

आंगनबाड़ी केंद्र खोले जाने को लेकर यह व्यवस्था है कि एक वार्ड में एक आंगनबाड़ी केंद्र होना चाहिए। एक आंगनबाड़ी केंद्र में 40 बच्चों को पढ़ाने व उन्हें पोषाहार उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था आम तौर पर रहती है। यह माना जाता है कि एक वार्ड की आबादी एक हजार तक होगी। पर बहुत सारे वार्ड ऐसे हैं जहां एक हजार से अधिक आबादी है और वहां एक से अधिक आंगनबाड़ी केंद्र की जरूरत है। बहुत से आंगनबाड़ी केंद्र ऐसे हैं जहां 40 से अधिक बच्चे आ जा रहे। ऐसे में पोषाहार किसे नहीं दिया जाए इस बात को लेकर परेशानी है। बीच में मिनी आंगनबाड़ी केंद्र शुरू किए जाने पर काम शुरू हुआ था पर यह सोच बहुत आगे नहीं बढ़ सकी।

## 40 हजार शिक्षकों को मिलेगा व्यावसायिक विकास का प्रशिक्षण

- प्रशिक्षण निःशुल्क और 50 घंटे का होगा

निज संवाददाता | पटना

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) अब शिक्षकों को व्यावसायिक विकास की जानकारी देगा। इसके लिए बोर्ड ने सभी क्षेत्रीय कार्यालय को पत्र लिखा है। देशभर के 13 लाख शिक्षकों को व्यावसायिक विकास पाठ्यक्रम का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें बिहार के 40 हजार शिक्षक शामिल होंगे। सीबीएसई ने सभी शिक्षकों के लिए प्रत्यक्ष प्रशिक्षक कौशल अनिवार्य कर दिया है। इसके तहत व्यावसायिक विकास पाठ्यक्रम की जानकारी दी जाएगी। सीबीएसई ने 2012 में व्यवसायिक पाठ्यक्रम की शुरुआत की थी। प्रशिक्षित शिक्षक नहीं होने की वजह से कई स्कूलों ने अपने यहां इस कोर्स को शुरू ही नहीं किया। अब सीबीएसई ने स्कूल के सभी शिक्षकों को प्रशिक्षण देने की योजना बनाई है। राष्ट्रीय व्यावसायिक मानक के अंतर्गत हर शिक्षक को यह प्रशिक्षण लेना अनिवार्य है। यह प्रशिक्षण संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय के निरीक्षण में होगा। प्रशिक्षण निःशुल्क और 50 घंटे का होगा। शिक्षकों को प्रशिक्षण देने के लिए सीबीएसई ने 15 हजार विषय विशेषज्ञों का समूह बनाया है। यह समूह सभी शहरों में जाकर प्रशिक्षण देगा। इस समूह में सीबीएसई के शिक्षक ही शामिल हैं, जो अलग-अलग तिथियों में जाकर प्रशिक्षण देंगे। शिक्षकों को प्रशिक्षण के बाद प्रशिक्षण प्रमाण पत्र भी दिये जाएंगे।

कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं

अरविंद कुमार सिंह



वरीय भाजपा नेता
रामराज्य नगर, औरंगाबाद



---

आधार लिंक नहीं होने से 10,374 किसानों की लटकी किसान सम्मान निधि

# पीएम किसान योजना के लिए बैंक अकाउंट को आधार से लिंक करना अनिवार्य

- किसान सम्मान निधि योजना के लाभ के लिए आधार लिंक होना अनिवार्य

निज संवाददाता | पटना

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि लेने के लिए संबंधित किसानों का उनके बैंक अकाउंट का आधार लिंक अनिवार्य है। ऐसा नहीं होने से जिले के 10,374 किसानों को किसान सम्मान निधि की राशि नहीं मिली है। उन किसानों को भुगतान लेने के लिए अपने खातों का शीघ्र ही आधार लिंक कराने को कहा गया है। जिला कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, जिले में अब तक किसान सम्मान निधि के लिए 2,94,021 किसान पात्र माने गए हैं, लेकिन उनमें से 2,83,763 किसानों को 17वीं किस्त की राशि मिली है। इस योजना का लाभ लेने वाले किसानों के लिए हर समय पोर्टल खुला हुआ है। इस पर संबंधित किसान अपना निबंधन करा सकते हैं। किसान सम्मान निधि पाने वाले वैसे किसान जिनका रजिस्ट्रेशन एक ही मोबाइल नंबर से हुआ है। उनको मोबाइल अपडेशन कराने का मौका दिया गया है। विभाग का मानना है कि एक ही मोबाइल नंबर से तीन या चार किसानों का रजिस्ट्रेशन हुआ है। ऐसा इसलिए कि जिस मोबाइल नंबर से रजिस्ट्रेशन साइबर कैफे से किया गया है। वैसे में एक ही मोबाइल नंबर से कई किसानों को निबंधित किया गया है।

इस मामले में ओटीपी भी उसी मोबाइल नंबर पर आया है। बावजूद राशि का भुगतान किसान के उसी खाते में किया जाता है, जिस खाता का आधार लिंक किया गया हो। जिला कृषि पदाधिकारी प्रवीण कुमार राय के अनुसार किसानों का चयन तीन -तीन स्तर पर उनके द्वारा दिए गए कागजातों के सत्यापन के बाद किया जाता है। ऐसे में इस योजना में फर्जीवाड़ा की कोई जगह नहीं रहती है। किसान सम्मान निधि के तहत एक फरवरी 2019 से अब तक 2,80,388 किसानों को इस योजना का लाभ मिला है। इन किसानों को 33,30,975 किस्त के माध्यम से कुल 828.83 हजार

### 2456 नए आवेदनों में से 516 आवेदन निरस्त

पीएम किसान सम्मान निधि के लिए पात्र किसान कभी भी पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन दे सकते हैं। उनकी पात्रता के आधार पर उनके आवेदन भुगतान के लिए स्वीकृत किए जाते हैं। हाल में इस योजना के तहत 2456 नए आवेदन अपलोड किए गए थे। इसमें 516 आवेदनों को कई कारणों से निरस्त कर दिया गया है। 288 आवेदन स्वीकृत किए गए हैं, जबकि 1652 आवेदन लंबित हैं।

## बिना सही कारण बताए दाखिल-खारिज रद्द करने पर नपेंगे सीओ

**पटना (नि.सं.)।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा दाखिल-खारिज समेत अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन में देरी करने वाले या खराब प्रदर्शन वाले पदाधिकारियों की निगरानी शुरू कर दी गई है। बिना सही कारण बताए या उल्लेख किए दाखिल-खारिज के आवेदनों को रद्द करने वाले अंचलाधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं, जिन अंचलों में दाखिल-खारिज के मामले अधिक संख्या में लंबित हैं या काफी बड़ी संख्या में आवेदनों को रद्द किया गया है। ऐसे सभी अंचलों के जांच की जिम्मेदारी संबंधित भूमि सुधार उप समाहर्ता को सौंपी गई है।

कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं

ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल

(ज्ञानदीप एजुकेशनल एण्ड चैरिटेबुल ट्रस्ट द्वारा संचालित)

न्यू एरिया (मृगनयनी होटल के पीछे) औरंगाबाद (बिहार)

मो.-8002200104, 8809696463, 9431896447

हमारी विशेषताएं :

- आधुनिक एवं शैक्षणिक सुविधाओं से सुसज्जित वृहत परिसर
- विद्यालय में स्वस्थ अंग्रेजी परिवेश
- पूर्ण व्यवस्थित लैब, स्मार्ट क्लासेज एवं समृद्ध पुस्तकालय।
- विदेशी शिक्षाविदों द्वारा समय-समय पर मार्गदर्शन।
- हर रूट के लिए गांवों में भी) वाहन सुविधा।
- उच्च कोटि शिक्षा हेतु बाहरी शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा शिक्षण
- शैक्षणिक गुणवत्ता को बनाए रखने हेतु वर्कशाप की व्यवस्था।



व्यवस्थापक
ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल
औरंगाबाद (बिहार)

## न्यूज बाइट्स

### दो दिवसीय कार्यक्रम पूजा पाठ का समापन

**सासाराम (रोहतास) (नि.सं.)**। ऐतिहासिक गुरूद्वारा गुरू का बाग अठखम्भवा से कैमूर पर्वत पर दो दिवसीय कार्यक्रम पूजा पाठ का समापन रविवार को 3 बजे शाम को शब्द कीर्तन अरदास के साथ संपन्न हुआ। बाग के अध्यक्ष बजरंगी दास ने बताया कि प्राचीनकाल से ही इस पर्वत पर सावन पूर्णिमा के बाद शनिवार और रविवार को सिक्ख संगत द्वारा पहाड़ मेला का आयोजन होते आ रहा है। इस परंपरा को पुनः 2022 से आरंभ किया गया है। इस वर्ष भी गुद्वारा गुरू का बाग से निशान साहिब को लेकर संगत के सहयोग से 24 एवं 25 अगस्त 2024 को पहाड़ मेला का आयोजन हुआ। पर्वत के गुरूद्वारा में पूजा पाठ आरती अरदास किया गया। गुरू का लंगर तथा प्रसाद वितरण हुआ। मौके पर नवादा से आए श्रीसंकट मोचन मंदिर के महंथ नकुल दास महाराज इस पहाड़ी की मनोरम दृश्य एवं झरना को देख बहुत प्रफूलित हुए और उन्होंने कहा कि ऐसा मनोरम दृश्य सभी जगह नहीं मिलते। इस अवसर पर करगहर से शम्भू दास मिताली दास तथा मंजू देवी, जानवी, बब्लू दास, पंचू सिंह, ओम प्रकाश, स0 हरू सिंह, रोहित सिंह, मनीष कुमार, सुनील सोनी, जगरनाथ सिंह, मखन लाल आदि सैंकड़ों सिक्ख व संगत पहुंच कर गुरूधर की खुशियां प्राप्त किय।

### छापेमारी के दौरान देशी कट्टा के साथ एक गिरफ्तार



**करगहर (रोहतास) (नि.सं.)**। स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत रविवार की देर शाम गुप्त सूचना के आधार पर एक घर से देशी कट्टा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। इस आशय की जानकारी थानाध्यक्ष विजय कुमार ने देते हुए बताया कि छापेमारी के दौरान भलुनी गांव में 20 वर्षीय हरिओम पाठक पिता शिवशंकर पाठक के घर से एक देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया गया। जिसको गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। वहीं सुसीना गांव से एनबीडब्ल्यू वारंटी शत्रुघ्न पाठक व अंकुर पाठक पिता स्व. बालेश्वर पाठक को गिरफ्तार कर लिया गया। जिसके बाद पुलिस अग्रिम कार्रवाई कर रही है।

### घर के खर्च का जुगाड़ करने वाला अब नहीं रहा

**नौहट्टा (रोहतास) (नि.सं.)**। पड़रिया गांव के छउर के पास सड़क दुर्घटना में जारदाग गांव के विजय चेरो व अंतु चेरो की मौत सोमवार को हो गयी। दोनों की मौत से बेल्दूरिया व जारदाग गांव में मातम पसरा हुआ है। दोनों युवक जन्माष्टमी धूमधाम से मनाने के लिए सामान की खरीददारी करने जा रहे थे। जारदाग व बेल्दूरिया दोनों गांव मिलकर एक ही स्थान पर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की पूजा करते हैं। दोनों युवक अपने मां-बाप के सहारा थे। मजदूरी कर मां-बाप व बच्चों का पालन पोषण करते थे। विजय चेरो का एक भाई फुलेंद्र चेरो की मौत तीन साल पहले विद्युत स्पर्शाघात से हो गयी थी। भाई के बच्चों का भी बोझ उसी पर था। बाप बुलाकी चेरो व मां जगमनीया देवी बुजुर्ग हो गये हैं तथा विजय के साथ ही रहते थे। दोनों बुजुर्ग का सहारा छिन गया। मौत की सूचना से पति को देखने के लिए विजय की पत्नी चंदा देवी के साथ उसके मां-बाप घर छोड़कर रोते हुये गये हैं। जो अभी तक लौटे नहीं हैं।इधर अंतु चेरो के बाप शंभू चेरो व मां फुलझरिया देवी भी अपने बेटा को देखने के लिए घर से बिलखते हुए निकल गये हैं। अंतु चेरो को धान का बिचडा उखाड़ने में महारत हासिल था। हर दिन मजदूरी करता था तथा अपना घर परिवार अच्छे से चलाता था। पांच भाई में वह सबसे छोटा था। अंतु के दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। अंतु के मौत से घर उजड़ गया। दोनों युवक के पास घर के अलावा कोई जगह जमीन नहीं था। दोनों की माली स्थिति काफी खराब थी। अब घर को चलाने वाला कोई नहीं रहा। दोनों की पत्नी भी मजदूरी करती है। धान रोपना, सोहनी करना, मजदूरी पर गोबर पाथना दोनों का काम है। दोनों युवक के मौत के बाद से बेल्दूरिया व जारदाग गांव में मातम पसरा हुआ है। दोनों युवक के व्यवहार की चर्चा करते हुये ग्रामीण रो दे रहे हैं।

### डेंजर जोन बन गया है बेराई धाम व पड़रिया छउर के बीच का पथ

**नौहट्टा (रोहतास) (नि.सं.)**। सोमवार को पड़रिया छउर व नैना नदी के बीच हुई सड़क दुर्घटना में जारदाग गांव के दो युवक विजय चेरो व अंतू चेरो की मौत हो गयी। आसपास के गांवों के ग्रामीण यह हृदयविदारक घटना पथ निर्माण विभाग के लापरवाही के कारण मान रहे हैं। बेराई धाम व पड़रिया छउर के बीच लगभ डेढ़ किलोमीटर लंबी सड़क है। यह डेढ़ किलोमीटर सड़क बहुत ही टेढ़ा मेढ़ा है तथा सडक के दोनों ओर कंटीली झाड़ी व अन्य झाड़ी है। टेढ़ा मेढ़ा सड़क होने के कारण सामने से आ रहा कोई वाहन दस मीटर की दूर पर भी हो तो दिखाई नहीं देता। बेराई धाम से लगभग पचास मीटर की दूरी पर नब्बे डिग्री पर मोड़ है। उक्त स्थल पर विभाग ने सिंबल नहीं लगाया है। उसके बाद पुनः मोड़ व नैना नदी की खाई है। नैना नदी के बाद चढ़ाई व सड़क के दोनों ओर झाड़ी उसके बाद पुनः तीन स्थान पर तीखा मोड़ है तथा झाड़ी भी है। इसी तरह पड़रिया छउर तक खतरनाक सड़क है। उक्त स्थल पर सड़क अच्छी होने के कारण सारे वाहन का गति बढ़ जाता है। चढ़ाई व अच्छी सड़क होने के कारण चालक अपने वाहन की गति बढ़ा लेते हैं। ऐसे में सामने से आ रहे वाहन से टकराव होता है या असंतुलित होकर वाहन कंटीली झाड़ी में घुस जाती है। पथ निर्माण विभाग द्वारा सभी मोड़ पर सिंबल नहीं दिया गया है। ऐसे में दुर्घटना हो जाती है।विगत एक माह में आधा दर्जन से अधिक लोग दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं। आरसीडी के कार्यपालक अभियंता प्रभाकर कुमार ने बताया कि मामले की जांच कराते हैं।

### बाइक के टक्कर में के दो युवकों की मौत

**नौहट्टा (रोहतास) (नि.सं.)**। चुटिया थाना क्षेत्र के पड़रिया छउर व नैना नदी के बीच नौहट्टा यदुनाथपुर मुख्य पथ पर मैजिक व बाइक के आमने सामने की भिड़ंत हो गयी। जिसमें यदुनाथपुर पंचायत के जारदाग गांव के विजय चेरो (28) व अंतु चेरो (27) की मौत हो गयी। घटना सोमवार को लगभग साढ़े दस बजे हुई। घटना के पंद्रह मिनट बाद पुलिस का गश्ती वाहन पहुंच गया। मैजिक व बाइक को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया।दोनों घायलों को पुलिस रेफरल अस्पताल नौहट्टा ले गयी। अस्पताल पहुंचने से पहले ही विजय चेरो ने दम तोड़ दिया। चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर मुकेश कुमार ने विजय चेरो को मृत घोषित कर दिया जबकि अंतु चेरो को प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिये एंबुलेंस से सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया। अंतु चेरो की मौत सदर अस्पताल पहुंच कर हो गयी। बताया जाता है कि बेल्दूरिया गांव में जन्माष्टमी की पूजा का आयोजन है। जिसके लिए सामान की खरीददारी तथा बीज की खरीददारी करने के लिये दोनों बाइक से नौहट्टा जा रहे थे। चुटिया थाना क्षेत्र के पड़रिया छउर व नैना नदी के बीच मोड़ पर सामने से आ रही मैजिक वाहन से बाइक की टक्कर हो गयी। बाइक टकराने के बाद दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। अस्पताल पहुंचने से पहले दोनों ने ही दम तोड़ दिया। पुलिस दोनों को रेफरल अस्पताल नौहट्टा पहुंचाकर लौट गयी। पुलिस को जब विजय की मौत की सूचना मिली तो पुनः अस्पताल जाकर शव को अपने कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिए सासाराम भेज दिया। चुटिया थानाध्यक्ष बिट्टु लाल रंजन ने बताया कि सासाराम से ही अंतु के शव को अन्त्य परीक्षण के लिए भेज दिया गया। मैजिक वाहन जब्त कर ली गयी है। अभी प्राथमिकी दर्ज नहीं की गयी है।

# दो सितंबर को सीएम नीतीश पहुंच सकते हैं तुतला भवानी, डीएम ने किया निरीक्षण

**निज संवाददाता** | तिलौथू (रोहतास)



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 2 सितंबर को जिला में संभावित कार्यक्रम को लेकर रविवार को जिलाधिकारी नवीन कुमार और एसपी विनीत कुमार ने तुतला भवानी धाम का निरीक्षण किया। जिले से पूरे काफिले के साथ तुतला धाम पहुंचे जिला अधिकारी ने मुख्य द्वार से ही धाम तक पैदल यात्रा की इस दौरान वहा मुख्यमंत्री के संभावित कार्यक्रम को लेकर स्थान का निर्धारण के साथ अन्य तैयारियां पर भी चर्चा की, दर्शन के पश्चात उन्होंने एक छोटी सी बैठक का आयोजन कर सभी अधिकारियों को संभावित कार्यक्रम के तहत दिशा निर्देश दिए तथा हेलीपैड के स्थान के साथ सड़क मार्ग से पहुंचने के पर भी चर्चा की गई। साथ ही भवानी धाम तक जाने के लिए तीन मार्गो में से एक मार्ग चयन पर भी चर्चा की। कहां की फिलहाल यह बैठक को निरीक्षण मुख्यमंत्री के संभावित कार्यक्रम को लेकर किया गया है। सुरक्षा व्यवस्था पर भी बातचीत की गई। इस दौरान मौके पर जिला वन पदाधिकारी एसडीएम डेहरी सूर्यप्रताप सिंह एसडीपीओ ग्रामीण वंदना मिश्रा, रेंजर अभय कुमार, थाना अध्यक्ष प्रमोद कुमार, बीडीओ अंकिता जैन समेत अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

## शांतिपूर्ण ढंग से निकला चेहल्लुम का जुलूस

**निज संवाददाता** | दावथ (रोहतास)

10 मोहर्रम का शहीद हुए इमाम हुसैन की शहादत के 40 दिन पूरे होने पर क्षेत्र के कोआथ, सेमरी, बभनौल, सहिनाव, महुआरी, बिठवामें शिया व सुन्नी समुदाय द्वारा चेहल्लुम का जुलूस निकाला गया। जुलूस में शामिल अजादारों ने नौहख्वानी और सीनाजनी कर इमाम हुसैन की शहादत का गम मनाया। प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए थे। पैगंबर मोहम्मद (स.) के नवासे इमाम हुसैन (अ.स.) 10 मोहर्रम को जालिम से मुकाबला करते हुए दर्दनाक तरीके से शहीद कर दिए गए थे। सोमवार को इमाम हुसैन (अ.स.) की शहादत के 40 दिन पूरे होने पर चेहल्लुम का जुलूस निकाला गया। इमाम हुसैन की शहादत के 40 वें पर गमे हुसैन में डूबे अजादारों को काफिला करबला की ओर चल पड़ा। जुलूस के शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने भी पुख्ता इंतजाम किए थे।

## धूमधाम से मनाया गया कृष्ण जन्माष्टमी का त्यौहार

**निज संवाददाता** | चेनारी (रोहतास)

प्रखंड क्षेत्र में कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। बता दे की भगवान श्रीकृष्ण का जन्म भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को हुआ था और इसी दिन पूरी दुनिया में उनका जन्मदिन बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है। मान्यतानुसार इस दिन भक्त श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मनाते हैं,और उनके बाल रूप की पूजा करते हैं।इस दिन श्री कृष्ण के लिए श्रद्धालु व्रत भी रखते हैं देशभर में यह त्यौहार बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है इस दिन मंदिरों और घरों में सजावट भी की जाती है,और श्री कृष्ण के जन्म की झांकियां दिखाई जाती है। छोटे-छोटे बच्चे भी कृष्ण और राधा के स्वरूप में सजते हैं। वहीं प्रखंड के कई गांवो में सोमवार को कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान मंदिरों को आकर्षक रूप से सजाई गई है, और कई जगहों पर भगवान श्री कृष्ण की मूर्ति भी स्थापित की गई है। प्रखंड क्षेत्र के पियाँ कला गांव के शिव मंदिर के प्रांगण में श्रद्धालुओं के द्वारा श्री कृष्ण की मनमोहक मूर्ति रखी गई है। वहीं श्रद्धालुओं के द्वारा विद्वान पंडित से भगवान श्री कृष्ण की विधि विधान से पूजा अर्चना कराई गई तथा भगवान श्री कृष्ण की जन्मोत्सव मनाई गई। इस मौके पर श्रद्धालुओं के द्वारा मंदिर में पूरी रात भजन कीर्तन का आयोजन भी किया गया था।बता दे कि इस समय जन्माष्टमी की धूम मची हुई है। श्री कृष्ण के जन्मोत्सव को हर साल बड़े ही धूमधाम और हर्षोउल्लास के साथ मनाया जाता है। यह हर साल मनाया जाने वाला दो दिवसीय त्यौहार है। कई लोग कृष्णाष्टमी के शुभ अवसर पर निर्जला व्रत रखते हैं, कई लोग पूजा पाठ करने के बाद जल और फल ग्रहण करते हैं।

## श्रम संसाधन विभाग से मिलेगी सहायता राशि

**» पिंटू सिंह ने बताया कि कस्तर निवासी बृज बिहारी सिंह का आकस्मिक निधन कि सूचना पर मंत्री के निर्देश पर उनके घर पर पहुँच मृतक के परिजनों से मिल कर संत्वना दी गई। मृतक मनरेगा के श्रमिक नहीं थे, परन्तु स्व0 बृज बिहारी सिंह का ई श्रम कार्ड बना है। इसकी सूचना मंत्री को दी गई।**

**निज संवाददाता** | बिक्रमगंज (रोहतास)



बिक्रमगंज प्रखंड के कस्तर निवासी बृज बिहारी सिंह के असमयिक निधन पर श्रम संसाधन विभाग से मिलेगी सहायता राशि। इस संबंध मे बिहार सरकार के श्रम संसाधन विभाग के मंत्री संतोष कुमार सिंह के प्रतिनिधि पिंटू सिंह ने बताया कि कस्तर निवासी बृज बिहारी सिंह का आकस्मिक निधन कि सूचना पर मंत्री के निर्देश पर उनके घर पर पहुँच मृतक के परिजनों से मिल कर संत्वना दी गई। मृतक मनरेगा के श्रमिक नहीं थे, परन्तु स्व0 बृज बिहारी सिंह का ई श्रम कार्ड बना है। इसकी सूचना मंत्री को दी गई। स्व बृज बिहारी सिंह के पत्नी को विभाग से सहायता राशि प्राप्त करने के लिए कागजी तैयारी करने को जानकारी दी गई। सोमवार को संतोष कुमार सिंह मंत्री श्रम संसाधन बिहार सरकार के निर्देश पर बिक्रमगंज प्रखंड के कसतर महादेव गांव में पहुंचकर श्रम संसाधन विभाग बिहार सरकार के मद से सहयोग राशि प्राप्त करने के संबंध मे फॉर्म और कागज के बारे में जानकारी दी गई। मौके पर प्रखंड श्रम संसाधन पदाधिकारी प्रखंड बिक्रमगंज साथ थे।

## अस्पतालों में आंख की बीमारी के मरीजों को मिलेंगे मुफ्त चश्मे

**पटना (नि.सं.)**। बिहार के सरकारी अस्पतालों में आने वाले दिनों में आंखों की बीमारी की जांच या इलाज कराने वाले मरीजों को सरकार की ओर से मुफ्त चश्मा भी दिया जाएगा। इस दिशा में सरकार ने कवायद शुरू दी है। सरकार ने सभी श्रेणी के सरकारी अस्पतालों में चश्मा योजना की शुरुआत करने का निर्णय बीते दिनों लिया था। इस कार्य की जिम्मेदारी राज्य स्वास्थ्य समिति को सौंपी गई है। जानकारी के अनुसार, मेडिकल कॉलेज अस्पताल से लेकर प्रखंड स्तरीय अस्पताल तक में प्रतिदिन दर्जनों मरीज आंखों की जांच के लिए आते हैं। इनमें 80 से 90 प्रतिशत मरीजों को चश्मे की दरकार होती है। कई बार आर्थिक कारणों से मरीज चश्मे नहीं बनवा पाते हैं।

## प्राइवेट स्कूल शिक्षा का मंदिर या लूट की दुकान

**निज संवाददाता** | करगहर (रोहतास)



शिक्षा मूलभूत अधिकार है, शिक्षा सबके लिए बराबर है, चाहे राजा हो या रंक, मजदूर हो या अधिकारी, सबके लिए बराबर है। लेकिन धरातल पर सच्चाई कुछ और ही दिखाता है। और ऐसा लगता है की आज भी मजदूर के बच्चों की शिक्षा अलग है, और अधिकारी, पूंजीपति के बच्चों की शिक्षा अलग। जहां मजदूर के बच्चे आज भी सरकारी विद्यालयों में शिक्षा ग्रहण करने को मजबूर है। वहीं अधिकारियों के बच्चे कॉन्वेंट स्कूल में शिक्षा ग्रहण करते हैं वजह एक ही है। निजी स्कूल संचालक के द्वारा अभिभावकों से शिक्षा के नाम पर मोटी रकम की लूट। इस लूट में मजदूर लाचार हैं वही अधिकारी सक्षम, यही वजह है की शिक्षा मूलभूत अधिकार कथनी सी रह गई है। धरातल पर कुछ और ही दिखाता है। आज सभी वर्ग के लोग मानते हैं कि शिक्षा महंगा हो गया है। कॉन्वेंट विद्यालयों की शिक्षा अलग है, सरकारी विद्यालयों की शिक्षा अलग है। निजी विद्यालय संचालकों द्वारा इजाद किए जा रहे है नए-नए तरीके की शुल्क, अभिभावको को, टाई बेल्ट, बुक कॉपी जूते यूनिफॉर्म, दो गुने दामों पर बेच रहे निजी विद्यालय संचालक। अभिभावकों से शिक्षा के नाम पर की जा रही लूट। यूं कह सकते हैं कि अब विद्यालय में सब कुछ बिकता हैं, अगर नहीं मिलता तो वह है गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ..३ अभिभावकों को शिक्षा को लेकर किसी बड़ी टेंशन से गुजरने से कम नहीं। इन्हे सताती है निजी स्कूल संचालकों द्वारा 10 तरह की शुल्क की बोझ की चिंता। निजी स्कूल संचालको द्वारा अभिभावकों के बच्चों को उज्जवल भविष्य के सपने दिन में दिखाकर अभिभावकों से मनमानी तरीके से भारी लूट का अंजाम दी जा रही हैं। यह वही लुटेरे हैं जो किसी हथियार के बल पर अभिभावको को नहीं लूटते, बल्कि बच्चों के उज्जवल भविष्य के सपने दिखाकर अभिभावकों को लूट रहे हैं। आए दिन विद्यालयों में डेवलपमेंट शुल्क, रीएडमिशन, ट्यूशन फीस, स्पेशल चार्ज, एग्जाम शुल्क, जैसे शुल्क के नाम पर अभिभावकों से रुपए की भारी लूट की जा रही है। शिक्षा अब कैसी सेवा रही जहां 10 तरह के शुल्क के नाम पर अभिभावकों से आए दिन लूट की जा रही है। लाचार अभिभावक भारी-भरकम शुल्क देने पर विवश है। भावनात्मक रूप से उज्जवल भविष्य के सपने दिखाकर यही निजी स्कूल संचालक लूटने में कोई कसर नहीं छोड़ते। डेवलपमेंट शुल्क से किसका होता है डेवलपमेंट बच्चों का या विद्यालय का बच्चों का या निजी विद्यालय संचालकों का अभिभावक के मन में यह एक बड़ी सवाल उभर कर सामने आ रही है। जिसका जवाब ना तो खुद अभिभावक के पास होता है, और ना ही निजी स्कूल संचालक के पास है। निजी स्कूल संचालक के द्वारा बच्चों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं परोसी जा रही। यहां तक की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए जो शिक्षक विद्यालय द्वारा नियुक्त किए जाते है। उनकी खुद की एजुकेशन जैसे- तैसे की होती है। जिन्हे कम पैसे में उन्हें रख कर विद्यालय अपना काम चलाती है जिन्हें यह तक पता नहीं होता कि किस महीने में कौन सी सिलेबस बच्चों को पढ़ना है कौन नहीं, अभिभावक अपने बच्चों का रिजल्ट कार्ड देख कर मायूस हो जाते हैं, तब फिर यही निजी स्कूल संचालक अपनी सारी दोष अभिभावक पर थोप कर पुनः एक बार इन्हें उज्जवल भविष्य के सपने दिखाते है। और अगले साल तक के लिए उन छात्र-छात्राओं को विद्यालय में रख लेते हैं और पूरा 1 साल चलता है फीस फीस का खेल।

## विश्व हिंदू परिषद् ने मनाया 60वां स्थापना दिवस




**निज संवाददाता** | सासाराम (रोहतास)

स्थानीय थाना अंतर्गत सोमवार को सरैया दुर्गा मंदीर प्रांगण में विश्व हिंदू परिषद् का 60 वां स्थापना दिवस मनाया गया। जिसमें समाज में विश्व हिंदू परिषद् के द्वारा चलाये जा रहे कार्यो पर चर्चा किया गया। बताते चलें की श्री कृष्ण जन्मास्टमी के शुभ अवसर पर 1964 में संदीपनि आश्रम मुंबई में हजारों संतों की उपस्थिति में विश्व हिंदू परिषद् की अस्थापना हुआ। था तब से लेकर आज तक समाज को एक सूत्र में जोड़ने के लिए हजारों रचनात्मक कार्य संगठन ने किया। इस अवसर पर केंद्रिये गौ रक्षा दल के सदस्य श्री मान त्रिलोकी नाथ बागी ने विस्तार से चर्चा किया। समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सभी वर्गों को एक मंच पर लाकर ऊंच नीच भेद भाव को मिटाते हुए सभी शमरस भाव से एक साथ रहें। इसके लिए संगठन हजारों प्रकल्प चलाया जा रहा है जिसका उदेश्य समाज को ससक्त बनाना है आज अपना समाज जतियों में बंट रहा है। जिसका दुस्प्रभाव भी समाज पर पड़ रहा है हमें एकजुट होकर अपने धर्म देश और अपने मान बिंदुओं की रक्षा करना चाहिए। जिसके लिए युवाओं को संगठन से जोड़कर संस्कारवान बनाना है। कार्यक्रम का संचालन उप मुखिया अमित कुमार गुप्ता ने किया।

## श्रद्धा भक्ति के साथ मनाई गई जन्माष्टमी, वैष्णव रखेंगे व्रत

**निज संवाददाता** | राजपुर (रोहतास)



प्रखंड अंतर्गत भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव सोमवार को श्रद्धा भक्ति व हर्षोल्लास के साथ क्षेत्र अन्तर्गत मनाया गया। जबकि भगवान विष्णु के विभिन्न अवतारों से जुड़े मंदिर व मठ वाले गांवों में जन्मोत्सव आज मंगलवार को मनाया जाएगा। इस अवसर पर सभी हिन्दु घरों में भगवान श्री कृष्णा के बाल रूप की प्रतिमा को आकर्षक तरीके से सजा-धजा कर तैयार कर आधी रात को जन्मोत्सव मनाया गया.जन्मोत्सव के पहले सभी घरों में पूजा पाठ व भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर सरकारी व निजी विद्यालय बंद रहे,बावजूद कुछ निजी संस्थानों में हैप्पी जन्माष्टमी के कार्यक्रमों का आयोजन हुआ.जहां छोटे-छोटे बच्चों ने राधा और कृष्ण के मनोहर प्रेम को सुंदरतम तरीके से प्रस्तुत किया। स्थानीय बजार स्थित ठाकुरबाडी में जन्माष्टमी उत्सव मनाने के लिए सुधांशु यादव, कृष्णा गुप्ता, अंकित यादव, ऋषु यादव, शनि वर्मा, बिरजू सिंह, अमन पटेल, रंजित गोस्वमी के नेतृत्व में रात में कृष्ण लिला का आयोजन हुआ। भगवान के व्रत मनाए जाने को लेकर क्षेत्र के वेद मर्मज्ञ पंडित अंजनी स्वामी, भगवान बरदराज मंदिर पकड़ी के महंत सूर्यकांताचार्य जी महाराज, जगन्नाथ मठ के महंत सुदर्शनाचार्य जी, बरना श्रीकृष्ण मंदिर के पुजारी कान्ताचार्य जी ने बताया कि भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी का त्यौहार गृहस्थ आश्रम से जुड़े लोगों के मना लिए जाने के उपरांत वैष्णो संप्रदाय से जुड़े लोग अगले दिन भगवान का जन्मोत्सव मनाते हैं।

## बैजनाथपुर गांव में छह दिनों तक मनती है जन्माष्टमी, घर- घर होता है ध्वजारोहण

**निज संवाददाता** | मेसकौर (नवादा)



नवादा जिले के मेसकौर प्रखंड अंतर्गत बैजनाथपुर गांव में जन्माष्टमी को लेकर एक बहुत ही सुंदर परंपरा दशकों से चलती आ रही है। यहां छह दिन तक जनमाष्टमी बड़े ही भक्तिभाव प परंपराओं के अनुसार जन्माष्टमी पर यहां गांव के सभी घरों में ध्वजारोहण किया जाता है। लोग बताते हैं कि रामनवमी के बजाय इस गांव में जन्माष्टमी के दिन ही ध्वजारोहण होता है। इन दिनों हर किसी के घर में लाल रंग का ध्वज देखा जा सकता है। ध्वजारोहण के दौरान शंख की ध्वनि से माहौल होता है गुंजायमान गांव के मंदिर में कृष्ण भगवान का जन्मोत्सव बड़ा हीं धूमधाम से मनाया जाता है। इस दौरान लोकगीत कलाकारों के द्वारा भक्ति संगीत से पूरा गांव हर्षित हो जाता है। ध्वजारोहन के दौरान शंख की ध्वनि से वातावरण गुंजायमान रहता है। गांव के बुजुर्ग परमेश्वरी प्रसाद सिंह एवं उमाशंकर प्रसाद सिंह बताते हैं कि कृष्ण जन्मोत्सव हमारे यहां सभी पर्वों से भी बड़ा पर्व माना गया है। गांव के बाहर रहने वाले लोग अन्य किसी पर्व में आएं या नहीं आएं, लेकिन कृष्ण जन्माष्टमी के दिन बाहर रह रहे लोग जरुर आते हैं। वहां भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव से लेकर छठी तक उत्सव ही उत्सव का माहौल रहता है। वंश वृद्धि के लिए पूर्वज आसाराम ने किया था ध्वजारोहण, जलालपुर से आकर बसे थे बैजनाथपुर गांव के बुजुर्ग ने बताया कि हमारे पूर्वज बाबू आशाराम जी गया जिले के टेकारी प्रखंड अंतर्गत जलालपुर गांव से आकर यहां बसे थें। वे श्रीकृष्ण के बहुत बड़े उपासक थे। उन्हीं के द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर पूजा अर्चना और ध्वजारोहण किया गया था। तभी ईश्वर की विशेष अनुकंपा से उन्हें वंश की वृद्धि हुई थी तब से बैजनाथपुर गांव में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े हीं धूम धाम से मनाया जाता है। बैजनाथपुर गांव निवासी के अनुसार अभी बैजनाथपुर गांव में बाबू आसाराम जी की 12वीं पीढ़ी चल रही है। बैजनाथपुर गांव निवासी परमेश्वरी सिंह, उमाशंकर सिंह, रामरतन सिंह आदि लोगों ने बताया कि बैजनाथपुर गांव में रामनवमी के दिन ध्वाजारोहण का कार्य नहीं होता है। यहां केवल श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर हीं हर हर मे ध्वाजारोहण का कार्य किया जाता है। बैजनाथपुर गांव में छः दिनों तक प्रसाद स्वरुप रोट बनाया जाता है। महिलाएं इसे बडे ही पवित्रभाव से तैयार करती है। छठियारी के बाद से यहां रोट नहीं बनाया जाता है। यहां के लोग अपने कुटुंब एवं रिश्तेदारों के यहां इस रोट रुपी प्रसाद को भेजते हैं। ग्रामीण महिला रंजु कुमारी एवं अर्चना कुमारी ने बताई कि छः दिनों तक प्रसाद रुपी रोट घरों में बनाया जाता है।

# लूटकांड में संलिप्त एवं 25000 के इनामी अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

निज संवाददाता | नवादा



जिले के पकरीबरावां थाना अंतर्गत जुगली रोड के समीप कुछ अज्ञात अपराधियों द्वारा एक व्यक्ति से 23000 रुपए नगद, मोटरसाइकिल तथा मोबाइल लूट लिया गया था। पुलिस ने घटना में शामिल मुख्य अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी गयी जानकारी के अनुसार इस संदर्भ में पकरीबरावां थाना कां संख्या 623/23 दिनांक 24-12-23 धारा 394 IPC दर्ज किया गया था। मामले को गंभीरता पूर्वक लेते हुए पुलिस अधीक्षक नवादा द्वारा पकरीबरावां थानाध्यक्ष के नेतृत्व में एक SIT गठित कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। अनुसंधान के क्रम में 07 अभियुक्त की संलिप्तता पाई गई। जिसमें 06 अभियुक्त की गिरफ्तारी पूर्व में ही हो चुकी है। शेष एक मात्र अभियुक्त विकाश कुमार उर्फ नोखा की गिरफ्तारी हेतु लगातार छापेमारी जारी थी। जिसपर नवादा पुलिस द्वारा 25000 रु० गिरफ्तारी हेतु इनाम घोषित किया गया था। सटीक आसूचना संकलन एवं तकनीकी अनुसंधान की मदद से थानाध्यक्ष के नेतृत्व में टीम द्वारा वांछित अभियुक्त को हरियाणा के पानीपत से गिरफ्तार कर पकरीबरावां थाना परिसर लाया गया। उल्लेखनीय है की अभियुक्त के विरुद्ध पूर्व में भी नवादा एवं जमुई जिला के विभिन्न थानों में लूट एवं आर्मस एक्ट के कई कांड दर्ज है। पूछताछ उपरांत इन्हें न्यायिक हिरासत भेजा जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्तों में विकाश कुमार उर्फ नोखा इसके ऊपर कौआकोल थाना कांड संख्या 727/23 दिनांक 23-12-23 धारा 392 IPC (वांछित)। जमुई जिला चकाय थाना कांड संख्या 55/24 दिनांक 24-03-24 धारा 394 IPC (वांछित)। चंद्रदीप थाना कांड संख्या 98/24 दिनांक 24-05-23 धारा 392 IPC एवं 27 आर्मस एक्ट। सिकंदरा थाना कांड संख्या 158/23 दिनांक 25-05-23 धारा 400/411/414/34 IPC एवं 25(1-b)/26/35 आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज है।

## नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय छात्रावास में मनी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

प्रखण्ड अंतर्गत हरदिया पंचायत के चिरैला स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय छात्रावास में बहुत ही धूमधाम से भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान पूर्व संचालक राजीव कुमार, छात्रावास प्रबंधक ओम प्रकाश आर्य, शिक्षक अमृत रंजन, राजन कुमार, सुनील कुमार एवं रात्री प्रहरी रविंद्र कुमार भी मौजूद रहे। शिक्षक अमृत रंजन ने छात्रों को श्रीकृष्ण जन्म के प्रसंग के बारे में बताया कि जब-जब धरा पर अत्याचार, दुराचार, पापाचार बढ़ता है, तब-तब प्रभु का अवतार होता है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश जनपद के मथुरा में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म भाद्रपद मास में कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि, रोहिणी नक्षत्र के दिन रात्री के 12 बजे कारागृह हुआ था। वसुदेव के पुत्र को देवकी ने जन्म दिया एवं नंद और यशोदा मैया ने पाला। इसी से एक भावपूर्ण भजन- नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की। हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की आनंद उमंग भयो जय कन्हैया लाल की, नंद के आनंद भयो जय यशोदा लाल की, आनंद उमंग भयो जय कन्हैया लाल की, नंद के आनंद भयो जय यशोदा लाल की... श्रीकृष्ण अपनी लीला को लेकर बहुत ही प्रसिद्ध है, उनकी इन्हीं लीलाओं में बाल लीला सबसे प्रसिद्ध है। कृष्ण काव्य में सुकवि सूरदास ने बड़ी ही मार्मिक चित्रण किया है। श्रीकृष्ण के बाल लीलाओं में माखन चोरी प्रसिद्ध है। 'बाल बिनोद मोद मन मोह्यो भक्ति प्राप दिखायो। सूरदास जसुमति को यह सुख सिव बिरंचि नहिं पायो।

## नवादा-बिहारशरीफ के बीच 10 अरब 7 करोड़ से बनेगी लंबी रेल लाइन

» नवादा से बिहारशरीफ तक करीब 36 किलोमीटर और बिहारशरीफ से पटना तक 79 किलोमीटर यानी कुल 110 किलोमीटर की दूरी ट्रेन से दो से ढाई घंटे में पूरी हो जाएगी।

निज संवाददाता | नवादा

नवादा से सीधे बिहारशरीफ, पटना का रेल सफर का जल्द साकार होने की संभावना है। नवादा से सीधे पटना तक ट्रेन की सवारी करने का सपना संजोए लाखों जिलेवासियों का सपना कब पूरा होगा यह कहना मुश्किल था लेकिन उम्मीदें एकबार फिर से जिंदा हुई है। दानापुर रेलमंडल द्वारा कराए गए सर्वक्षण के अनुसार नवादा से बिहार शरीफ तक रेललाइन बिछाने के लिए करीब 10 अरब 7 करोड़ 58 लाख रुपए खर्च होने का अनुमान है। रेलखंड निर्माण हो जाने के बाद नवादा सूबे की राजधानी पटना से सीधे ट्रेन लाइन से जुड़ जाएगी। अभी नवादा से ट्रेन के माध्यम से पटना जाने के लिए किऊल या गया होकर जाना पड़ता है और करीब 205 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। नवादा से बिहारशरीफ के बीच रेललाइन बन जाने के बाद यह दूरी आधी हो जाएगी और नवादा से पटना जाने के लिए महज 1 10 किलोमीटर का सफर रह जाएगा। पिछले कई दशकों से नवादा से बिहार शरीफ के बीच रेल लाइन बिछाने की मांग की जा रही है। अब यह मांग पूरी होती दिख रही है। पटना से नवादा तक डायरेक्ट रेल कनेक्टिविटी होने के बाद नवादा के आमजन पटना के और करीब हो जाएंगे। नवादा से बिहारशरीफ तक करीब 36 किलोमीटर और बिहारशरीफ से पटना तक 79 किलोमीटर यानी कुल 110 किलोमीटर की दूरी ट्रेन से दो से ढाई घंटे में पूरी हो जाएगी। नवादा और बिहारशरीफ रेलवे स्टेशन के बीच चार ठहराव स्थल को चिह्नित किया गया है। नवादा के बाद समाय और आदमपुर गांव में हॉल्ट या स्टेशन बनाया जाएगा। नालंदा जिले की सीमा में प्रभु बिगहा और पावापुरी में स्टेशन संभावित है। इस दौरान कई नदी नाले को पार करने के लिए 46 छोटे और 2 बड़े पुल बनाए जाएंगे। रास्ते में पड़ने वाली सड़कों को पार करने के लिए आरोबी क्रॉसिंग और कुछ अंडर पास बनाए जाएंगे।

# विधायक ने किया 'आपका विधायक आपके द्वार' कार्यक्रम का शुभारंभ

निज संवाददाता | नवादा

नवादा विधानसभा क्षेत्र के विधायक विभा देवी ने आज अपने क्षेत्र में' आपका विधायक आपके द्वार' कार्यक्रम का आगाज नारदीगंज प्रखण्ड के कोशला पंचायत अंतर्गत वभनौली गांव से किया। विधायक ने पंचायत के वभनौली, कोशला और फतेहपुर गांव का सघन दौरा कर ग्रामीणों से विचार विमर्श किया और जनोपयोगी विकास योजनाओं को चिन्हित किया। इसी क्रम में ग्रामीणों की शिकायत पर बिजली ट्रांसफॉर्मर, आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा आदि से संबंधित मांगों का संज्ञान लेते हुए विभागीय पत्राचार एवं टेलीफोन वार्ता प्रारंभ किया। खासकर भूमिहीनों को जमीन और आवासीय सुविधा, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, नाली गली सोलिंग आदि के कई मामले सामने आये जिनके निपटारे हेतु आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन लाभुकों को दिया। इस संबंध में विधायक ने विभागीय अधिकारीयों से टेलीफोन पर वार्ता कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। विधायक विभा देवी ने बताया कि क्षेत्र में लगातार गांवों का दौरा कर वहां विकास योजनाओं को चिन्हित किया जायगा और विधायक मद् समेत अन्य स्रोतों से आवंटन करवाकर जनाकांक्षाओं की पूर्ति की जायगी। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष पुष्पा कुमारी ने भी क्षेत्र के विकास के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। काफिले के साथ शम्भु मालाकार, छोटे यादव, बुलेटन सिंह समेत नारदीगंज प्रखण्ड के कई सामाजिक कार्यकर्ता शामिल रहे जबकि जिला मुख्यालय से अनिल प्रसाद सिंह, सुरेन्द्र यादव, विवेक कुमार, अजय यादव, मनोज यादव, शकल, झमन मुखिया आदि नेताओं ने शिरकत किया।

## बीडीओ ने किया बीएलओ के साथ बैठक

**नरहट (नवादा) (नि.सं.)।** सोमवार को प्रखण्ड सभागार में बीडीओ बैजु कुमार मिश्रा ने सभी बीएलओ के साथ एक आवश्यक बैठक किया। बैठक में उपस्थित बीएलओ को मतदाता सूची में सुधार के लिए कई जरूरी दिशा निर्देश दिया। बीडीओ ने उपस्थित सभी बीएलओ को निर्देश दिया कि मतदाताओं को घर घर जाकर भौतिक सत्यापन करें। सत्यापन के दौरान मृत वोटरों का नाम सूची से हटाने एवं दूसरे जगहों पर शिफ्ट होने वाले वोटरों का नाम विलोपित करने का निर्देश दिया। सभी बीएलओ को मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने के साथ साथ गड़बड़ी में सुधार करने और मिसमैच फोटो का मिलान कर सुधार का निर्देश दिया गया। इस मौके पर दर्जनों बीएलओ मौजूद थे।

## हर्षोल्लास से मनाया गया कृष्ण जन्मोत्सव

निज संवाददाता | नवादा




आर.पी.एस.कॉन्वेंट पब्लिक स्कूल, नवादा के तत्त्वाधान में, आर.एल.पैलेस में, कृष्ण जन्मोत्सव (जन्माष्टमी)धूमधाम से मनाया गया। बतौर मुख्य अतिथि प्रधानाचार्या मौसमी मुखर्जी एवं आरती मैम ने भगवान कृष्ण के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर, उनका आशीर्वाद ली। उपस्थित जनमानस को शुभकामनाएं देते हुए, प्रधानाचार्या ने कृष्ण के सिद्धांतो पर चलने का उनसे आग्रह भी किया। छात्र-छात्राओं ने भक्ति भावना से ओत प्रोत एक से बढ़कर एक मनमोहक, रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। छोटे छोटे बच्चों ने अपने नृत्य और गीत से उपस्थित लोगों को भाव विभोर और मंत्र मुग्ध कर दिया। विद्यालय के उप प्रधानाचार्य कौशिक हलदर ने उपस्थित लोगों को कृष्ण जन्मोत्सव की शुभ कामनाएं देते हुए बताया कि श्रीमद् भगवदगीता हमे धर्म के साथ साथ कर्म करने की प्रेरणा देती है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को श्रीमद् भगवद गीता का नियमित रूप से अध्ययन अवश्य करना चाहिए। जन्माष्टमी के इस महापर्व में निदेशक इंजीनियर रंजय कुमार, रामरूप प्रसाद, मनीष कुमार, चंदन, साकेत रंजन, विशाल, अभिलाषा, रीना, गौरी, नीलकमल, अंकित, राहुल, रंजीत आदि शिक्षकगण एवं विद्यार्थीगणो ने अपनी अपनी सहभागिता सुनिश्चित की।

# सदस्यता अभियान को लेकर बीजेपी का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

निज संवाददाता | कौआकोल (नवादा)



प्रखण्ड के दुर्गामण्डप परिसर अवस्थित सामुदायिक भवन में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के पूर्वी मण्डल के कार्यकर्ताओं का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की शुरुआत भाजपा के संस्थापक सदस्य श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं द्वीप प्रज्वलित कर किया गया गया। कार्यशाला में 1 सितम्बर से शुरू हो रहे भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान की सफलता को लेकर कार्यकर्ताओं को टिप्स दिए गए। कार्यशाला में जिला सदस्यता प्रभारी अरविंद कुमार गुप्ता ने अधिक से अधिक संख्या में लोगों से बीजेपी से जुड़ने का आह्वान किया। बीजेपी पूर्वी मण्डल के अध्यक्ष अजित कुमार वर्मा,उपाध्यक्ष ज्योतिष कुमार, जिला पार्षद अजित यादव आदि ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में आज भारतीय जनता पार्टी देश ही नहीं बल्कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है। उन्होंने पीएम मोदी के विकास कार्यों एवं भाजपा की नीतियों में विश्वास रखने वाले लोगों से अधिक से अधिक संख्या में जुड़ने की अपील की। बैठक में बताया गया कि प्रत्येक बूथ से कम से कम 200 लोगों को ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से बीजेपी का सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। मौके पर पूर्व मण्डल अध्यक्ष अमित कुमार, मुन्ना शर्मा,गीता देवी,विजय साव, दिलीप कुमार, अंकित विश्वकर्मा, बालमुकुंद सिंह, सुधीर आदि मौजूद रहे। इसके पूर्व पूर्वी मण्डल के उपाध्यक्ष ज्योतिष कुमार के द्वारा सभी आगत अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

## मारपीट व गोलीबारी की घटना में दर्ज हुई प्राथमिकी

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के नारदीगंज बाजार में रविवार को दोपहर के बाद शगुन पलाई एंड पेंट महल नामक दुकान में दुकानदार के साथ मारपीट, लुटपाट एवं गोलीबारी की घटना हुई थी। इस घटना में पांच लोगों को नामजद व दस पंद्रह अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज हुआ है। यह जानकारी थानाध्यक्ष राजगृह प्रसाद ने दिया। उन्होंने कहा दुकानदार ऋषि कुमार उर्फ राजीव कुमार ने नारदीगंज थाना क्षेत्र के फल्दु निवास नीतीश कुमार, बारियो निवासी सुभाष कुमार, दलेलपुर निवासी विक्रम कुमार, पंडपा दरियापुर निवासी कौशल यादव, फल्दु निवासी टूटू यादव समेत 10 /15 अज्ञात को आरोपित किया गया है। जिसका कांड संख्या 286/24 है। मामला दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। आरोपियों के द्वारा गाली गलौच, मारपीट, गोलीबारी और लूटपाट की घटना का अंजाम दिया गया था।

# आहार में डूबने से बालक की हुई मौत

निज संवाददाता | नरहट (नवादा)



प्रखण्ड के राधेबिगहा गांव में एक दुखद घटना घटित हो गई है। सोमबार सुबह गांव के दो मुहियां आहार में स्नान करने गए दो बच्चों में एक कि डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान मिथलेश राजवंशी के 10 वर्षीय पुत्र मनीष कुमार के रूप में की गई है। मौत की जानकारी के बाद गांव में मातम पसर गया है। स्वजनों के रोने विलखने से पूरा माहौल गमगीन हो गया है। बताया जाता है कि दो बच्चे गांव से आहार में नहाने के लिए गए थे। नहाने के क्रम में अधिक पानी में चले जाने के कारण एक बच्चे की डूबने से मौत हो गई। मनीष को डूबते देख बाहर रहे दूसरे बच्चों ने हल्ला किया तो लोग जुटे और बच्चा को बाहर निकाला। तब तक बहुत देर हो चुकी थी, डूबने से बच्चे की मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी के बाद घटना स्थल पर दल बल के साथ पहुचें एसआई श्याम कुमार पांडेय ने बताया कि आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवादा भेजा जा रहा है। आपको बता दें कि लगभग दो माह पूर्व देवरा गांव के दो बच्चों की नदी में डूबने से मौत हो गयी थी। यह दोनों बच्चे भी नदी में नहाने गए थे। जागरण की ओर से ग्रामीणों से अपील है कि अपने अपने बच्चों को आहार, पोखर, नदी से अपने अपने बच्चों को दूर रखें। बच्चों को स्नान करने के लिए आहार नदी में नही भेजें इस बात का ध्यान रखें। आहार, नदी में अधिक मात्रा में पानी भरा होने से इस तरह के हादसा होने का खतरा रहता है। घटना की जानकारी के साथ उपमुखिया अमिताभ कुमार मृतक के स्वजनों से मिलकर सान्तवना दिया। घटना पर गहरा दुख जताया। गांव के लोगों से अपने बच्चों को आहार, पोखर, नदी से दूर रखने की सलाह दिया। उन्होंने कहा कि बरसात में आहार, पोखर में अधिक पानी भर जाने से लोगों को डूबने का खतरा रहता है इससे सतर्क रहना चाहिए। आहार में डूबने से 10 वर्षीय बालक की मौत पर बीडीओ बैजु कुमार मिश्रा ने दुख जताया। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट, एफआईआर की कॉपी और प्रसासनिक जांच रिपोर्ट के बाद मृतक के स्वजनों को आपदा प्रबंधन से मिलने वाली मुवावजा का भुगतान किया जाएगा।

# सदस्यता अभियान हमारी पार्टी के लिये एक पर्व के रूप में मनाया जाता है : गगन

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)




प्रखंड क्षेत्र के बजरंगबली चौक स्थित भाजपा कार्यालय में मंडल अध्यक्ष गौरव शांडिल्य गगन की अध्यक्षता में भाजपा परिवार साथ सदस्यता अभियान के निमित्त एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। मंडल अध्यक्ष गौरव शांडिल्य गगन ने बताया कि हमारी पार्टी प्रत्येक छः वर्षों पर सदस्यता अभियान चलाती है। इसी क्रम में आगामी 1 अक्टूबर से सदस्यता अभियान की शुरूआत देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। नरेन्द्र मोदी का सदस्यता ग्रहण करने के साथ ही विधिवत रूप से सदस्यता शुरू हो जायेगा। भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बनने के पार्टी की ओर से मिस्ड कॉल नंबर-8800002024, नमो एप एवं वेबसाइट, QR कोड के माध्यम से सदस्यता प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही यदि आपके पास स्मार्ट फोन नहीं है,तो किसी भाजपा कार्यकर्ता के या अपने किसी मित्र के स्मार्ट फोन पर मिस्ड कॉल के बाद आये लिंक पर जानकारी भर के सदस्यता ले। ऑफलाइन भी पेपर फार्म पर जानकारी देकर पार्टी का सदस्य बन सकते है। मंडल प्रभारी सह जिला उपाध्यक्ष नरेश वर्मा, वरिष्ठ नेता संजय कुमार अधिवक्ता, जिला कार्यसमिति सदस्य रंजन कुमार बब्लू ने विस्तृत रूप से सदस्यता अभियान के विषय कार्यकर्ताओं को टिप्स दिया। मंडल अध्यक्ष ने बताया कि इसी निमित्त पार्टी द्वारा सदस्यता टीम बनाने का निर्देश दिया गया। इसी क्रम में मंडल रजौली में सदस्यता प्रभारी अमन कुमार, सदस्यता सह प्रभारी सुनील कुमार, सदस्यता सह प्रभारी रेखा देवी को बनाया गया। मंडल प्रभारी नरेश वर्मा, सदस्यता प्रभारी अमन कुमार सह प्रभारी सुनील कुमार, रेखा देवी को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। हमारी पार्टी का लक्ष्य पूरा देश में 10 करोड़ से अधिक सदस्य बनाने का लक्ष्य है। प्रत्येक मंडल में 10 हजार से अधिक सदस्य एवं प्रत्येक बूथ पर 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य है। रजौली मंडल में पार्टी द्वारा निर्धारित लक्ष्य से ऊपर सभी परिवार मिलकर तन्मयता के साथ सदस्यता अभियान को अंतिम रूप देने का काम करेंगे। मंडल अध्यक्ष गौरव शांडिल्य गगन ने बताया कि हमारी पार्टी नवंबर 2014 में सदस्यता अभियान का शुरूआत करते हुए अप्रैल 2015 तक 11 करोड़ से अधिक सदस्यों के साथ विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी। 2019 में भी फिर एक बार 6 जुलाई से 20 अगस्त तक 2.2 करोड़ के लक्ष्य से अधिक प्रदर्शन कर 7 करोड़ नये सदस्य बनाये। 2014 में पार्टी द्वारा पहली बार ऑनलाइन सदस्यता अभियान का आयोजन किया गया। पार्टी के लिये सदस्यता अभियान केवल एक जनसंपर्क अभियान नहीं है, इस अभियान ने अधिक से अधिक लोगों को पार्टी की विचारधारा से जोड़ा है। इसी प्रकार से पार्टी को 2014 और 2019 में प्रचंड विजय प्राप्त हुई, साथ ही, इसके माध्यम से ही आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ा लोकतांत्रिक दल बन पाया।मंडल अध्यक्ष गगन ने बताया कि हमारे श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने कहा है कि आज का विरोधी कल हमारा मतदाता बने। कल का मतदाता परसों हमारा सदस्य और परसों का सदस्य हमारा सक्रिय कार्यकर्ता बने।इस मौके पर वरिष्ठ नेता संजय कुमार अधिवक्ता, जिला कार्यसमिति सदस्य रंजन कुमार बब्लू, मुख्य पार्षद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार, मंडल महामंत्री संतोष कुमार वर्मा, अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष विमल राजवंशी, प्रोफेसर सुरेन्द्र चौधरी, संजय कुमार बंटी, पवन पांडेय, राहुल पांडेय, संदीप कुमार, शंभू सिंह, देवेन्द्र प्रसाद दीवान, दिलीप कुमार द्वीप, मंडल उपाध्यक्ष धनंजय कुमार धन्नू, मनोज बरहपूरिया, वीरेन्द्र प्रसाद, मनीष कुमार, मुन्ना सिंह, नवीन कंधवे, शंपू सिंह, भूषण सिंह, दीपक कुमार दीपू,विनोद आर्या, विकास कुमार प्रभाकर, दिलीप चौधरी, रंजेश कुमार, राजेश सिंह, रामभजन प्रसाद, सीताराम प्रसाद, धर्मेन्द्र कुमार, ललन कुमार दिनकर, गप्पू सिंह, नीरज कुमार बंटी समेत सैकड़ों भाजपा परिवार उपस्थित थे।

## कीटनाशक खाने से युवक की स्थिति चिंताजनक

**नवादा (नि.सं.)।** रेफर रजौली थाना क्षेत्र के नगर पंचायत के डाक बंगला चौराहा के समीप एक युवक के द्वारा कीटनाशक खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त करने का मामला सामने आया है। कीटनाशक खाने के बाद युवक की तबीयत बिगड़ने लगी, इसके बाद आनन-फानन में परिजनों ने अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. धीरेंद्र कुमार ने प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए नवादा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। साथ ही उन्होंने बताया कि कीटनाशक का सेवन करने से युवक की तबीयत काफी बिगड़ गई है। जिसे बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर भेज दिया गया है। कीटनाशक खाए युवक की पहचान रजौली नगर पंचायत के डाक बंगला निवासी अनिल मालाकार के पुत्र मंटू कुमार के रूप में की गई है। मिली जानकारी के अनुसार युवक का किसी लड़की के साथ प्रेम-प्रसंग था और उससे शादी करना चाहता था। शादी की बात युवक के घर वाले को मंजूर नहीं था। युवक - प्रेम विवाह के लिए अपने परिजन पर लगातारबदबाव बना रहा था। युवक द्वारा प्रेम विवाह की बात को परिजनों ने मानने से इंकार कर दिया। जिससे परेशान युवक ने कीटनाशक खाकर अपने जीवन लीला समाप्त करने का प्रयास किया।

## श्रद्धाभाव से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

निज संवाददाता | नारदीगंज (नवादा)



प्रखंड के विभिन्न गांवों में स्थित राधा कृष्ण ठाकुरबाड़ी में सोमवार की रात में भक्तिभाव से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाया गया। इस अवसर पर ओड़ो, नारदीगंज बाजार, जफरा, यदुपुर, हरनारायणपुर गांव स्थित गढ़पर ठाकुरबाड़ी समेत अन्य गांवों में स्थित राधा कृष्ण ठाकुरबाड़ी में श्रदाभाव से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी हुआ। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण व राधा की प्रतिमा को भव्य तरीके से सजाया। उसके बाद रात को राधा कृष्ण को पालने पर भक्तिभाव से झूला पर झुलाया, और पूजा अर्चना की। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भजन कीर्तन कर आत्मविभोर हो गये।इस तरह भजन कीर्तन होने से सारा वातावरण भक्तिमय हो गया। हरे कृष्ण, हरे कृष्ण, राधा कृष्ण के जयकारे से वातावरण भक्तिमय होता रहा। इधर, भगवान इंद्रदेव भी प्रसन्न होकर झमाझम वर्षा की, जिससे वातावरण खुशनुमा हो गया। इस मौके पर कई श्रद्धालुओं ने फलहारी व्रत को रखकर मन्नतें मांगी। वैष्णव सम्प्रदाय के कई लोगों ने मंगलवार को श्रद्धाभाव से जन्माष्टमी मनाएगें।

## वीपीएस स्कुल में धूम-धाम से मनाई गयी जन्माष्टमी



**नवादा (नि.सं.)।** वीपीएस पब्लिक स्कूल सह वीपीएस किड्स जोन राम नगर नवादा में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व बहुत ही ज्यादा धूम धाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुवात श्री कृष्ण और राधा की आरती से हुई जिसे सबसे पहले विद्यालय के निदेशक पंकज कुमार के द्वारा किया गया, बाद में उस आरती कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य मनोरंजन कुमार सिन्हा तथा उप प्राचार्य सारिका भगत ने हिस्सा लिया। उसके बाद बारी बारी से विद्यालय के सारे शिक्षक यथा शिव शंकर, रवि, रवि शंकर, बिनोद, विश्वास, पुष्पा, अंकिता, सुनीला, सोनाली, पम्मी, जूही, नूतन, पूजा, समृद्धि, आरती, सिमरन, इत्यादि तथा सैंकड़ों की तादाद में आए अभिभावकों ने भी भाग लिया। इस कार्यक्रम की सबसे बड़ी बात राधा कृष्ण की झांकी थी। साथ ही साथ छोटे छोटे बाल गोपालों के द्वारा किए गए मनमोहक प्रस्तुति जैसे राधा कृष्ण संवाद, राधा कैसे न जले, तू कृष्णा है जैसे कार्यक्रम ने आए हुए सभी अभिभावकों को मंत्र-मुग्ध कर दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### दो बाइकों की भिड़त में युवक की मौत, तीन घायल

**कोईलवर।** चांदी थाना क्षेत्र के गोपालपुर पोखरा के पास दो बाइक की आमने-सामने की टक्कर में एक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। जबकि तीन घायल हो गये। घायलों को इलाज हेतु सदर अस्पताल लाया गया। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के गोपालपुर निवासी 32 वर्षीय मृत्युंजय कुमार के रूप में की गई है जो नागेंद्र कुमार सिंह का पुत्र था। वह पेशे से शिक्षक था। वहीं घायलों में गिरधारी चौहान व पिंटू चौहान है जो आपस में चचेरा भाई है। दोनों थाना क्षेत्र के रतनपुर( भगवत पुर ) का निवासी हैं। दोनों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। वहीं मृतक के साथ बाइक पर सवार एक बच्ची घायल है जिसका इलाज रूप चकिया में अवस्थित एक निजी क्लिनिक में कराया जा रहा है। जिसका नाम अंकिता कुमारी है जो साधु सरण यादव कि 15 वर्षीय पुत्री है।

### दो बाइकों की भिड़त में युवक की मौत, तीन घायल

**कोईलवर।** चांदी थाना क्षेत्र के गोपालपुर पोखरा के पास दो बाइक की आमने-सामने की टक्कर में एक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। जबकि तीन घायल हो गये। घायलों को इलाज हेतु सदर अस्पताल लाया गया। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के गोपालपुर निवासी 32 वर्षीय मृत्युंजय कुमार के रूप में की गई है जो नागेंद्र कुमार सिंह का पुत्र था। वह पेशे से शिक्षक था। वहीं घायलों में गिरधारी चौहान व पिंटू चौहान है जो आपस में चचेरा भाई है। दोनों थाना क्षेत्र के रतनपुर( भगवत पुर ) का निवासी हैं। दोनों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। वहीं मृतक के साथ बाइक पर सवार एक बच्ची घायल है जिसका इलाज रूप चकिया में अवस्थित एक निजी क्लिनिक में कराया जा रहा है। जिसका नाम अंकिता कुमारी है जो साधु सरण यादव कि 15 वर्षीय पुत्री है।

### कुश्ती में भोजपुर के राधा, अर्चना व अनुपम करेंगे देश का प्रतिनिधित्व

**आरा।** कॉम्बैट साउथ एशिया चैंपियनशिप कुश्ती में भोजपुर जिले की राधा, अर्चना व अनुपम अपने देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। इससे भोजपुर जिले क खेल प्रेमियों में खुशी का माहौल है। यह चैम्पियनशिप नेपाल के काठमांडू में आगामी 30 अगस्त से 1 सितंबर तक होगा। इस प्रतियोगिता में भारत समेत 8 देशों के महिला-पुरुष पहलवान भाग लेंगे। बिहार के 37 पहलवान इसमें अपना दमखम दिखाएंगे। इसमें 8 महिला व 29 पुरुष पहलवान है। इसकी जानकारी देते हुए संघ के प्रदेश सचिव व वेट लिफ्टिंग की गोल्ड मेडलिस्ट दिपालीनंदी ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए टीम 29 सितंबर को नेपाल के काठमांडू के लिए रवाना होगी। प्रतियोगिता में भारत के अलावा पाकिस्तान, उज्बेकिस्तान, अफगानिस्तान, काजिस्थान, श्रीलंका व नेपाल समेत आठ देश भाग लेंगे। बताया जाता है कि उड़ीसा के पूरी में 4- 7 अप्रैल तक संपन्न प्रथम कॉम्बैट सीनियर और जूनियर- सब जूनियर महिला- पुरुष नेशनल कुश्ती चैंपियनशिप में भोजपुर के तीन पहलवानों ने मेडल जीतकर इस प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए थे। जिले की राधा पहलवान 69 किलोग्राम भार वर्ग में, अर्चना 57 किलोग्राम भार वर्ग में और अनुपम 86 किलोग्राम भार वर्ग में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। डाक कर्मी मूंजी पहलवान का भी चयन, 70 किलोग्राम भारवर्ग में देश का करेंगे प्रतिनिधित्व इस प्रतियोगिता के लिए जिले के आरा कचहरी डाक घर में कार्यरत कर्मी व बक्सर जिले के अतिमी निवासी मूंजी पासवान पहलवान का भी चयन किया गया है। ये 70 किलोग्राम भारवर्ग में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। भोजपुर जिले की राधा, अर्चना व अनुपम पहलवान ने उड़ीसा के पूरी में संपन्न प्रथम कॉम्बैट नेशनल कुश्ती चैंपियनशिप प्रतियोगिता में पहली बार में ही भाग लेकर मेडल जीता है। इसमें आरा शहर के श्री टोला की राधा ने गोल्ड और कोईलवर के कायमनगर की सहोदर भाई- बहन अर्चना व अनुपम ने सिल्वर मेडल जीता। देश और राज्य समेत भोजपुर जिले के लिए यह खुशी की बात है। नेपाल के काठमांडू में 30 अगस्त से 1 सितंबर तक आयोजित कॉम्बैट साउथ एशिया चैंपियनशिप कुश्ती में भोजपुर की राधा, अर्चना व अनुपम और डाक कर्मी मूंजी पासवान पहलवान को अपने देश के लिए मेडल जीतने की अग्रिम शुभकामनाएं है। -राजकुमार, डीएम, भोजपुर

### 40 लीटर महुआ शराब के साथ गिरफ्तार

**कोईलवर।** चांदी थाना क्षेत्र में अवैध शराब तस्करी के खिलाफ चलाये जा रहे विशेष अभियान के दौरान रविवार को पुलिस ने 40 लीटर महुआ शराब जब्त की है व धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई बहियारा सोन नदी के समीप किया है। गिरफ्तार धंधेबाज थाना क्षेत्र के फरहंगपुर निवासी महेश चौधरी है।

### दुष्कर्म की घटनाएं बढ़ना सामाजिक चिंता : बलिराज

**आरा।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सह वीकेएसयू के सीनेट सदस्य प्रो बलिराज ठाकुर ने देश के कई भागो में रेप, गैंगरेप और मर्डर की घटनाओं पर चिंता व्यक्त् किया है। प्रेस विज्ञप्ति में उन्होंने कहा कि तथाकथित अमृत काल के शुरुआती दौर में दुष्कर्म की जो घटनाएं और दुर्घटनाएं घट रही हैं। उससे मानवता शर्मसार हो रही है। समाज शर्मसार हो रहा है। ज्यादे शर्मसार तो राजनीति करने वाले तथाकथित राजनेता होते हैं, लेकिन उनका शर्म दिखावटी होता है। अभी हाल में 15 अगस्त समारोह संपन्न हुआ है। लाल किला के प्राचीर से अमृत काल का विजन परोसा गया है,और वह विजन जनता के गले में ही अटक गया। समाज का घाव गहरा हो कर फैलता जा रहा है। केवल कैंडिल जलाने से यह अंधकार दूर होने वाला नहीं है। पुलिस और न्यायालय तो बाद में आएंगे और गहरी छानबीन तथा गहरी बहस होगी।

### सिपाही परीक्षा में नकल करते 6 गिरफ्तार

**आरा।** सिपाही भर्ती परीक्षा में नकल करते रोहतास के दो छात्र को स्कूल प्रशासन ने पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। गिरफ्तार दोनों छात्रों में विकास कुमार और बबन सिंह है जो रोहतास जिले का रहने वाला है। मुफस्सिल थानाध्यक्ष ने बताया की मुफस्सिल थाना क्षेत्र के आरवीएस पब्लिक स्कूल संदिया में सिपाही भर्ती परीक्षा का सेंटर था। उसी परीक्षा में रोहतास जिले के दो छात्र परीक्षा देने के क्रम में आपस में ताक - झाक कर रहे थे। जिसे परीक्षा ड्यूटी में तैनात कर्मियों ने दोनों छात्रों को पकड़ कर परीक्षा हॉल से बाहर निकाल कर पुलिस को सूचना दिया।

### खेत में मिला युवक का शव, गले पर तेज धारदार हथियार से वार करने के मिले निशान

**बक्सर।** बक्सर के तियारा में सोमवार को एक युवक का शव बरामद किया गया। लाश खेत में बने एक गड्ढे में पड़ी थी। सुबह खेत की तरफ जा रहे किसानों को जब बदबू आई तो उन्होंने लाश को गड्ढे में देखा। युवक दो दिनों से लापता था। उसकी गर्दन पर तेज धारदार हथियार से वार का निशान मिला है। युवक की पहचान राजपुर थाना क्षेत्र के तियरा गांव के निवासी राधेश्याम सिंह के 20 वर्षीय पुत्र अंकित कुमार के रूप में की गई। परिजनों ने बताया कि वो बाहर किसी कंपनी में काम करता था। 10 दिनों पहले ही छुट्टी लेकर आया था। आशंका जताई जा रही है कि युवक की हत्या प्रेम प्रसंग में की गई होगी। थाना अध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि शव देखने से लग रहा है कि युवक की हत्या गला रेतकर की गई है। इसके अलावा कई अन्य बिंदुओं पर भी जांच की जा रही है। 24 अगस्त को मृतक के पिता राधे श्याम द्वारा बेटे के गायब होने की सूचना दी गई थी।



# भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में गोलीबारी, 4 जख्मी

## बक्सर में 8 बीघे जमीन का पुराना विवाद

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर जिला के चक्की ओपी थाना क्षेत्र के चुन्नी डेरा गांव में भूमि विवाद के मामले में दो पक्षों के बीच मारपीट के बाद हुई गोलीबारी से इलाके में दहशत का माहौल है। गोलीबारी में चार लोग घायल हो गए हैं। घायलों को आनन-फानन में स्थानीय अस्पताल उसके बाद सदर अस्पताल में भेजा गया। सभी का इलाज जारी है। उधर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन हथियार और इस्तेमाल किए गए कारतूस बरामद किए हैं। घटना को लेकर आगे की जांच शुरु कर दी गई है।



**पुराने जमीनी विवाद को लेकर लड़ाई:** सदर अस्पताल में पहुंचे गोली से जख्मी कमलेश सिंह ने बताया कि स्थानीय निवासी उनके पड़ोसी सुगन सिंह आदि से उनका पुराना जमीनी विवाद है। कई बार थाना में आयोजित जनता दरबार मे अंचलाधिकारी से भी बात की गई लेकिन कोई हल नहीं निकला। मामला कोर्ट में था। आज फिर सुबह-सुबह खेत जोतने के लिए विपक्षी तीन ट्रैक्टर लेकर पहुंचा। हमलोग भी डंडा भला लेकर पहुंचे।विवाद में दूसरे पक्ष के लोग हथियार लाठी-डंडे व हथियार से लैस होकर आ गए। हमलोग भी लाठी डंडे से लैस होकर मुकाबले के लिए गए। इसी बीच सुगन सिंह, तारकेश्वर सिंह, प्रदीप सिंह और ललन सिंह मिलकर गोलीबारी करने लगे। जिसमे हमारे तरफ के चार लोग जख्मी हो गए। जिसमें उनके बड़े भाई सत्यनारायण सिंह, भतीजे अर्जुन और मुकेश सिंह घायल हो गए हैं। घटना की सूचना पुलिस को दी गई लेकिन पुलिस अब तक मौके पर नहीं पहुंची थी। आगे कहा कि हमलोग जब इलाज कराने के लिए पहुंचे तभी घर में हथियार फेक फसाने का प्रयास किया गया है। इस संबंध की जनकरी देते डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई। पहुंचकर मामले की जांच की गई। घटना स्थल से तीन हथियार, इस्तेमाल किए गए कई बिखरे कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस उसे जब्त कर आगे की करवाई में जुट गई है।

# सड़क पर जलजमाव को लेकर धरने पर बैठे युवक




निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर जिले के डुमरांव शहर स्वयं शक्ति के युवा नेशनल हाईवे 120 की बदहाली और सड़क पर हो रहे जल जमाव के विरोध में धरने पर बैठ गए। युवाओं का कहना है की डुमरांव नगर परिषद स्थित मुख्य सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे और इसमें जल जमाव के कारण आए दिन दो-चार बाइक और ई रिक्शा वाले गिर जाते हैं। इसकी शिकायत अधिकारियों से करने पर सिर्फ अश्वशान मिला है। पर सड़क को ठीक नहीं किया जा रहा। सड़क मरम्मत की मांग को लेकर दर्जनों की संख्या में युवा सड़क किनारे टेंट लगा धरने पर बैठ गए। इनका कहना है जब तक सड़क को ठीक नहीं किया जाता, तब तक धरना समाप्त नहीं होगा। स्वयं शक्ति के प्रमुख धीरज कुमार मिश्रा ने कहा कि डुमरांव में सड़क बदहाली के दोषी जिले के सभी जनप्रतिनिधि हैं। इनके कारण लोगों की परेशानियां बढ़ गई है। धीरज मिश्रा द्वारा बताया गया कि इसको लेकर एसडीओ को आवेदन दिया गया। दो दिन पहले गड्ढे में ईंट भरने का कार्य प्रारंभ किया गया है। लेकिन हम लोगों को स्थाई निदान चाहिए।

# भोजपुर में ट्रेन से गिरकर महिला की मौत, पटना इलाज कराने जा रही थी

## पानी लेकर रेलगाड़ी पर चढ़ने वक्त प्लेटफॉर्म पर गिरी

निज संवाददाता। आरा

दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 3 पर सोमवार की दोपहर ट्रेन से गिरकर एक अधेड़ महिला की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृतका पीरो थाना क्षेत्र के जमुआवं गांव निवासी चंद्र मोहन शर्मा की पत्नी कुसुम देवी( 45 ) है। इधर, मृतका के भतीजे चंदन कुमार ने बताया कि वह अपने बेटे के साथ पीरो स्टेशन से ट्रेन पर सवार होकर अपना दवा लेने के लिए पटना जा रही थी। पटना जाने के क्रम में वह आरा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 3 पर ट्रेन से पानी लेने के लिए उतरी थी। तभी ट्रेन खुला गया। इसके बाद वह ट्रेन पर चढ़ने लगी। उसी दौरान



वह असंतुलित होकर ट्रेन से गिर गई। इससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इसके बाद उनके साथ रहे लड़के द्वारा फोन कर इसकी सूचना उन्हें और परिजनों को दी गई। सूचना पाकर परिजन आरा रेल थाना पहुंचे। इसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया गया। बताया जाता है कि मृतका को 2 बेटी प्रियंका देवी, नेहा देवी और 2 बेटा राहुल कुमार और रमेश कुमार है। घटना के बाद मृतका के घर में हाहाकार मच गया है। इस घटना के बाद मृतका के परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# भोजपुर सड़क हादसे में छात्र की मौत, बहन के पास जा रहा था

## गाड़ी का इंतजार करने के दौरान ट्रक ने रौंदा

निज संवाददाता। आरा

आरा-पटना NH पर गीधा थाना क्षेत्र के गीधा ओवरब्रिज पर हादसा हो गया। सोमवार की दोपहर बेलगाम ट्रक ने सड़क किनारे खड़े एक छात्र को रौंद दिया। हादसे में उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृतक टाउन थाना क्षेत्र के अबरपुल मोहल्ला वार्ड नंबर 26 निवासी मो.इम्तियाज का बेटा मो.इरशाद( 17 ) है। वह दसवीं कक्षा का छात्र था। इधर, मृतक के पिता मो.इम्तियाज ने बताया कि वह अपनी चचेरी बहन से मिलने के लिए उसके ससुराल कोईलवर जा रहा था। जाने कारण में वह धरारा से ऑटो सवार होकर गीधा



ओवरब्रिज पर उतरा। इसके बाद वह ऑटो से उतर कर वहीं सड़क किनारे खड़ा होकर दूसरी गाड़ी का इंतजार कर रहा था। तभी विपरीत दिशा से आ रही बेलगाम ट्रक ने उसे रौंद दिया। इससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इसके बाद वहां मौजूद लोगों द्वारा उसी के मोबाइल से कॉल कर इसकी सूचना उसके परिजन और गीधा थाना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर स्थानीय थाना और परिजन तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। इसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसको पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। बताया जाता है कि मृत छात्र अपने तीन भाई और एक बहन में छोटा था। उसके परिवार में मां नाजो खातून और दो भाई मो.इस्तखार, मो.इस्माइल एवं एक बहन इशरत निशा है। घटना के बाद मृत छात्र के घर में हाहाकार मच गया है। इस घटना के बाद मृत छात्र की मां नाजो खातून और परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# बक्सर में जन्माष्टमी पर खरीदारों की उमड़ी भीड़



निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर शहर में जन्माष्टमी को लेकर दुकानों में लड्डू गोपाल की मूर्तियां, पालना और राधा-कृष्ण की पोशाक की बिक्री शुरू हो गई है। बाजार को प्लास्टिक से लेकर लकड़ी, स्टील और तांबे और चांदी के झूले और पगड़ी ,बांसुरी और मोर पंख से सजाया गया है। दुकानों पर बेहतरीन तरीके का पालना बिक रहा है। लड्डू गोपाल और राधा-कृष्ण की मूर्तियों का दाम हर रेंज में सजाई गई है। पूजा के लिए मिठाई के दुकानों पर तरह-तरह का माखन-मेवा आकर्षक रूप से सजाया गया है। जन्माष्टमी को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है। दुकानदार ऊंची आवाज में खरीदारों को अपने दुकानों की तरफ आकर्षित करने का काम कर रहे हैं। पालना को लेकर दुकानदार ने बताया कि दुकान में 200 से लेकर 10 हजार तक का झूला रखा गया है। पालने में लकड़ी से लेकर चांदी के झूलों में बेहतरीन कारीगरी की गई है।

# अप्राकृतिक यौनाचार का आरोप, किशोर को बनाया बंधक, बच्चों को फुसलाकर ले जाता था

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर में एक किशोर (17) पर अप्राकृतिक यौनाचार का आरोप लगा है। किशोर को ग्रामीणों ने खंभे से बांधकर बंधक बना लिया, फिर पुलिस के हवाले कर दिया। आरोप है कि किशोर बच्चों को साइकिल पर बैठाकर झाड़ी में ले जाता था। उसके साथ अप्राकृतिक यौनाचार का प्रयास किया। बच्चे छोटे हैं इस वजह से उसकी पहचान वे अपने परिजनों को नहीं बता पाते थे। मामले में एक बच्चे की मां ने एफआईआर दर्ज कराई है। बताया गया कि 24 अगस्त को स्कूल जाने के दौरान 6 साल के बच्चे को रास्ते से किशोर ने उठाया था, उसके साथ गलत करने की कोशिश की। 25 अगस्त को भी उसी बच्चे को फुसलाकर अपने साथ ले गया। इसी दौरान वो पकड़ा गया।



उसे खंभे में बांध बंधक बना लिया। बाद में पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने बाल सुधार गृह भेज दिया है। घटना बड़की नैनीजोर बाजार की है।

**12 दिन से पहले हो रही घटना:** बताया जा रहा कि करीब 12 दिन पहले किशोर ने तीन बच्चों को उठाया। उनके साथ गलत करने का प्रयास किया। बच्चों के साथ मारपीट भी की गई। बच्चे घर में आकर परिजनों को बताते थे कि उनके साथ मारपीट हुई है। ग्रामीण आरोपी की खोजबीन कर रहे थे, पर वो पकड़ में नहीं आ रहा था। अब दोबारा इन तीन बच्चों में से एक के साथ किशोर ने गलत करने का प्रयास किया। जिसके बाद बच्चे की मां ने केस किया। आरोपी किशोर भोजपुर का निवासी है।

**किशोर के खिलाफ कार्रवाई की जा रही:** परिजनों ने बताया कि समाज में लोक लज्जा के कारण पहले बार में एफआईर दर्ज नहीं कराई थी, लेकिन आरोपी बार-बार एक हरकत कर रहा था। जिसके बाद उसके विरुद्ध केस दर्ज किया। नैनीजोर थानाध्यक्ष मोहम्मद फिरोज आलम ने बताया कि नाबालिग बच्चे के साथ अप्राकृतिक यौनाचार मामले में प्राथमिकी दर्ज कर किशोर के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही।

# घर से निकले युवक का एक दिन बाद मिला शव, भोजपुर में झाड़ी में मिली लाश, शरीर पर मारपीट के जख्म का निशान

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर में घर से निकले युवक की हत्या कर फेंका गया शव बरामद हुआ है। उसका शव जगदीशपुर थाना क्षेत्र के दुल्हीनगंज गांव के दुल्हनगंज-घाघा बाजार रोड में सड़क किनारे से रविवार को बरामद हुआ है। मृतक के गले पर रंग का निशान, सूजन, उसके नाक,आंख मुंह में खून लगा जख्म, चेहरे, बाल में मिट्टी लगा हुआ मिला है। गर्दन और सीने पर खरोंच के निशान और गर्दन मुड़ा हुआ पाया गया है। इसके कारण मृतक के परिजन द्वारा मारपीट कर और उसका गला दबाकर उसकी हत्या करने का आरोप लगाया जा रहा है। शव के मिलने से गांव और



आसपास के इलाके में सनसनी मच गई है। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना जगदीशपुर थाना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। कुछ देर बाद उसकी पहचान हुई। इसके बाद पुलिस ने इसकी सूचना उसके परिजनों को दी। सूचना पाकर परिजन जगदीशपुर थाना पहुंचे। इसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम सदस्य अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक उदवंतनगर थाना क्षेत्र के गजराजगंज ओपी अंतर्गत बिशनपुरा गांव निवासी कवि तिवारी का 24 वर्षीय पुत्र अंकित आदित्य है। वह वर्तमान में नवादा थाना क्षेत्र के चंदवा हाउसिंग में अपने परिवार के साथ रहता था। इधर मृतक के परिजन ने बताया कि शनिवार की रात करीब साढ़े 8 बजे वह घर से बिना कुछ कहे बाहर निकाला था। देर रात तक वह घर वापस नहीं लौटा। इसके बाद परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की। लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया था। अभी परिजन उसकी खोजबीन कर ही रहे थे। इसी बीच रविवार को जगदीशपुर थाना द्वारा फोन कर उन्हें सूचना दी गई की उसका शव बरामद हुआ है। इसके बाद परिजन वहां पहुंचे। वहीं परिजन द्वारा प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को कुछ भी बताने से इनकार कर दिया। इसके अलावा परिजन द्वारा मारपीट कर और उसकी गला दबाकर हत्या करने का भी आरोप लगाया है। हालांकि उसकी हत्या किसने और क्यों की, इसका कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस द्वारा बनाए गए मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार भी मृतक की मौत मारपीट कर वह गला दबाकर मौत होना प्रतीत होता है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

# बनास नदी में डूबकर युवक की मौत

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के चरपोखरी थाना क्षेत्र के मानसागर गांव में खेत में काम करने गए युवक का शव दूसरे दिन बरामद हुआ है। उसका शव स्थानीय थाना क्षेत्र के मानसागर बाजार स्थित शिवाला के समीप बनास नदी से रविवार को बरामद किया गया। मृतक चरपोखरी थाना क्षेत्र के मानसागर गांव निवासी धनेश्वर मुसहर का 35 वर्षीय पुत्र कन्हैया मुसहर और पेशे से मजदूर था। मृतक के भाई राम बाबू ने बताया कि शनिवार शाम वह अपने खेत में गए थे। इसी दौरान वह बनास नदी में डूब गया। जिसके बाद वहां मौजूद लोगों ने इसकी सूचना उसके परिजनों को दी। सूचना पाकर परिजन वहां पहुंचे और उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन वह शनिवार को नहीं मिल पाया था।



**तीन बेटी और एक बेटा है:** सूचना पाकर स्थानीय थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने 5 भाइयों में चौथे स्थान पर था। उसके परिवार में पत्नी सोनी देवी, 3 बेटी पूजा, चनिया, मानो और एक बेटा इंद्रजीत है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्लेटफार्म 6 से 36 केन बीयर बरामद

**भागलपुर**। आरपीएफ को प्लेटफार्म 6 पर रविवार को 36 केन बीयर मिले। बीयर के केन फुटओवर ब्रिज के नीचे सफेद रंग के प्लास्टिक बोरे में थे। बोरे को लावारिस हालत में सुबह 11 बजे के करीब बरामद किया गया। बोरे की जांच करने पर उसमें केन बीयर मिले। इसके बाद उत्पाद विभाग को सूचना दी गयी। इससे पहले यात्रियों से पूछताछ भी हुई लेकिन किसी ने जानकारी होने से मना किया। उत्पाद विभाग को बीयर सौंप दिया गया। इस दौरान एसआई कोमल स्मृति, एएसआई एसके सिंह, आरडी यादव मौजूद थे।

### तातारपुर का युवक चार दिन से लापता

**भागलपुर**। तातारपुर का रहने वाला एक युवक चार दिन से लापता है। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन कहीं पता नहीं चला। इसके बाद परिजनों ने तातारपुर थाने में गुमशुदगी कि रिपोर्ट दर्ज कराई है। लापता युवक मो. तनवीर तातरपुर निवासी मो. सज्जाद का बेटा है। उसकी मां ने पुलिस को बताया कि तनवीर बीते गुरुवार को अपने चचेरा भाई मोनू के साथ किसी काम से घर से निकला था। देर रात बाद जब घर नहीं लौटा तो मैंने उसके बारे में अपने सभी रिश्तेदार से पता की। लेकिन वह कही नहीं मिला। वह अपना मोबाइल भी घर में छोड़ कर गया है। पुलिस लापता युवक की तलाश कर रही है।

### शवदाहगृह की मशीन हुई खराब लावारिश शवों का संस्कार रुका

**भागलपुर**। बरारी स्थित विद्युत शवदाहगृह की मशीन खराब होने से लावारिश शवों का अंतिम संस्कार नहीं हो पा रहा है। मायागंज अस्पताल में तीन लावारिश शव पड़े हैं, पर अंतिम संस्कार नहीं हो रहा है। अस्पताल से जुड़े एक दैनिक मजदूर इसके लिए पांच हजार रुपए एक शव के संस्कार में खर्च बता रहा है। अस्पताल प्रशासन एक शव पर ढाई हजार रुपए ही देता है, इस हिसाब से वह साढ़े सात हजार ही देने को तैयार है। इस चक्कर में पांच दिन से उन शवों का अंतिम संस्कार फंसा हुआ है। शव मॉर्चरी में रहने से अब दुर्गंध आने लगी है। इससे बगल में फैब्रिकेटेड वार्ड में भर्ती मरीजों व परिजनों को परेशानी हो रही है। इन तीन शवों में एक महिला व दो पुरुष के हैं। नगर निगम के शाखा प्रभारी विकास हरि ने बताया कि मशीन का तार जल गया है। कोलकाता के टेक्नीशियन को सप्ताह भर पहले ही खबर किए हैं। लेकिन हर दिन नई तारीख आने का लेकर टाल रहा है। सोमवार को फिर एजेंसी से बात की जाएगी। वहीं अस्पताल अधीक्षक डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि सोमवार को दूसरा उपाय किया जाएगा।

### 4 किलो चांदी से मां दुर्गा का होगा अभिषेक

**मुंगेर**। श्यामपुर में दुर्गा पूजा भव्य तरीके से संपन्न हो इसको लेकर रविवार को वासुदेवपुर थाना क्षेत्र के श्यामपुर दुर्गा महारानी के प्रांगण में सैकड़ों ग्रामीणों की बैठक रविवार को छोटन प्रसाद यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में श्यामपुर दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष पद के लिये प्रकाश यादव और सचिव के पद पर विकास चंद्र यादव को चुना गया। जबकि कोषाध्यक्ष किष्टो प्रसाद साह तथा अखाड़ा दल के अध्यक्ष पद पर सरवन यादव को चुना गया। बैठक के दौरान पिछले वर्ष के लेखा-जोखा के बाद कमिटी ने बताया कि पिछले वर्ष 1लाख 56 हजार रुपये का बचत हुआ। मौके पर नव मनोनीत सचिव विकास चंद्र यादव ने बताया कि श्यामपुर दुर्गा पूजा कमेटी इस वर्ष भव्य तरीके से पूजा का आयोजन करेगी। श्यामपुर दुर्गा महारानी नौकरी देने वाली माता के नाम से भी मानी जाती है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष कई युवकों को नौकरी लगी।

### देर रात निकला अखाड़ा जुलूस, 27 अगस्त को होगा पहलाम

**मुंगेर**। मुस्लिम समुदाय का तीन दिवसीय चेहल्लुम पर्व रविवार शाम से शुरू हो गया। देर रात अखाड़ा जुलूस निकाला गया। शहर के करीब 24 स्थानों से अखाड़ा के साथ ताजिया जुलूस एवं झांकी निकाली गई। इधर चेहल्लुम पर्व को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे। जगह-जगह दंडाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस बलों को तैनात किया गया था। बता दें कि चेहल्लुम पर्व तीन दिनों तक मनाया जाएगा। 27 अगस्त की सुबह पहलाम किया जाएगा। पर्व को लेकर मुस्लिम समुदाय के लोगों की ओर से रविवार को पूरी तैयारी दिखी। केन्द्रीय पहलाम कमिटी की ओर से मुर्गियाचक में भव्य मंच का निर्माण कराया गया था।

### एमएलसी ने साइबर बुलिंग मामले में दर्ज कराया केस

**भागलपुर**। भाजपा के एमएलसी डॉ. एनके यादव ने साइबर बुलिंग व उनके खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। साइबर थाना में दर्ज एफआईआर में उन्होंने बताया है कि फेक अकाउंट बना कर मुझे बदनाम किया जा रहा है। साथ ही मेरे स्कूल व वहां काम करने वाली शिक्षिका के बारे में अपमानजनक पोस्ट किया गया है। उन्होंने फेक अकाउंट से किया गया आपत्तिजनक पोस्ट का स्क्रीनशॉट भी पुलिस को सौंपा है। पुलिस को बताया कि पोस्ट करने वाला अफवाह फैला रहा है कि मैंने 500 करोड़ की लागत से स्कूल खोला है। स्कूल की शिक्षिका के साथ दुर्व्यवहार व शोषण के बारे में झूठ फैलाया जा रहा है। इससे स्कूल की एक शिक्षिका की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने फेक अकाउंट से किया गया आपत्तिजनक पोस्ट हटवाने का अनुरोध किया है। साइबर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### समूह गान में बच्चों ने गीत प्रस्तुत कर दिखाई प्रतिभा

**भागलपुर**। भारत विकास परिषद भागलपुर की ओर से रविवार को एक होटल में राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भारत माता की पूजा व वन्दे मातरम् की गीत प्रस्तुति के साथ प्रतियोगिता की शुरूआत हुई। इसमें सात स्कूल के बच्चों ने हिन्दी, संस्कृत एवं क्षेत्रीय भाषा में गीतों की प्रस्तुति देकर लोगों का मन मोहा। मुख्य अतिथि परिषद के क्षेत्रीय अध्यक्ष सुमन सिंह थे।

### अतिक्रमण मुक्त बाजार का निर्णय अति सराहनीय

**मुंगेर**। मुंगेर नगर निगम आयुक्त के द्वारा लिया गया अतिक्रमण मुक्त बाजार का निर्णय अति सराहनीय प्रयास है। मुंगेर विचार मंच संयोजक रवि मोहन उर्फ रवि भगत ने कहा है कि मुंगेर शहर के बाजार में सभी दुकानों के आगे ठेला लगाकर अतिक्रमण करना कहां तक जायज है। इन लोगों का मनमानापन इतना है कि हटाने के बाद भी हटना नहीं चाहते है। इनको प्रशासन का भी भय नहीं है। मुंगेर शहर की विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए शहर से ठेला वालों के अतिक्रमण को हटाना होगा। इस अतिक्रमण के कारण आए दिन व्यवसायियों से मारपीट हो रहा है। इस अतिक्रमण के कारण राह चलते लोगों को भी काफी परेशान होकर शहर से गुजरना पड़ता है। नगर प्रशासन एवं जिला प्रशासन से यह मांग किया जाता है कि शहर के इन सभी ठेला वालों को एक वैकल्पिक व्यवस्था कर रोजगार करने का जगह उपलब्ध कराया जाए। ताकि यह ठेला वाले सुनिश्चित होकर अपना रोजगार कर सके।

### महिलाओं को सिखाए आत्मरक्षा के गुर



**भागलपुर**। मां आनंदी संस्था के सदस्यों ने रविवार को सैंडिस कंपाउंड में निःशुल्क स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम में लोगों को बताया कि यदि कोई अचानक आक्रमण करे तो, उसे सही तरीके से बचाव करना है। संस्था के सदस्यों ने बताया कि इस अभियान में स्कूल, कॉलेज के बच्चे और घरेलू महिला, वृद्ध माता भी भाग ले सकते है। वर्तमान स्थिति को देखते हुए महिलाओं को खुद जागृत होने की ज़रूरत है। और अभी हमारे चारों और इतनी ज्यादा भ्रष्टाचार फैल चुकी है। जिसके वजह से बहनें, बच्चे, वृद्ध माता सभी अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रहे है।

## गोपाल मंडल बोले- अजय काला और बुलो गोरा नाग

# भागलपुर में JDU विधायक ने खुद को बताया फाइटर

निज संवाददाता | भागलपुर

भागलपुर के नौगछिया से जेडीयू के बड़बोले विधायक गोपाल मंडल ने अपनी ही पार्टी के सांसद अजय मंडल और अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बुलो मंडल की तुलना नाग से की है। उन्होंने अजय मंडल को काला नाग और बुलो मंडल को गोरा नाग बताया है। शब्दों की मर्यादा तोड़ते हुए जदयू विधायक गाली-गलौज तक उतर आए। इतना ही नहीं बुलो मंडल को अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर सवाल उठाए। रविवार को बिहपुर के जदयू कार्यालय में विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की बैठक में गोपाल मंडल बोल रहे थे। कार्यक्रम में बोलते हुए गोपाल मंडल ने एनकाउंटर को लेकर चौंकाने वाला खुलासा भी किया। उन्होंने कहा- 'जब बुलो पर गोली चली थी तो हमने उसके दुश्मन को मरवा कर एनकाउंटर लिखवा दिया था, लेकिन वह हमको ही नहीं पूछने लगा। दोनों नाग है। एक गोरा और एक काला नाग।' उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि 'इनसे बचकर रहिएगा। उन्होंने अपने अंदाज में कहा कि हम तो फाइटर आदमी हैं।



हमसे जो टकराएगा उसका सिर धड़ से अलग कर देंगे। कार्यक्रम के दौरान जब गोपाल मंडल सांसद और पार्टी नेता पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर रहे थे, तो बीजेपी के विधायक इंजीनियर शैलेंद्र भी बगल में बैठे थे, हालांकि उन्होंने कहा कि वो 2 मिनट के लिए गए थे। गोपाल मंडल की बातों पर गौर नहीं किया।

कार्यक्रम के दौरान जब गोपाल मंडल सांसद और पार्टी नेता पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर रहे थे, तो बीजेपी के विधायक इंजीनियर शैलेंद्र भी बगल में बैठे थे, हालांकि उन्होंने कहा कि वो 2 मिनट के लिए गए थे। गोपाल मंडल की बातों पर गौर नहीं किया।

**थानाध्यक्षों पर लगाए गंभीर आरोपः** सांसद को लेकर उन्होंने कहा कि उसके पास संसाधन है, रुपए की कमी नहीं है। गाड़ी से वसूली किया है। एनटीपीसी से हर दिन घर में आते हैं 5 लाख रुपए। चुनाव के दौरान अजय को बोले थे सभी को संसाधन मुहैया करवाइए। इसके अलावा उन्होंने थानाध्यक्षों पर भी गम्भीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि थानाध्यक्ष बिना पैसा लिए काम नहीं करता है। हम थानेदार को गाली-गलौज ही करते हैं।

**बुलो मंडल बोले- उन्हें इसकी जानकारी नहींः** बैठक में गोपालमंडल के बगल में मंच पर बिहपुर के भाजपा विधायक इंजीनियर शैलेंद्र भी थे। लेकिन उन्होंने इस मसले पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि जदयू जिलाध्यक्ष के बुलाने पर वे दो मिनट के लिए बैठक में गए थे। विधायक ने क्या कहा, इस पर ध्यान नहीं दिया। जदयू के जिलाध्यक्ष त्रिपुरारि भारती ने भी कहा कि विधायक की बात पर उन्होंने गौर नहीं किया। वहीं बुलो मंडल ने कहा कि इस बारे में जानकारी नहीं है।

## बाढ़ में डूबा प्राथमिक विद्यालय, निजी घर में हो रही पढ़ाई



निज संवाददाता | मुंगेर

मुंगेर में गंगा का जलस्तर रविवार से घटने लगा है। हालांकि अभी भी गंगा वॉर्निंग लेबल से ऊपर बह रही है। इधर बाढ़ के कारण जिले में 38 विद्यालय ऐसे है जो पानी में डूब चुके है। इसके कारण बच्चों को पढ़ने में परेशानी हो रही है।

**ग्रामीणों ने पढ़ाई के लिए दिया कमराः** सदर प्रखंड क्षेत्र के रामगढ़ गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय भी बाढ़ के पानी में डूब चुका है। गांव के ग्रामीणों ने पढ़ाई के लिए घर का एक कमरा फिलहाल दे दिया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य संतोष कुमार साह और सहायक शिक्षिका ने कहा कि बच्चों की पढ़ाई बाधित ना हो इसे लेकर गांव के ही महेन्द्र सिंह के घर में पढ़ाया जाता है। बीते एक सप्ताह से यही पर पढ़ाई जारी है। जानकारी के अनुसार स्कूल में कुल 19 बच्चे नामांकित है। इसमें 15 बच्चे हर रोज पढ़ाई करने आते है। सहायक शिक्षिका बिनिता कुमारी ने आगे कहा कि आपदा है लेकिन बच्चों की शिक्षा भी उतनी जरूरी है। बाढ़ के कारण बच्चों के शिक्षा पर असर ना पड़े इसके लिए हर कोशिश की जा रही है। यहां तक आने में भी बहुत परेशानी होती है। सड़क पर पानी भरा हुआ है।

## नो एंट्री में घुसा ट्रक, बुजुर्ग का रौंदा

### मुंगेर में घायल का बांया पैर बुरी तरह चोटिल, लोगों ने रोड जामकर किया हंगामा



निज संवाददाता | मुंगेर

मुंगेर में चेहल्लुम के दौरान सोमवार को नो एंट्री में फल से लदा ट्रक शहर के बाटा चौक पर प्रवेश कर गया। इस दौरान ट्रक ने एक वृद्ध को रौंद दिया। वृद्ध का दांया पैर गंभीर रूप से घायल हो गया। सदर अस्पताल में इलाज के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। घायल कासिम बाजार के कोड़ा मैदान के नसीम आलम हैं। कोतवाली पुलिस ने ट्रक और चालक को गिरफ्तार कर लिया है। परिवार वाले और इलाके के लोगो ने मिलकर आधा दर्जन से अधिक अखाड़े में ताजिया को एक नंबर ट्रैफिक के पास रोक कर सड़क जाम कर दिया। लोग मुआवजे की मांग पर अड़े रहे। सूचना मिलते ही एसडीओ और एसडीपीओ कोतवाली थानाध्यक्ष और घायल के परिवार वालों को समझाकर जाम को हटाया और उचित कार्रवाई का भरोसा दिया। इधर, ट्रक के शीशे को आक्रोशित लोगों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह मामले को शांत कराया। सदर एसडीपीओ राजेश कुमार ने बताया कि एक ट्रक की चपेट में आने से एक व्यक्ति घायल हो गया, जिसे लेकर कुछ लोगों के द्वारा हंगामा किया गया था। अभी माहौल बिल्कुल शांत है।

## फ्लोराइड और आर्सेनिक युक्त पानी पीने को मजबूर मुंगेर शहरवासी

# वार्ड संख्या-5 के 200 घरों के पानी की कराई गई जांच, डॉक्टर बोले-उपयोग करने बीमार होने का खतरा

निज संवाददाता | मुंगेर

मुंगेर के शहरवासियों के शुद्ध पेयजल पिलाने के लिए सरकार करोड़ों रुपए खर्च कर रही है। इसके बावजूद शहर के कई इलाकों में लोग दूषित पानी पीने को मजबूर हैं। इसका खुलासा शहर के वार्ड संख्या- 5 में पानी की जांच करवाने पर हुआ। सैकड़ों लोग फ्लोराइड व आर्सेनिक युक्त इस दूषित पानी को ही पीने, स्नान करने और अन्य घरेलू काम में ला रहे हैं। पानी से झाग निकलने और उससे गंध आने के बावजूद भी स्थानीय लोगों को यह दूषित पानी उपयोग करना मजबूरी बना हुआ है। हालांकि इस संबंध में अब तक निगम प्रशासन पूरी तरह से अंजान है। उन्हें पता ही नहीं है की शहरवासियों को शुद्ध पेयजल की जगह जहर दिया जा रहा है। जिसे उपयोग करने वाले परिवार की बीमार होने की संभावना है।



**200 से अधिक परिवार के पानी की जांच कीः** भास्कर की टीम पड़ताल के लिए शहर के 5 नंबर वार्ड में शक्तिपीठ चंडिका स्थान पहुंची। जहां दो समरसेबुल के तहत स्थानीय लोगों को पेयजल उपलब्ध करवाया गया है। जिससे आसपास के 200 से अधिक परिवार के लोग पानी लाकर अपने घरेलू उपयोग के साथ-साथ उससे स्नान करने तथा उसी पानी का पीने में भी उपयोग करते हैं। साथ ही चंडिका स्थान में भी पहुंचने वाले श्रद्धालु उसी पानी का उपयोग करते हैं। पड़ताल के दौरान पाया गया कि नल से निकलने वाले पानी से काफी मात्रा में झाग निकल रहा था और पानी में काफी गंदलापन था। इतना ही नहीं पानी से किसी बदबूदार नाले जैसा गंध आ रहा था।

**जल्द होगी जांचः** सदर अस्पताल के चिकित्सापदाधिकारी डॉ. कुमार रजन ने बताया कि क्लोराइड की कमी से अक्सर सिरदर्द, पेट में ऐंठन,मांसपेशियों में कमजोरी,चिड़चिड़ापन, दस्त या कब्जलगना, दिल की धड़कन का तेज होना और शरीर में सुस्ती और थकान महसूस होती है। वहीं उन्होंने बताया कि फ्लोराइडयुक्त पानी के अत्यधिक सेवनसे हड्डी रोग हो सकता है। कई सालों तक इसके कारण हड्डियोंऔर जोड़ों में दर्द और क्षति होसकती है। हड्डियां सख्त औरकम लचीली हो सकती हैं,जिससे फ्रैक्चर का खतरा बढ़ जाता है।

## खतरनाक सांप को रेंगते देख भागे लोग, वन विभाग की टीम ने किया रेस्क्यू

निज संवाददाता | भागलपुर

भागलपुर के बरारी रीवर फ्रंट घाट के पास रविवार को लोगों ने 2 रसेल वाइपर सांप देखा। इसके बाद लोगों के बीच भगदड़ मच गई। लोगों ने घटना की जानकारी वन विभाग को दी। इसके बाद मौके पर पहुंचे वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर ले गया। मालूम हो की गंगा अभी उफनाई हुई है। जलस्तर बढ़ने के कारण पानी घाट तक चढ़ा हुआ है। हादसा तब हुआ, जब रीवर फ्रंट घाट के पास लोग स्नान कर रहे थे। गंगा में पूजा-पाठ करने में भी कई श्रद्धालु लीन थे। अचानक सबकी नजर घाट की सीढ़ी पर गई, जहां दो विशालकाय सांप रेंग रहा था। गंगा का पानी सीढ़ी पर पहुंचता तो ये सांप पानी में तैरने लगते है। इन दो सांपों को देखने के बाद स्नान करने आए लोगों के बीच अफरा-तफरी का माहौल हो गया। लोग सतर्क हो



गए और स्नान-ध्यान छोड़कर किनारे खड़े हो गए। सांप को रेंगता हुआ देख लोग सहमे थे। वहीं, गंगा किनारे पहुंचे लोगों ने इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी अपने मोबाइल में कैद कर लिया। इसे सोशल मीडिया पर भी वायरल किया गया है। लोग एक-दूसरे को गंगा स्नान करने के दौरान सतर्क रहने की सलाह दे रहे थे।

**अजगर समझने की भूल पड़ती है भारीः** वीडियो में दिख रहा है कि कुछ लोग इसे अजगर बता रहे हैं। जबकि कुछ लोग कह रहे हैं कि ये रसेल वाइपर है। दरअसल, रसेल वाइपर दिखने में अजगर की तरह ही होता है। लेकिन इसका रंग अलग होता है। ये बेहद खतरनाक सांप है जो एक बार अगर काट ले तो इसका जहर बेहद तेजी से फैलता है। हॉस्पिटल तक जाने का भी मौका नहीं मिल पाता।शरीर के ऑर्गन्स फेल हो जाते हैं। खून का थक्का यह सांप जमा देता है और इंसान की मौत हो जाती है।

**भागलपुर में आए दिन मिल रहे रसेल वाइपरः** भागलपुर में गंगा नदी का पानी बढ़ने के बाद घाट किनारे जहरीले सांप देखे जा रहे हैं। रसेल वाइपर सांप की भागलपुर में पिछले कुछ सालों से बेतहासा वृद्धि हुई है । यह अंडा नही देती बल्कि एकबार में 40 से अधिक बच्चे देती है। भागलपुर में अब शहरी इलाके में भी ये सांप घूम रहे हैं और कभी किसी के घर तो किसी के मकान को ठिकाना बना रहे हैं।

## सर्जरी के लिए परिजन और डॉक्टर के बीच हंगामा

निज संवाददाता | भागलपुर

भागलपुर में गोड्डा से एक गर्भवती महिला निजी नर्सिंग होम पहुंची। वहां वो दिनभर रही। रात में कहा गया कि ऑपरेशन करना पड़ेगा। परिजन के पास ज्यादा पैसे नहीं थे। वे लोग रात 8.30 में मायागंज अस्पताल पहुंचे। 11 बजे तक उसे भर्ती तक नहीं किया और सामान्य प्रसव का इंतजार करवाया गया। परिजन बोले सामान्य प्रसव नहीं होगा, निजी अस्पताल से रेफर किया गया है। इस पर तैनात चिकित्सकों ने कहा कि आप लोग ही डॉक्टर हैं, यहां जो होता है करने दीजिए।

**टेबल पर गिरी गर्भवतीः** गर्भवती महिला काफी तड़प रही थी। इस बीच परिजनों और चिकित्सकों में कहासुनी हो गई। गर्भवती लेबर टेबल पर ही गिर गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि उसके साथ भी बदसलूकी की गई। यूनिट इंचार्ज मौके पर पहुंचे। जिसके बाद महिला का ऑपरेशन हुआ। वहीं, दूसरी तरफ एक और महिला है जिसका गर्भपात नहीं हुआ। जिस वजह से उसके पक्ष के लोगों ने भी हंगामा किया।



बाद में वो निजी अस्पताल चली गई।

**सर्जरी के लिए समय लगताः** अधीक्षक राकेश कुमार ने कहा कि आधी रात को कॉल आया था। सीनियर यूनिट इंचार्ज को वहां भेजा था। मरीज के परिजन तुरंत ऑपरेशन करवाना चाहते थे। लेकिन सर्जरी की तैयारी में समय लगता है। इसी बात को लेकर कहासुनी होने लगी तो पुलिस को बुलवाना पड़ा था। हालांकि महिला का ऑपरेशन हो गया है। वहीं, एक महिला गर्भपात करवाने का दबाव बना रही थी, लेकिन उसमें समय लगता पर वह हंगामा करने लगी, बाद में वह चली गई।

## NH-80 पर बना डायवर्जन फिर से टूटा, खतरों से खेलते हुए बैरिकेड तोड़कर गंगा पार कर रहे लोग

निज संवाददाता | भागलपुर

भागलपुर में बाढ़ के कारण NH-80 पर बना डायवर्जन फिर से टूट गया है। गंगा का जलस्तर बढ़ने के बाद दबाव बढ़ गया। रविवार को डायवर्सन ह्यूमन पाइप के साथ टूट गया। इससे कहलगांव से आवाजाही प्रभावित हुआ है। मरम्मत कार्य जारी है। यात्रियों की सुविधा के लिए नावें चलाई जा रही हैं। कहलगांव में गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर है। कई गांव बाढ़ से प्रभावित है। फसलें और चारा डूब गए हैं। इससे मवेशी पालकों को परेशानी हो रही है।

**खतरों के खिलाड़ी बन रहे लोगः** सबौर के घोषपुर में 10 मीटर में डायवर्जन बह गया। अब सड़क पर दो फिट हिस्सा बचा है। इसपर लोग खतरे से खेलकर पार कर रहे हैं। वहीं, प्रशासन की रोक टोक के बाद भी लोग बैरिकेड तोड़कर बाइक



लेकर भी जा रहे हैं। वहीं, कुछ लोगों ने आवाजाही के लिए नाव का सहारा लिया है। बता दें कि NH-80 का 50 फिट हिस्सा पिछले दिनों भी ध्वस्त हुआ था। जलस्तर घटने पर यहां काम कराया गया था। लेकिन जिस तरह से जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर हुआ, फिर डायवर्जन बह गया।

**बिहार को झारखंड से जोड़ता है ये NH:** यह NH भागलपुर को झारखंड से जोड़ता है। बार बार टूटने से आम जन जीवन के साथ-साथ राजस्व पर भी इसका खासा असर पड़ रहा है। स्थानीय लोग प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं। इधर, ध्वस्त हुए डायवर्जन को बचाने की कोशिश में प्रशासन जुटी हुई है। लेकिन वह नाकाफी साबित हो रहा है। जिले के पूर्वी इलाके के तकरीबन सैकड़ों गांव और झारखंड के कुछ इलाकों को यह सड़क मार्ग जोड़ता है। पहले से ही NH पूरी तरह जर्जर था। बाढ़ ने कुछ हिस्सों को पूरी तरह खत्म करने के कगार पर ला दिया। प्रशासन की तरफ से कटाव रोधी कार्य तो कराया गया, लेकिन वह भी तेज धार में बह गए। अब पूर्वी इलाके के 5 लाख से अधिक लोग इससे प्रभावित हो रहे हैं। पूर्वी इलाके के लोगों के लिए अब एक मात्र साधन नाव है, जिससे वह आवागमन करने को मजबूर हैं।

## दुकान पर कब्जा को लेकर दो पक्षों में लड़ाई

निज संवाददाता | भागलपुर

भागलपुर के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित एमपीडी रोड में एक दुकान के दखल को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और मामले को शांत कराया। मामले को लेकर बताया जा रहा है कि एमपीडी रोड में बीएन मेडिकल स्टोर के प्रोप्राइटर मुरारी झुनझुनवाला ने अपने चाचा से एक दुकान की रजिस्ट्री कराई। जिसके बाद परिवार के ही दूसरे पक्ष से उनके ही चाचा सीताराम झुनझुनवाला और इसके दो बेटों ने मिलकर ने दुकान पर अपना दावा किया है। सीताराम झुनझुनवाला ने मुरारी झुनझुनवाला पर आरोप लगाया है कि मामला कोर्ट में लंबित होने के बाद भी रजिस्ट्री कैसे हो सकती है। जबकि वही मुरारी झुनझुनवाला का कहना है कि मेरे चाचा ने मुझे अपने हिस्से की यह दुकान काफी पहले रजिस्ट्री कर दी है। मोटेशन के लिए अंचल में भी दिया हुआ है।

1955 में ही कोर्ट के माध्यम से आपस में पारिवारिक बंटवारा हो गया है। इसके बाबजूद मेरे दूसरे चाचा और उनके दोनों बेटे निलेश कुमार और उनका भाई दुकान को लेकर लगातार विवाद करते है। मामले को लेकर पुलिस ने बताया कि मुरारी झुनझुनवाला के दखल में पहले से दुकान है।

## संक्षिप्त समाचार

### फुटबॉल प्रतियोगिता 29 से 1 तक

**बोकारो, एजेंसी।** बारीग्राम अंबेडकर स्टेडियम में 23वां दरकू हाड़ी मेमोरियल फुटबॉल प्रतियोगिता 29 अगस्त से 1 सितंबर तक आयोजित की जाएगी। जिले से बाहर की टीमें भी भाग लेगी। विजय हरि, विनय पाठक, चिंता राम, मनोज पासवान, सत्येंद्र सिंह, चंद्र प्रकाश सिंह, शक्ति प्रसाद महतो, पीपी मुखर्जी, चांद शरद लाल, शैलेंद्र राम, उदय हरि आदि ने बताया कि प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी सीसीएल बीएंडके एरिया के जितने भी एसीसी सदस्य हैं वे इस प्रतियोगिता में अपनी सहभागिता पूर्व की भांति निभाएंगे।

### बाल कृष्ण बने नन्हें बच्चों ने मटकी फोड़कर माखन खाया

**रांची, एजेंसी।** सोहोवती देवी पब्लिक स्कूल चिलदाग में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। नन्हें बच्चे कृष्ण और राधा के वेश में स्कूल पहुंचे थे। इस दौरान बच्चों ने श्रीकृष्ण और राधा की सुंदर झांकियां निकाली और नृत्य प्रस्तुत किया। बाल कृष्ण गोपाल ने मटकी फोड़कर माखन खाया। कार्यक्रम का नेतृत्व प्री प्राइमरी शिक्षकों द्वारा किया गया। इस दौरान स्कूल के निदेशक डॉ अमर कुमार चौधरी और सचिव डॉ कुमुदकला मेहता ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम से बच्चों में उत्साह, ऊर्जा और स्फूर्ति प्रदान करती है।

### कथारा में पूजा को लेकर समिति विस्तार जल्द

**बोकारो, एजेंसी।** कथारा में दुर्गा पूजा को लेकर तैयारी शुरू है। दशरथ महतो ने बताया कि धूमधाम से पूजा होगी। सचिव बरियार महतो, सहायक सचिव राजेंद्र तिवारी, कोषाध्यक्ष उपेंद्र प्रसाद व ललन सिन्हा बनाए गए हैं। समिति का विस्तार बाद में होगा। राजेश शर्मा, आशीष चक्रवर्ती, पूर्व मुखिया घनश्याम प्रसाद, जेके साहा, रामेश्वर चौधरी, तरुण भट्टाचार्य, नवल किशोर सिंह, रामेश्वर मंडल, सुकुमार डे, यदुनाथ गोप, रवींद्र यादव, रवि कुमार सिंह, अवधेश पांडेय, एसके मिश्रा, रंजीत सिन्हा, एसएन नियोग, जयप्रकाश, प्रेम कुमार आदि सक्रिय हैं।

### अवसरवादी नेता हैं डॉ. अजय : विनोद सिंह

**जमशेदपुर, एजेंसी।** पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के करीबी जमशेदपुर महानगर भाजपा के पूर्व अध्यक्ष विनोद सिंह ने रविवार को सर्किट हाउस में प्रेसवार्ता कर डॉ. अजय पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि डॉ. अजय अवसरवादी नेता हैं। अपना हित साधने के लिए कई दलों (झाविमो, आप) की यात्रा कर चुके हैं। कल्याणनगर–इंद्रानगर मामले में वे अपना राजनीतिक हित साधना चाहते हैं, लेकिन उनका मंसूबा पूरा नहीं होगा। पूर्वी विधानसभा से विधायक बनने का उनका सपना वहां की जनता धूमिल कर देगी। विनोद सिंह ने माना कि अर्जुन मुंडा ने नदी की तलहटी में बिल्डर, जमीन माफिया द्वारा बनाई जा रही ऊंची–ऊंची इमारतों को पर्यावरण के लिए खतरा बताते हुए एनजीटी को पत्र लिखा था। मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर मिश्रा, पार्टी नेता हलधर नारायण साह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### जनमुद्दों पर माकपा का जन जागरण अभियान 28 तक

**बोकारो, एजेंसी।** बोकारो थर्मल, प्रतिनिधि। महंगाई, बेरोजगारी व केंद्रीय बजट में कल्याणकारी कोष में कटौती के खिलाफ एवं सहारा निवेशकों के पैसे की वापसी सहित स्थानीय समस्याओं का निदान को लेकर सीपीएम (माकपा) का बोकारो जिला मुख्यालय समीप 27 अगस्त को धरना–प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को डीसी के माध्यम से स्मार पत्र सौंपा जायेगा। सीपीएम के जिला सचिव सह राज्य कमेटी सदस्य भागीरथ शर्मा ने कहा कि माकपा झारखंड राज्य कमेटी द्वारा 21–28 अगस्त तक महंगाई, बेरोजगारी व बजट में कल्याणकारी योजनाओं के कोष आवंटन में कटौती सहित स्थानीय मुद्दे विस्थापन आयोग का गठन कर खनन, रेलवे, तेनुघाट डैम, पावर प्लांट, एचईसी व सड़क निर्माण में विस्थापित हुए रैयतों को मुआवजा, पुनर्वास व नौकरी की व्यवस्था करने, बेरमो कोयलांचल को प्रदूषण मुक्त करने, सभी रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज बनाने, दुग्दा वाशरी व दामोदा कोलियरी को पुन: चालू करने, ग्रामीण क्षेत्र में जंगली हाथी से बचाव, जमीन रसीद काटने शुरू करने, खतियान का बहाना बना जाति प्रमाण पत्र पर रोक लगाने के अलावा अन्य कई जनमुद्दों को लेकर जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है।

### नशे के आदी युवक को पुलिस की मदद से पहुंचाया गया नशा मुक्ति केंद्र

**सरायढेला, एजेंसी।** सरायढेला निवासी नशे के आदी 30 वर्षीय युवक को शनिवार को पुलिस की मदद से नशा मुक्ति केंद्र भेजा गया. युवक नशा मुक्ति केंद्र भेजने के लिए परिजन काफी पहले से प्रयास कर रहे थे, लेकिन वह जाना नहीं चाहता था. नशा मुक्ति केंद्र भेजने के नाम उसने कई बार आत्महत्या का भी प्रयास किया. इससे भयभीत परिवार के सदस्यों ने सरायढेला पुलिस से मदद मांगी थी. शनिवार को बाहर घूमने के बहाने परिवार के सदस्य युवक को सरायढेला स्थित एक मिठाई दुकान लेकर गये. यहां पहले से मौजूद पुलिस युवक को जबरन बरवाअड्डा स्थित नशा मुक्ति केंद्र ले गयी.सरायढेला स्थित मिठाई दुकान में पुलिस को देख युवक ने हंगामा शुरू कर दिया. मिठाई दुकान से उसे बाहर लाते ही, वह आस–पास के लोगों पर वार करने लगा. पुलिस ने काफी मुश्किल से उसपर काबू किया. इस दौरान सरायढेला मेन रोड में वाहनों की लंबी कतार लग गयी.

# चंपई सोरेन ने फिर भरी दिल्ली की उड़ान

## भाजपा हाईकमान से कर सकते हैं मुलाकात



**सरायकेला, एजेंसी।** पूरे देश की नजर कोल्हान टाइगर और झारखंड के पूर्व सीएम चंपई सोरेन पर टिकी हुई है। लेकिन, अबतक न चंपई सोरेन ने पूरी बात साफ की और ना ही भाजपा के वरीय नेताओं ने। पूरे देश में इस बात की चर्चा है कि पूर्व मंत्री चंपई सोरेन भाजपा में शामिल होने वाले हैं। हालांकि, इस बात में अगर सच्चाई नहीं होती, तो भाजपा इसका विरोध करते हुए अपना बयान जरुर जारी करते।

भाजपा के वरीय नेता इस पर चुप है, जो यह संकेत देता है कि कहीं न कहीं भाजपा में चंपई सोरेन को लेकर खिचड़ी पक रही है। यह खिचड़ी कब तक पक जाती है। यह तो अब वक्त ही बताएगा।

कोल्हान टाइगर चंपई सोरेन एक बार फिर से दिल्ली पहुंच गए हैं। सोमवार सुबह करीब सवा ग्यारह बजे दिल्ली एयरपोर्ट पर वे उतरे और विधायक प्रतिनिधि सनद आचार्य, उनके बेटे व अन्य तीन लोगों के साथ वे अपने गंतव्य की ओर बढ़ गए।

यहां वह भाजपा के शीर्ष नेता व केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, शिवराज सिंह चौहान और सुवेंदु अधिकारी से मुलाकात कर सकते हैं।

उनके दिल्ली जाने की बात को गुप्त रखा गया है। सूत्रों की मानें तो, झामुमो से दूरी बनाने के बाद मंत्री चंपई सोरेन ने दूसरी बार दिल्ली का रुख किया है। चंपई ने खुद की पार्टी बनाने या एक अच्छे साथी के साथ जाने की बात कही थी।

शनिवार को सरायकेला में हुए कार्यक्रम में चंपई सोरेन ने इस बात का संकेत दे दिया था कि अच्छा साथी भाजपा के अलावा दूसरा कोई नहीं है, क्योंकि सरायकेला में उनके पोस्टर व टाउन हॉल के फव्वारे में भगवा रंग समाया हुआ था।

सूत्रों की माने तो पिछले दिनों जब चंपई तीन दिनों के लिए दिल्ली गए थे, तो वे वहां भाजपा के नेताओं से मिले थे। संभवतः उन्हें जो टास्क दिया गया था, उसी रणनीति के तहत चंपई सोरेन पूरे कोल्हान में घूम-घूम कर अपने समर्थकों की नब्ज टटोलते रहे।

चंपई के सभी कार्यक्रमों में सैकड़ों की भीड़ उमड़ी रही। कार्यक्रमों में मीडिया कर्मियों का जमावड़ा लगने लगा है। इधर, कोल्हान में चंपईसोरेन अपने कार्यक्रम कर रहे थे, उधर दिल्ली में बैठे भाजपा के वरीय नेता पूरे मामले से अवगत हो रहे थे।

चंपई के मामले से अब तक पर्दा नहीं उठाया जाना उनके द्वारा रखी शर्तों के कारण हो सकता है। दरअसल, चंपई सोरेन अपने साथ अपने बेटे को भी राजनीति के महारथी बनाना चाहते हैं।

इसके लिए वे अपने बेटे के लिए विधानसभा चुनाव में खड़े करने के लिए पूरा जोर लगा रहे हैं, ताकि उनके साथ - साथ उनके बेटे को भी टिकट मिल सके।

भाजपा के स्थानीय दिग्गजों को भी चंपई के भाजपा में जाने की बात हजम नहीं हो रही है, जिसके कारण भी चंपई के रास्ते में रोड़ा का काम भी यह दिग्गज कर रहे हैं। ताकि, अगर भाजपा की सरकार झारखंड में बनती है तो भाजपा के वे दिग्गज शीर्ष स्थान पर विराजमान हो सके।

## हिमंत ने किया चंपाई का भाजपा में स्वागत बोले:हेमंत भी हमारे साथ आएं मुद्दों पर सहमति दें भाजपा उनका नेतृत्व स्वीकर करेगी



**रांची, एजेंसी।** असम के मुख्यमंत्री और झारखंड प्रदेश प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को भाजपा में आमंत्रित करते हुए राज्य के मौजूदा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी भाजपा ज्वाइन करने का न्योता दिया है। उन्होंने कहा कि हेमंत जी भी भाजपा में आ जाएं। हमारे मुद्दों पर काम करने का भरोसा दें हो सकता है हम झारखंड में चुनाव भी ना लड़ें। हमारी पार्टी के किसी भी व्यक्ति को नेता नहीं बनना है। हमारे लिए भाजपा से पहले झारखंड है।

**मेरी पांच महीने से हो रही है चंपाई से बातचीत :** भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय में पहुंचे हिमंत बिस्वा सरमा ने आज चंपाई सोरेन के भाजपा में शामिल होने के मुद्दे पर कहा, मैं तो चाहता हूं कि हेमंत सोरेन भाजपा में आ जाएं। ये मैं चाहता हूं लेकिन वो इतने बड़े नेता है कि उनके विषय में इस तरह की टिप्पणी करना मुझे अच्छा नहीं लगता है। अगर वो दिल्ली गए हैं तो उनसे बातचीत कोशिश होगी। वैसे तो मेरी चंपाई से बातचीत होती है लेकिन मैंने कभी उनसे राजनीतिक बातचीत नहीं की आजतक मेरी उनसे पांच - छह महीनों से बातचीत हो रही है। मुझे समय लगता है कि अब समय आ गया है।

**मुद्दों में साथ आएं हेमंत हमें उनके नेतृत्व स्वीकार है :** हेमंत सोरेन के पार्टी तोड़ने के आरोप पर हिमंत ने कहा, मैं तो चाहता हूं कि हेमंत सोरेन भी भाजपा में आ जाएं। भाजपा का अर्थ है कि राष्ट्रभक्ति है। हम मिलकर काम करते हैं। झारखंड में घुसपैठ रोकने के लिए हेमंत जी से बात करने की तैयारी है। पार्टी तोड़ने की क्या बात है, हम मिलकर काम करते हैं। हमें झारखंड को बसाना है हमें भाजपा को नहीं बसाना है। हमारा कोई मतलब नहीं है। हमारे लिए देश पहले है।

**31 अगस्त से पहले पूरा करें वादा भाजपा नहीं लड़ेगी चुनाव :** हिमंत ने कहा, आज झारखंड के सामने सबसे बड़ी समस्या है घुसपैठियों की समस्या है। अगर वो भाजपा के मुद्दे के साथ हैं तो हम भी उनके साथ है। अगर मुद्दे पर हेमंत सोरेन जी नेतृत्व देते हैं तो दिक्कत क्या है। हमारी पार्टी के किसी को भी नेता नहीं बनना है। आपने जो वादा किया था उसे निभाईए अगर हेमंत सोरेन जी 31 अगस्त के पहले पांच लाख नौकरी का वादा पूरा कर दें तो हो सकता है हम चुनाव भी ना लड़ें। युवा हमारे लिए पहले हैं ना हम बाद में है। कल अगर हेमंत सोरेन जी झारखंड को घुसपैठियों को दूर करने का फैसला लेते हैं तो हम मिलकर बैठकर बात कर लेंगे।

## कोयला के अवैध कारोबार रोकने के लिए छापेमारी का आदेश

**धनबाद, एजेंसी।** जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक में कोयला, बालू तथा अन्य खनिजो के अवैध कारोबार पर रोक लगाने का आदेश एसएपी एचपी जनार्दनन ने दिया। बैठक की अध्यक्षता एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद ने की। बैठक में जिला प्रशासन, पुलिस पदाधिकारी, बीसीसीएल तथा सीआईएसएफ के आला अधिकारी भी मौजूद थे। एसएसपी ने कहा कि अवैध कारोबार रोकने के लिए छापेमारी की जाए।

एसएसपी ने कहा कि कोयला, बालू तथा अन्य खनिजों के अवैध खनन तथा परिवहन पर पूरी तरह से रोक लगाई जाए। उन्होंने बीसीसीएल के अधिकारियों से कहा कि सभी कोलियरियों में महज एक इंट्री तथा एक ही निकासी का रास्ते होने चाहिए। इस पर बीसीसीएल, ईसीएल तथा अन्य कोल कंपनियों को तेजी से काम करने का निर्देश दिया गया।

एसएसपी ने कहा कि जिले में नौ स्थायी चेकनाका बनाए गए हैं। बालू के अवैध कारोबार को रोकने के लिए इसे और सक्रिय करना है। बगैर चेकिंग के कोई भी वाहन चेकनाका होकर नहीं गुजरने पाए। वाहनों के कागजात की जांच की जाए।एडीएम विधि-व्यवस्था ने कहा कि कोयला तथा बालू के अवैध खनन पर रोक के लिए प्रखंड स्तर पर बनी समन्वय समिति की बैठक 15 दिनों में एक बार होनी तय है। इसमें कोयला कंपनियों से स्थानीय अधिकारी, पुलिस पदाधिकारी तथा सीओ को शामिल होना है।

# झारखंड में बड़ा हादसा, हजारीबाग में ट्रक पलटने से 11 मजदूर सड़क पर गिरे; पांच की दर्दनाक मौत

**हजारीबाग/चरही, एजेंसी।** हजारीबाग जिले के चरही में रविवार को रांची-पटना मार्ग (एनएच-33) पर शाम सात बजे एक ट्रक दर्दनाक सड़क हादसे का शिकार हो गया। हादसे में चालक समेत पांच लोगों की मौत हो गई। वहीं छह घायलों में एक की स्थिति गंभीर बनी हुई है। सभी का इलाज हजारीबाग मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में चल रहा है। घटना की सूचना के बाद चरही पुलिस ने हजारीबाग मुक्तिधाम सेवा संस्थान के कर्मी नीरज पासवान को बुलाया। उन्होंने सातों घायलों और चार शवों को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया। उससे पहले सीएचसी में इलाज के क्रम में एक और मजदूर की मौत हो गई।

**पांच मजदूरों की दर्दनाक मौत :** सूचना के अनुसार, रविवार की शाम सात बजे हजारीबाग से पंडाल का सामान लेकर ट्रक रांची की ओर लौट रहा था। ट्रक के ऊपर डाला पर 11 मजदूर सवार थे। चरही के यूपी मोड़ के निकट घाटी के पास यह तीखा मोड़ पर तेज



गति से चल रहा ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर पलट गया। ट्रक के पलटने ही उसपर सवार सभी मजदूर सड़क पर आ गिरे। उनमें चार लोगों की मौके पर मौत हो गई। मृतक कौन थे समाचार लिखे जाने तक यह जानकारी नहीं मिल पाई है। वहीं इलाज के क्रम में सीएचसी में एक मजदूर 26 वर्षीय संजीत कुमार की मौत हो गई।

**हादसे के बाद सभी मजदूर सड़क पर गिरे :** मृतकों का शव हजारीबाग मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल की मॉर्चरी में रखा गया है। उनके पहचानकर्ता की प्रतीक्षा की जा रही है। वहीं एक अन्य अज्ञात की स्थिति गंभीर बनी हुई है। पांच अन्य घायलों का इलाज किया जा रहा है। ट्रक पर सवार सभी मृतक और घायल मजदूर हैं। सभी रांची के ठेकेदार के अंदर काम कर रहे थे। बताया जा रहा है कि हजारीबाग से टेंट का सामान लेकर लौट रहे थे। सभी सामान के ऊपर ही ट्रक में बैठे थे।

**कार भी हुई क्षतिग्रस्त :** जिस वक्त अनियंत्रित होने के बाद ट्रक डिवाइडर से टकरा कर दूसरी ओर के लेन में गिरा, उसी समय एक कार भी रामगढ़ की ओर से आ रहा था। वह भी ट्रक से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गया। हलांकि कार सवार सभी लोग सुरक्षित हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक से गिरे कुछ मजदूर को कार से भी चोटें आई हैं।

घायलों में 20 वर्षीय श्रीराम कुमार, 18 वर्षीय अमित कुमार यादव, 35 वर्षीय मगहर साव, 25 वर्षीय जयांश यादव और 26 वर्षीय श्रवण कुमार शामिल हैं। सभी का इलाज हजारीबाग मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में चल रहा है। ये कहां के रहनेवाले हैं, इसकी जानकारी ली जा रही है।

## झारखंड में टाटानगर से बोकारो के लिए चलेगी नई मेमू ट्रेन, रेल मंत्री ने भेजा पत्र

**जमशेदपुर, एजेंसी।** झारखंड के टाटानगर से मुरी और सुईसा होकर बोकारो तक नई मेमू ट्रेन जल्द चलेगी। रांची के सांसद सह केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की मांग को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंजूर कर लिया है और पत्र भेजकर ट्रेन संचालन से जुड़ी अन्य जांच कराने की जानकारी दी है।

इससे टाटानगर के यात्रियों को बोकारो जाने के लिए छह ट्रेनों की सुविधा मिलने लगेगी। अभी टाटानगर से गुजरने वाली पुरुषोत्तम, नीलांचल, राजधानी, जलियांवाला बाग समेत झाड़ग्राम-धनबाद मेमू बोकारो में रुकती है।

टाटानगर-बोकारो मेमू ट्रेन से कोल्हान समेत झारखंड के अन्य जिलों के यात्रियों को रोज आवागमन में सहूलियत होगी। हालांकि दक्षिण पूर्व रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य अरुण जोशी व फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के महासचिव परेश गट्टानी ने कोल्हान मुख्यालय चाईबासा से झारखंड की राजधानी रांची तक फास्ट मेमू ट्रेन चलाने का मुद्दा गार्डेनरीच में



उठाया है। वहीं, टाटानगर से रात के समय चाईबासा तक मेमू ट्रेन चलाने की योजना चक्रधरपुर मंडल में है। बोकारो मेमू ट्रेन शुरू होने से टाटानगर के यात्रियों को बस का इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

**अवैध हॉकरों से जुर्माना वसूलने का अभियान शुरू :** टाटानगर स्टेशन पर अवैध हॉकरों से जुर्माना वसूलने का अभियान शुरू है। चक्रधरपुर मंडल के सीनियर डीसीएम आदित्य चौधरी के आदेश पर अवैध हॉकर की जांच के लिए टिकट निरीक्षक, खानपान निरीक्षक एवं आरपीएफ की टीम बनी है। रविवार को तीन अवैध हॉकर से हजारो रुपये जुर्माना वसूला गया। ज्यादात्तर अवैध हॉकर दूसरे मार्ग की ट्रेनों से टाटानगर में उतरने के समय धराएं। स्टेशन और ट्रेनों में घूमकर यात्रियों को खाद्यय सामग्री व अन्य सामान बेचने वालों में हड़कंप मचा है, क्योंकि शनिवार को भी कई अवैध हॉकर पकड़ाए थे। अवैध हॉकर यात्रियों को घटिया दर्जे की खाद्य सामग्री ज्यादा कीमत पर बेचते हैं।

## सीडीएस, एनडीए और एनए का एडमिट कार्ड जारी, 1 सितंबर को दो पाली में होगी परीक्षा



**रांची, एजेंसी।** कंबाइंड डिफेंस सर्विस (सीडीएस), नेशनल डिफेंस एकेडमी (एनडीए) और नेवल एकेडमी (एनए) की परीक्षा एक सितंबर को होगी। इसके लिए एडमिट कार्ड जारी हो गए हैं। परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली सुबह 10 से दोपहर 12.30 तक और दूसरी पाली दोपहर 2 सो शाम 4.30 तक होगी। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की ओर से 863 पदों पर भर्ती के लिए परीक्षा हो रही है।

इसमें सीडीएस के लिए 459 पद, एनडीए में 370 और एनए के लिए कुल 34 पद शामिल हैं। सीडीएस, एनडीए और एनए की परीक्षा साल में दो बार आयोजित की जाती है। इसके पहले मार्च में परीक्षा हुई थी। अब दूसरी परीक्षा सितंबर में होगी। सीडीएस के माध्यम से उम्मीदवारों का भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए), वायुसेना अकादमी (एएफए), भारतीय नौसेना अकादमी (आईएनए) और अधिकारियों के प्रशिक्षण (ओटीए) में प्रवेश होगा। एनडीए और एनए से आर्मी, नेवी और एयरफोर्स विंग्स में प्रवेश होगा। एडमिट कार्ड आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।

परीक्षा की चयन प्रक्रिया: एनडीए, एनए-2 और सीडीएस-2 परीक्षा के तहत आवेदकों का चयन लिखित परीक्षा और इंटरव्यू के जरिए किया जाएगा। लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थी को सेवा चयन बोर्ड (एसएसबी) की ओर से इंटरव्यू के लिए बुलाया जाएगा। आर्मी विंग के लिए आवेदक का किसी भी स्ट्रीम में 12वीं पास होना अनिवार्य होगा। एयरफोर्स और नेवल विंग के लिए 12वीं में पीसीएम स्ट्रीम (फिजिक्स, केमेस्ट्री व मैथमेटिक्स) से पास होना अनिवार्य होगा। महिला और पुरुष दोनों को अविवाहित होना चाहिए।

# 20 साल से नौकरी कर रहे शिक्षकों के प्रमोशन का रास्ता साफ, 15 हजार टीचरों को मिलेगा फायदा

**रांची, एजेंसी।** राज्य के प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत वैसे शिक्षक जो बेसिक ग्रेड (इंटर प्रशिक्षित) में 20 वर्ष तक कार्य कर चुके हों और उन्हें प्रोन्नति नहीं मिली हो, उन्हें प्रधानाध्यापक (ग्रेट सात) के पदों पर प्रोन्नति में छूट मिलेगी।

एक बार के लिए यह छूट प्रधानाध्यापक के पद पर प्रोन्नति के लिए ग्रेड चार में न्यूनतम पांच वर्ष कार्य करने से मिलेगी। इसका लाभ उन लगभग 15 हजार प्राथमिक शिक्षकों को मिलेगा, जो अभी तक प्रोन्नति से वंचित हैं।

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा तैयार झारखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक प्रोन्नति नियमावली-2024 के ड्राफ्ट में किया गया है। हालांकि विभाग द्वारा तैयार नियमावली के इस ड्राफ्ट के कई प्रविधानों पर विभिन्न शिक्षक संघों ने आपत्ति की है। इस छूट को लेकर संघों की कोई आपत्ति नहीं है।

प्रस्तावित नियमावली में यह भी प्रविधान किया गया है कि निश्शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा के अधिकार अधिनियम, 2009 के तहत अर्थात राज्य में 16 दिसंबर 2014 के बाद नियुक्त इंटर प्रशिक्षित शिक्षकों को कक्षा छह से आठ के



कैडर में प्रोन्नति के लिए जेटेट उत्तीर्ण होना अनिवार्य होगा।

इसके पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर यह अनिवार्यता लागू नहीं होगी। वर्ष 2015-16 में नियुक्त प्राथमिक शिक्षकों के संघ झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ ने इसपर आपत्ति करते हुए सभी शिक्षकों पर इसे लागू करने की मांग रखी है।प्रस्तावित नियमावली में प्रधानाध्यापक के पदों पर प्रोन्नति में 50 प्रतिशत पद कक्षा छह से आठ में सीधे नियुक्त (वर्ष 2015-16 में) प्राथमिक शिक्षकों को देने तथा 50 प्रतिशत पद पूर्व से कार्यरत प्राथमिक शिक्षकों को देने का भी प्रविधान किया गया है।

अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ने इसका विरोध करते हुए कहा कि प्रधानाध्यापक के पद इसलिए रिक्त हैं, क्योंकि पूर्व से कार्यरत शिक्षकों को समय पर प्रोन्नति नहीं दी गई। प्रस्तावित नियमावली में मेधांक के आधार पर वरीयता तय करने की भी बात कही गई है, जिस पर दोनों संघों ने आपत्ति की है।

झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ का कहना है कि वर्ष 2015-16 में जिला स्तर पर नियुक्ति हुई थी, जिसमें विभिन्न जिलों में अलग-अलग कट ऑफ गया था।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper



# विचार-मंथन

## संपादकीय

### जरूरी भूमि सर्वे

बिहार में शुरू हुआ भूमि सर्वेक्षण कार्य प्रशंसनीय और स्वागतयोग्य है। देश के ज्यादातर राज्यों में भूमि सुधार का कार्य पूरा हो चुका है, पर बिहार में दशकों से इसका इंतजार रहा है। वैसे राज्य के 20 जिलों के 89 अंचलों में सर्वेक्षण पहले से चल रहा था, जो अब लगभग पूरा होने को है और बचे हुए 445 अंचलों में सर्वे अब शुरू हुआ है। गौर करने की बात है कि अमीन, कानून गो और सहायक बंदोबस्त पदाधिकारियों की कमी की वजह से इन अंचलों में सर्वेक्षण का काम रुका हुआ था। इन पदों पर संविदाकर्मियों की बहाली हुई है, जिन्हें प्रशिक्षण के बाद भूमि सर्वेक्षण कार्य में तैनात कर दिया गया है। वैसे तो बिहार में काफी हद तक भूमि विवरण का डिजिटलीकरण हो चुका है और काफी कुछ ऑनलाइन उपलब्ध है, मगर जब संपूर्ण भूमि सर्वे संपन्न हो जाएगा, तब एक-एक भूखंड के बारे में जानकारी ऑनलाइन उपलब्ध हो जाएगी। जमाबंदियों में सुधार की प्रक्रिया भी तेजी से चल रही है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार साल 2025 में राज्य विधानसभा चुनाव से पहले ही सर्वे को पूरा करने पर जोर दे रहे हैं। उन्होंने आदेश के साथ ही अधिकारियों से एक तरह से हाथ जोड़कर आग्रह भी किया है कि भूमि सर्वेक्षण में तेजी लाई जाए। वास्तव में, बिहार में भूमि सर्वेक्षण के काम को कभी गंभीरता से नहीं लिया गया। भूमि संबंधी रिकॉर्ड लोगों के भरोसे ही चल रहे हैं। गांवों में जाकर रिकॉर्ड सुधारने का काम पहले ही हो जाना चाहिए था, पर इच्छाशक्ति की कमी के साथ ही, कर्मचारियों की कमी भी एक बड़ा बहाना बनती आ रही थी। सर्वे को उसके अंजाम तक पहुंचाने के लिए अब करीब 9,888 लोगों को नियुक्ति दी गई है। हालांकि, सावधान रहना होगा कि सर्वे का काम अनुभवी लोगों के नेतृत्व में ही संपन्न हो। बड़े अधिकारियों के साथ ही छोटे कर्मचारियों को भी पूरी ईमानदारी से इस काम को अंजाम देना चाहिए। सर्वे समाधान के लिए है, इसे समस्या बढ़ाने वाला काम नहीं बनाना चाहिए। यह सर्वेक्षण बिहार राज्य की एक बड़ी सेवा है। बिहार में 60 प्रतिशत अपराध भूमि संबंधी विवाद की वजह से होते हैं। आए दिन हत्या-हिंसा की घटनाएं होती हैं। अब जब भूमि संबंधी कागजात दुरुस्त कर दिए जाएंगे, तब धांधली या गलत दावेदारी की आशंका भी घटेगी। अफसोस, विगत दशकों में गांव-गांव में भूमि की खरीद-फरोख्त के ऐसे दलाल पैदा हो गए हैं, जिन्हें सिर्फ दलाली खाने से मतलब है, सही-गलत से नहीं। दलाली के लालच में वे फर्जी कागजों का अंबार लगा सकते हैं। ऐसे मामले बहुत हैं, जब दलालों ने फर्जीवाड़े से सौदा करवा दिया, दलाली वसूल ली और अब खरीदने-बेचने वाले अदालतों में चप्पलें घिस रहे हैं।

### लड़कियां फिर आगे, शिक्षा मंत्रालय की ताजा रिपोर्ट

शिक्षा मंत्रालय की ओर से किया गया 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं का विश्लेषण कई गंभीर मसलों की ओर ध्यान खींचता है, लेकिन इसका सबसे अहम पहलू है स्कूलों में लड़कियों की ओर से लिखी जा रही कामयाबी की सुनहरी कथाएं। यह लगातार दूसरा साल है जब शिक्षा मंत्रालय ने देश के 59 स्कूल बोर्डों के रिजल्ट्स का विश्लेषण करते हुए अपनी रिपोर्ट पेश की है। समाज में और परिवार के अंदर लड़कियों को जिस पूर्वाग्रह भरी दृष्टि का सामना करना पड़ता है उसका एक ज्वलंत उदाहरण रिपोर्ट में इस तथ्य के रूप में उभरता है कि देश भर में प्राइवेट स्कूलों में लड़कों और सरकारी स्कूलों में लड़कियों की संख्या ज्यादा है। साफ है कि मां-बाप चाहते हैं बेटे ज्यादा अच्छी और महंगी शिक्षा पाएं। बेटियों को जैसे-तैसे पढ़ा देना काफी माना जाता है। दिलचस्प है कि यह पूर्वाग्रह लड़कियों के जज्बे को कमजोर करने के बजाय उसे और मजबूती दे रहा है। रिजल्ट्स का विश्लेषण बताता है कि बोर्डों, स्कूलों और विषयों के भेदों से ऊपर उठते हुए लड़कियां, लड़कों से बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। 10वीं और 12वीं दोनों में, चाहे स्टेट बोर्ड हों या नैशनल और चाहे प्राइवेट स्कूल हों या सरकारी, लड़कियों का पासिंग पर्सेंटेज लड़कों से काफी ज्यादा है। जहां तक स्ट्रीम सिलेक्शन की बात है तो साइंस आज भी सबसे लोकप्रिय है। करीब 43ऽ स्टूडेंट्स साइंस स्ट्रीम में अपीयर हुए और 34ऽ आर्ट्स स्ट्रीम में थे। खास बात यह कि साइंस में लड़कों की बहुलता थी जबकि आर्ट्स में लड़कियों की। लेकिन पासिंग पर्सेंटेज देखें तो लड़कियां न सिर्फ आर्ट्स में बल्कि साइंस में भी लड़कों से आगे नजर आती हैं। स्कूल स्तर पर यह जो ट्रेंड इस रिपोर्ट में दिख रहा है, वह अन्य तमाम क्षेत्रों में उभरते नए ट्रेंड से मेल खा रहा है।

## मध्य प्रदेश की मोहन सरकार के दो निर्णयों की यूनिसेफ़ ने भी की सराहना

(प्रवीण गुगनानी)

*चर्चा में आई कृषक व श्रीअन्न आधारित दूसरी योजना भी राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय होने जा रही है। मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के किसानों हेतु रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना लागू की है। कृषक जगत हेतु महत्वपूर्ण इस योजना में श्रीअन्न जैसे कोदो, कुटकी, रागी, ज्वार, बाजरा, कंगनी, सांवा आदि को उपजाने वाले कृषक बंधुओं को प्रति किलो 10 रुपये दिए जाएंगे।*

विगत सप्ताह मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छात्राओं के सम्मान व उनसे संवाद के एक कार्यक्रम में समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत प्रदेश की उन्नीस लाख छात्राओं के खाते में सत्तावन करोड़ अट्ठारह लाख रू. की राशि सैनिटरी नैपकिन हेतु ट्रांसफ़र कर दी थी। पिछले दिनों में मप्र की मोहन यादव सरकार ने दो निर्णय लिए हैं और दोनों ही से वे अपार लोकप्रियता प्राप्त करने जा रहे हैं। प्रदेश की किशोरी छात्राओं हेतु लिए गए एक निर्णय की तो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा व प्रसंशा हो रही है। एक निर्णय की अंतर्राष्ट्रीय एक योजना जहां प्रदेश के किसानों हेतु शुभसमाचार है वहीं दूसरी योजना प्रदेश की स्कूली बालिकाओं के लिए प्रसन्न कर देने वाली है। बालिकाओं को निःशुल्क सैनिटरी पेड देने वाली इस योजना की प्रशंसा संयुक्त राष्ट्र संघ, के संगठन यूनिसेफ़ ने भी मुक्त कंठ से की है। देश के कुछ प्रदेशों में छात्राओं को निःशुल्क सैनिटरी नैपकिन दिये जाते रहे हैं किंतु इस संदर्भ में बालिकाओं को नगद राशि देने वाला प्रथम राज्य मप्र बन गया है। इस प्रकार नगद राशि से बालिकाऐं अपनी पसंद व आवश्यकतानुसार सामग्री स्वयं क्रय सकेंगी। मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव की सैनिटेशन एवं हाईजीन योजना को यूनिसेफ़ ने एक उत्कृष्ट योजना बताया है। यूनिसेफ़ ने एक्स (ट्विटर) पर अपने एकाउंट में लिखा कि यह एक अनूठा नवाचार है और प्रसंशा करते हुए इस योजना को शुभकामनाएँ दे है। डॉ. मोहन यादव ने भी अपने एक्स अकाउंट पर यूनीसेफको इस योजना की प्रसंशा करने हेतु धन्यवाद देते हुए कहा है- मध्य प्रदेश के किशोरों और बच्चों के लिए काम करने की हमारी प्रतिबद्धता को विश्व स्तर पर मान्यता देने के लिए यूनीसेफ इंडिया को हार्दिक धन्यवाद। यूनिसेफ पूर्व से ही की भारतीय इकाई भारत सरकार के साथ मिलकर स्कूल हाईजीन और मासिक धर्म संबंधी स्वास्थ्य जागरुकता की दिशा में अभियान चलाये हुए है। विगत सप्ताह मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छात्राओं के सम्मान व उनसे संवाद के एक कार्यक्रम में समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत प्रदेश की उन्नीस लाख छात्राओं के खाते में सत्तावन करोड़ अट्ठारह लाख रू. की राशि सैनिटरी नैपकिन हेतु ट्रांसफ़र कर दी थी। यह राशि कक्षा सातवीं से बारहवीं तक की छात्राओं को दी जाएगी जिससे वे स्वयं नैपकिन क्रय कर सकेंगी। इस योजना से उन्हें एक वर्ष हेतु तीन सौ रु. मिलेंगे। इस योजना के अंर्तगत समग्र शिक्षा अभियान में विद्यालयों व महाविद्यालयों की छात्राओं को मासिक धर्म के समय स्वच्छता की महत्व और महत्व को भी बताया जाना है। प्रदेश में पूर्व से ही महिला एवं बाल विकास की एक उदिता योजना भी कार्यरत है जिसमें अट्ठारह से उन पचास आयु वर्ग की महिलाओं आंगनवाड़ी के कार्यकर्ताओं द्वारा लाभ दिया जाता है। चर्चा में आई कृषक व श्रीअन्न आधारित दूसरी योजना भी राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय होने जा रही है। मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के किसानों हेतु रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना लागू की है। कृषक जगत हेतु महत्वपूर्ण इस योजना में श्रीअन्न जैसे कोदो, कुटकी, रागी, ज्वार, बाजरा, कंगनी, सांवा आदि को उपजाने वाले कृषक बंधुओं को प्रति किलो 10 रुपये दिए जाएंगे। कृषकों को दस रू. प्रति किलोग्राम दस रुपये देने की योजना जहां देश के लिए बड़ी मात्रा में श्रीअन्न उपजाने हेतु प्रेरणा व आर्थिक संबल देगी वहीं कृषकों, विशेषतः जनजातीय कृषकों हेतु वरदान सिद्ध हो सकती है। हमारे प्रदेश के जनजातीय पूर्व से ही इन मोटे अनाजों को उपजाते व खाते रहें हैं किंतु अब इस योजना से वे श्रीअन्न का उत्पादन बढ़ायेंगे। संयुक्त राष्ट्र संघ ने भारत की पहल पर वर्ष 2023 को श्रीअन्न वर्ष घोषित किया था। प्रधानमंत्री जी, नरेंद्र मोदी भी श्रीअन्न को अपने भाषणों व कथनों में स्थान देते रहते हैं जिससे देश में मोटा अनाज खाने का एक सुदृढ़ वातावरण बन गया है। इस स्थिति में इन अनाजों हेतु बाज़ार बढ़ना ही है। अब इस योजना से मप्र के कृषक विशेषतः जनजातीय कृषक विषे तौर पर लाभान्वित होंगे। कृषकों को उनकी प्रोत्साहन राशि सीधे उनके खाते में अंतरित की जाएगी। ये अनाज प्रमुख रूप से मंडला, डिंडोरी, बालाघाट, शहडोल, अनूपपुर, बैतूल, छिंदवाड़ा, सीधी और सिंगरौली जैसे जनजातीय बहुल जिलों में उगाए जाते हैं। प्रदेश में मोटे अनाजों के उत्पादन, प्रसंस्करण और विपणन पर केंद्रित एक सम्मेलन का आयोजन भी पूर्व में हो चुका है। प्रदेश के डिंडोरी ज़िले में श्रीअन्न अनुसंधान संस्थान केंद्र के निर्माण की भी घोषणा हो चुकी है। यद्दपि वर्तमान में मप्र, देश के मोटे अनाज के उत्पादन में केवल 3.5 प्रतिशत का योगदान देता है वहीं राजस्थान में देश का 33 प्रतिशत व कर्नाटक में 23 प्रतिशत रकबे में इसकी कृषि की जाती है। मोटे अनाज स्वास्थ्य की दृष्टि से अत्यधिक उपयोगी व लाभप्रद होते हैं। इनमें खनिज, मिनरल्स व प्रोटीन्स की मात्रा अत्यधिक होती है। इन सभी गुणों के कारण श्रीअन्न को कई बीमारियों के निदान हेतु भी उपयोग किया जाने लगा है। वर्तमान समय में मप्र में छः लाख बीस हजार हेक्टेयर भूमि पर मोटा अनाज उत्पादित किया जा रहा है जबकि वर्ष 2021-22 में यह पांच लाख पचपन हजार हेक्टेयर पर ही श्रीअन्न उपजाया जाता था। मप्र देश में मोटे अनाजों के उत्पादन में पाँचवें न. पर है। वर्ष 2023-24 में प्रदेश में 12.68 लाख टन मोटे अनाजों का उत्पादन हुआ, जो 2019-20 में 8.96 लाख टन था। प्रदेश में सबसे अधिक लगभग 60 प्रतिशत बाजरा उगाया जा रहा है। प्रदेश के कृषकों को दस रुपये प्रति किलोग्राम की प्रोत्साहन राशि व शालेय किशोरियों को सैनिटरी नैपकिन देने की योजना से निश्चित ही मप्र की मोहन सरकार देश भर में अग्रणीं होने जा रही है।

- **मप्र के महाकोशल के मंडला, डिंडोरी, बालाघाट आदि जिलों में श्रीअन्न का ज्यादा उत्पादन होता है।**
- **उत्पादन क्षेत्र नहीं बढ़ने की बड़ी वजह यह भी है कि प्रदेश में इसकी बड़ी खाद्य प्रसंस्करण इकाई नहीं हैं।**
- **देशभर में कुल खाद्यान्न उत्पादन के 10 प्रतिशत हिस्से में मोटा अनाज उगाया जा रहा है।**
- **राजस्थान में सर्वाधिक 33 और कर्नाटक में कुल खाद्यान्न 23 प्रतिशत क्षेत्र में श्रीअन्न का उत्पादन किया मप्र के महाकोशल के मंडला, डिंडोरी, बालाघाट आदि जिलों में श्रीअन्न का ज्यादा उत्पादन होता है।**
- **उत्पादन क्षेत्र नहीं बढ़ने की बड़ी वजह यह भी है कि प्रदेश में इसकी बड़ी खाद्य प्रसंस्करण इकाई नहीं हैं।**
- **देशभर में कुल खाद्यान्न उत्पादन के 10 प्रतिशत हिस्से में मोटा अनाज उगाया जा रहा है।**
- **राजस्थान में सर्वाधिक 33 और कर्नाटक में कुल खाद्यान्न 23 प्रतिशत क्षेत्र में श्रीअन्न का उत्पादन किया जा रहा है। ऐसी ही प्रोत्साहन योजनाओं व कृषकोंको मिल रही नियोजित मार्केटिंग की योजनाओं व अच्छे मूल्यों के प्राप्त होने के चलते ही मप्र में जहां वर्ष 2019-20 में आठ लाख छ्यानवे हज़ार मेट्रिक टन का उत्पादन होता था।**

## जातियों में बांटकर सनातन धर्म को कमजोर करने की साज़िश!

(दीपक कुमार त्यागी)

हालांकि लोगों का मानना है कि जिस तरह से पिछले कुछ वर्षों में भारत वैश्विक स्तर पर एक बेहद मजबूत ताकत बन कर के उभरा है, जिस तरह से उसने दुनिया के हर क्षेत्र में अपना लोहा मनवाने का कार्य बखूबी किया है। देश में पिछले कुछ वर्षों से कुछ लोगों के द्वारा अपने क्षणिक स्वार्थों को पूरा करने के लिए विश्व के सबसे प्राचीन धर्म व महान धर्म 'सनातन धर्म' को जातियों में विभाजित करके उसको कमजोर करने का ज़हरीला एजेंडा निरंतर चलाया जा रहा है। यह चंद लोग दिन-रात इस बात के लिए व्यस्त हैं कि किस तरह से सनातन धर्म के अनुयायियों को जल्द से जल्द जातियों में बांटकर अपना स्वार्थ जल्द से जल्द पूर्ण किया जाए। इसलिए इन चतुर लोगों का गैंग हिन्दुस्तान की आत्मा हिन्दुओं को बिना सिर-पैर के मुद्दों पर आपस में लड़ाकर के जातियों के नाम पर बांटकर के हिन्दुओं की ताकत को कमजोर करने की साज़िश रचने में लगा हुआ है। ऐसा करके यह चंद लोग एक तरफ तो सनातन धर्म के अनुयायियों की एकता को बेहद चालाकी से चोट पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ यह लोग देश के विकास में बाधक बन करके भारत को विश्वगुरु बनने से रोकने का षड्यंत्र भी रच रहे हैं। यह चंद लोग बड़ी ही चतुराई के साथ 'फूट डालो राज करो' के अंग्रेजों की बनाई नीति पर सनातन धर्म के अनुयायियों के बीच जाकर के दिन-रात काम कर रहे हैं। धरातल के हालात देखकर लगता है कि सरकार भी इन चंद लोगों के जातिवाद के ज़हरीले एजेंडे को समझ करके उस पर अंकुश लगाने में अब तक तो पूरी तरह से विफल रही है, वह इन लोगों की अभी तक तो कोई ठोस काट ढूंढ नहीं पाई हैं। देश में बहुत सारे लोगों का मानना है कि जिस भारतीय जनता पार्टी ने वर्ष 2014 व 2019 के चुनावों में मोदी मैजिक के दम पर देश में जातियों की बेड़ियों को तोड़कर के हिन्दुओं को एक करके दो बार केन्द्र में स्पष्ट बहुमत हासिल कर के सरकार बनायी थी, उस मोदी सरकार के निर्माण में हिन्दुओं को एकजुट करने वाले फार्मूले का बहुत बड़ा योगदान था। वहीं तीसरी बार वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों में जाने से पहले ही विपक्ष के बहुत सारे नेताओं के साथ-साथ खुद सत्ता पक्ष के कुछ नेताओं ने अपने क्षणिक स्वार्थों को पूरा करने के लिए हिन्दुओं की एकजुटता की बात ना करके उन्हें जातियों में बांटकर बात करनी शुरू कर दी थी, जिसके चलते इस बार के लोकसभा चुनावों में मतदान के समय हिन्दू मतदाता एकबार फिर से जातियों में पूरी तरह से बंट गया था, जिसके परिणामस्वरूप भाजपा केन्द्र में स्पष्ट बहुमत की सरकार बनाने से चूक गयी। लेकिन चुनाव बीत जाने के बाद अब भी देश में जातिवाद की राजनीति विपक्ष व सत्ता पक्ष के कुछ लोगों के द्वारा निरंतर जारी है, जोकि हिन्दुओं को जातियों में तोड़कर के देश व हिन्दुओं को कमजोर करने का कार्य कर रही है। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में जातिवाद की राजनीति के दम पर विपक्षी दलों को मिली भारी सफलता के चलते ही आज पूरे देश में एकबार फिर से हिन्दुओं को जातियों में बांटने के लिए जातियों के नाम पर तरह तरह से बरगलाने वाले लोगों व नेताओं की एक पूरी फौज धरातल पर जोशो-खरोश के साथ दिन-रात कार्य कर रही है, देश व सनातन धर्म के हित में इस स्थिति को जल्द से जल्द रोकना होगा। हालांकि लोगों का मानना है कि जिस तरह से पिछले कुछ वर्षों में भारत वैश्विक स्तर पर एक बेहद मजबूत ताकत बन कर के उभरा है, जिस तरह से उसने दुनिया के हर क्षेत्र में अपना लोहा मनवाने का कार्य बखूबी किया है। उस स्थिति के चलते भारत के नये दोस्त व नये दुश्मन भी बने हैं, जिसमें दुश्मन देश चाहते हैं कि भारत में कोई ऐसा विवाद खड़ा किया जाये, जो भारत के विकास की गति को रोकने का कार्य कर सकें और आज देश में जातिवाद का ज़हर एक ऐसा ही जहरीला ज्वलंत मुद्दा बन गया है, जिसने भारत के मौजूदा नेतृत्व को परेशान कर रखा है और दुनिया के साथ-साथ देश के हर वर्ग का ध्यान अपनी तरफ आकर्षित कर रखा है।

## सुडोकू पहेली — क्रमांक- 5473

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 3 | | 1 | 6 | | | |
| | 9 | 1 | | | | | 6 | |
| 2 | 6 | 4 | | | | | | |
| | | | 4 | 6 | | | 7 | 2 |
| | 7 | | | 3 | | | 5 | |
| 4 | 3 | | | 5 | 2 | | | |
| | | | | | | 1 | 8 | 5 |
| | 8 | | | | | 7 | 4 | |
| | | | 1 | 7 | | 2 | | 3 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5472

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 2 | 4 |
| 2 | 7 | 1 | 3 | 8 | 4 | 9 | 6 | 5 |
| 5 | 9 | 4 | 1 | 2 | 6 | 8 | 7 | 3 |
| 3 | 2 | 7 | 4 | 6 | 1 | 5 | 9 | 8 |
| 9 | 1 | 8 | 5 | 7 | 3 | 6 | 4 | 2 |
| 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 6 | 2 | 8 | 4 | 5 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 8 | 9 | 7 | 3 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 9 | 2 | 8 | 7 |

## वर्ग पहेली 5473



**संकेत: बाएं से दाएं**
1. 1970 को इस देश ने स्वतंत्रता हासिल की (2)
3. 1954 को बॉलीवुड की इस अभिनेत्री ने जन्म लिया, इस अभिनेत्री की पहली फिल्म सावन भादों (1970) थी (2)
5. शिकन, ताकत, मरोड़, शक्ति (2)
7. आजीविका, जीवन यापन साधन (2)
8. पुराणानुसार उज्जयिनी के राजा चंद्रसेन की पुत्री जो चंद्रवंशी सहस्त्रानी के पुत्र उदयन को ब्याही थी (5)
10. एक अन्न जिससे मदिरा का निर्माण भी होता है (1)
11. अपमान, अनादर (उर्दू)(3)
12. एक कर्ण आभूषण, गेंहू, जौ कीफसल में लगने वाला कीड़ा (2)
14. माता सरस्वती का एक नाम (3)
16. रगड़ या पीसकर टुकड़े-टुकड़े करना (3)
18. तौलने की एक प्राचीन ईकाई (2)
19. किन्हें की स्थिति को यह भी कहा जाता है (3)
21. यूनानी चिकित्सा करने वाला (3)
22. शब्द ब्रह्मा, नादरूपिणी वाणी (2)
24. सरिता, तटिनी, निर्झरणी (2)

**ऊपर से नीचे**
1. उत्तरप्रदेश का यह स्थान चूड़ी बनाने के कारखाने के लिए प्रसिद्ध है (5)
2. बड़ी बहन के लिए संबोधन, दीदी (2)
3. नर्मदा नदी का एक नाम यह भी है (2)
4. विशिष्टत, खासकर (3)
5. देह, काया, तन, शरीर (3)
6. चीथड़ा, धज्जी (2)
9. इस अभिनेत्री की पहली फिल्म सीआईडी थी इनका जन्म 3 फरवरी 1938 को हुआ था (7)
13. दिल्ली की इस इमारत को पांचवे मुगलशासक शाहजहां ने बनवाया था (4)
15. हथेली में चुल्लु में पानी लेकर मंत्रपूर्वक पीना (4)
17. मोटी खमीरी रोटी (4)
20. तुषार पात, कुहरा (3)
22. पुराणानुसार मद्र देश की राजकुमारी को पांडुराज की पत्नी थी (2)

### वर्ग पहेली 5472 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | म | ज | द | अ | ली | खां | |
| क्ष | ति | | स्तू | | प | सी | ना |
| य | | प | र | ना | ना | | |
| तृ | ती | या | | लि | | | त |
| ती | | म | हे | श | भू | प | ति |
| या | म | | ल्मे | | त | ल | त |
| | ल | ला | ट | | ना | क | |
| बे | ना | म | | पं | थ | | |

## आज का राशिफल

### मेष
आज हर काम को संभलकर करने की सलाह है। आपकी बिना वजह किसी के साथ अनबन हो सकती है। अपने कार्य कौशल से आप शत्रुओं पर विजय प्राप्त करेंगे। घर गृहस्थी के उपयोग की कोई प्रिय वस्तु खरीदी जाएगी। शुभ व्यय होने से आपका मन प्रसन्न होगा। दाम्पत्य जीवन में सरसता बनाए रखें, समाज में सम्मान बढ़ेगा।

### वृष
आज भाग्य साथ दे रहा है और महत्वाकांक्षी प्रकृति वालों के लिए दिन शुभ फलदायक रहेगा। यात्रा सामान्य लाभप्रद रहेगी। दोपहर बाद उच्चाधिकारियों से किसी प्रकार का विवाद हो सकता है। कानूनी पक्ष नया मोड़ ले सकता है। सांयकाल के समय योजनापूर्ति से लाभ होगा। अतिथि आगमन से खर्च बढ़ना संभव है।

### कर्क
आज लाभ का दिन है और आज किसी नई डील से अचानक धन का लाभ होगा। घर में पत्नी या संतान की अचानक तबीयत खराब होने से आपको टेंशन हो सकती है। किसी महत्वपूर्ण कार्य को करते समय या गाड़ी चलाते समय टेंशन को हावी न होने दें। दोस्ती में किसी पर आंख बंद करके भरोसा न करें।

### सिंह
आज लाभ होगा और कारोबार में आपकी योजनाएं सफल होंगी। किसी महान सफलता के मिलने से आपको हर्ष होगा और बड़ी मात्रा में रुपया हाथ में आने से आपको खुशी होगी। दिन के उत्तरार्ध में पिछले चार दिनों से चला आ रही कड़वाहट दूर होगी। कहासुनी को बातचीत से सुलझा लें। रात्रि का समय सैर सपाटे में व्यतीत करें।

### मिथुन
आज दिन काफी मिलाजुला रहेगा। आपके आसपास का वातावरण काफी विपरीत स्थिति वाला रहेगा। आप अपने धैर्य और मृदु व्यवहार से वातावरण को हल्का करने में कामयाब होंगे। अपने प्रिय व्यक्ति की मदद करने के कारण कुछ परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

### कन्या
आज दिन प्रसन्नता से भरा होगा और आपके पराक्रम में वृद्धि होगी। दिन अच्छा है, जिन यंगस्टर्स ने अभी अपने करियर की शुरुआत की है, उन्हें आज अपने ऑफिस में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में मान प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

### तुला
आज किसी काम में मन नहीं लगेगा और आपकी योजनाएं अधूरी पड़ी रहेंगी। अगर आपकी राजनीति से जुड़े हैं तो राजनीतिक गतिविधियों में भी रुकावट आ सकती है और आपका काम करने का मन नहीं करेगा। दोपहर के बाद में किसी नए कार्य की रूपरेखा बनेगी। अच्छे कार्य करने से आपका मन प्रसन्न होगा और पुण्य कार्य से आपको लाभ होगा।

### वृश्चिक
आज दिन मिश्रित फलकारक है और समाज में लोगों के बीच में आपकी अच्छी छवि बनेगी। जिस भी योजना पर आप वर्तमान में काम कर रहे हैं उसमें सजगता बरतें। पदोन्नति के अवसर मिलेंगे और कारोबार में शानदार मुनाफा होगा। किसी मामले में विरोध के बाद भी आपके संकल्पित कार्य सिद्ध होंगे और आपको लाभ होगा।

### मकर
आज करियर के मामले में लाभ का दिन है और आपको उत्तम संपत्ति की प्राप्ति होने से आपका मन प्रसन्न होगा। आपकी मान-प्रतिष्ठा में निश्चित रूप से वृद्धि होगी और कारोबार में आपको भाग्य का साथ मिलेगा। आपके उत्तरदायित्व बढ़ने से कुछ असहज स्थिति उत्पन्न हो सकती है, घबराएं नहीं और अपने काम पर फोकस करें। शाम से लेकर रात तक पुराने मित्रों के मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। शाम का वक्त आनंद में बीतेगा।

### कुंभ
आज करियर में लाभ होगा और आपके सुख के साधनों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा और उनकी मदद से आप कोई नया काम आरंभ कर सकते हैं। व्यवसायिक प्रयास फलीभूत होंगे। राज्य मान प्रतिष्ठा की वृद्धि होगी। आपकी कोई मूल्यवान वस्तु के खोने या चोरी होने की आशंका है। सतर्क रहें और मन लगाकर अपना काम करें।

### धनु
आज दिन सफलता से भरा होगा और दिन आपके लिए भाग्योदय कारक है। जो भी चाहेंगे वो कर दिखाएंगे और मन में प्रसन्नता रहेगी। जीवनसाथी और कारोबारियों को लाभ होगा और हर प्रकार का सहयोग प्राप्त होगा। अच्छे कार्य में आपकी रुचि बनी रहेगी। नौकरीपेशा लोगों के लिए उन्नति के योग बने हैं और आपको सफलता प्राप्त होने से मन प्रसन्न रहेगा। मन को शांति मिलेगी।

### मीन
आज लाभ होगा और दूसरों के कार्य पूर्ण करने में आपका दिन बीतेगा। दूसरों की सहायता करने से जो आत्म संतुष्टि आपको प्राप्त होती है, उसकी तुलना में कोई अन्य सुख हो ही नहीं सकता। शाम का वक्त परिवार के लोगों के साथ आनंद में बीतेगा और आपका मन काफी प्रसन्न होगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

## संक्षिप्त समाचार

### बसपा के पूर्व विधायक असलम चौधरी गिरफ्तार, दो करोड़ रुपए की रंगदारी मांगने का आरोप

**गाजियाबाद, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश की गाजियाबाद पुलिस ने बसपा के पूर्व विधायक असलम चौधरी को रंगदारी मांगने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उन पर दो करोड़ रुपए की रंगदारी मांगने का आरोप है। असलम ने 7 सितंबर 2022 को अपने साथियों के साथ फर्जी एग्रीमेंट के जरिए करोड़ों की जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की थी। उन्होंने जमीन के मालिक आदिल रजा से कब्जे को छोड़ने के बदले दो करोड़ की रंगदारी मांगी थी। उनके खिलाफ 2022 से एमपी-एमएलए कोर्ट में केस चल रहा था। पि?छले साल तीन सितंबर को पुलिस कमिश्नर ने मामले का संज्ञान लेकर रिपोर्ट दर्ज कराई। इसके आधार पर पुलिस ने चार्जशीट दाखिल की। पूर्व विधायक असलम चौधरी, उनके साथी जुनैद टाटा और जुबेर टाटा के खिलाफ अदालत ने गैर जमानती वारंट जारी किया था। असलम चौधरी ने 12 बीघे जमीन का फर्जी एग्रीमेंट बनाकर वाद दाखिल किया था। 7 जुलाई 2022 को असलम चौधरी अपने बेटे शाहनवाज और तीन साथियों के साथ मौके पर पहुंचकर जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की थी। इसकी सूचना मिलने पर जमीन के मालिक आदिल राजा ने विरोध किया। असलम चौधरी और उनके बेटे शाहनवाज पर आरोप है कि उन्होंने आदिल राजा और उनके परिवार के लोगों को जान से मारने की धमकी दी, साथ ही दो करोड़ रुपये की रंगदारी की मांग भी की। पुलिस के मौके से पहुंचने से पहले असलम चौधरी अपने साथियों के साथ फरार हो गए। पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गया था। इसके बाद पुलिस आयुक्त में मामले में हस्तक्षेप करते हुए असलम चौधरी और उसके साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

### जयपुर-अजमेर नेशनल हाईवे पर हादसा, ड्राइवर और खलासी जिंदा जले



**अजमेर, एजेंसी।** राजस्थान के अजमेर नेशनल हाईवे-48 पर बगरू में अल सुबह अचानक दो वाहनों में जबरदस्त भिड़ंत हो गई। जहां एक ट्रेलर की केबिन में फंसे चालक और खलासी आग लगने से मौत हो गई। अचानक ट्रेलर में आग लगने की वजह से दोनों जिंदा जल गए। सूचना पर बगरू थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दमकलों को बुलाकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। वहीं घटना के बाद नेशनल हाईवे 48 दहमी खुर्द पर लंबा जाम लग गया। बगरू थानाधिकारी हरिशचंद्र सोलंकी मौके पर पहुंचे है। पीछे से आ रहा दूध से भरा टैंकर भी अनियंत्रित होकर नाले में गिर गया। सोमवार अल सुबह नेशनल हाईवे 48 पर हुए हादसे में लोगों ने बताया कि अचानक तेज धमाके के साथ दोनों वाहन आपस में भिड़ गए। जहां अचानक एक ट्रेलर में आग लग गई देखते ही देखते ट्रेलर धू धू कर जलने लगा। हादसे के बाद स्थानीय लोग वहां में लोगों को बचाने गए लेकिन आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और ट्रेलर में बैठे चालक और खलासी के दर्दनाक मौत हो गई। जयपुर-अजमेर नेशनल हाईवे-48 पर बगरू में अल सुबह अचानक दो वाहनों में जबरदस्त भिड़ंत हो गई। जहां एक ट्रेलर की केबिन में फंसे चालक और खलासी आग लगने से जिंदा जल गए और दोनों की दर्दनाक मौत हो गई। अचानक ट्रेलर में आग लगने की वजह से दोनों जिंदा जल गए। सूचना पर बगरू थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दमकलों को बुलाकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

# महिलाओं के प्रति अपराध के पीछे की मंशा जमीन हड़पना है: हिमंत बिस्वा सरमा



**गुवाहाटी, एजेंसी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने दावा किया है कि राज्य में महिलाओं के खिलाफ अपराध की हालिया घटनाएं जमीन हड़पने और असमिया लोगों की पहचान को खतरे में डालने के बड़े इरादे से की जा रही हैं। उन्होंने अपराधों के पीछे राजनीतिक संरक्षण होने की बात कही और साथ ही यह भी दावा किया कि वित्तीय ताकत असमिया लोगों के हाथों से निकलती जा रही है।

सरमा ने शनिवार देर शाम एक प्रेस वार्ता में कहा, कोई भी समाज पूर्ण नहीं होता। महिलाओं के खिलाफ अपराध एक हकीकत है। पिछले तीन साल में प्रदेश में ये अपराध कम हुए हैं। लेकिन हाल की घटनाओं के पीछे का असली इरादा बहुत बड़ा है, बलात्कार जैसे अपराधों के जरिए हमारी धरती और हमारी सभ्यता को निशाना बनाने की कोशिश की जा रही है।

उन्होंने बांग्लादेश से आए अवैध प्रवासियों के खिलाफ 1979 से छह साल तक चले आंदोलन का जिक्र करते हुए कहा, असम में यह घटनाक्रम पिछले 30-35 साल से चल रहा है। इसीलिए असम आंदोलन हुआ। हमने अभी कट्टरपंथियों की पहचान की है, लेकिन 1975 में ही असमिया समाज को आगाह किया गया था कि ऐसा होगा। उन्होंने यह दावा करते हुए कहा कि इस तरह के अपराधों के जरिए जमीन हड़पने की बड़ी साजिश रची जा रही है।

सरमा ने कहा, ढिंग में पीड़ित परिवार ने मुझसे कहा कि वे अब वहां नहीं रहना चाहते... लोग अपनी संपत्ति बेच देते हैं और अन्य स्थानों पर चले जाते हैं। पांच लाख रुपये की जमीन के लिए उन्हें 50 लाख रुपये की पेशकश की जाती है। गुरुवार शाम नगांव के ढिंग इलाके में तीन लोगों ने 14 साल की एक लड़की से कथित तौर पर बलात्कार किया था। इस घटना के बाद व्यापक विरोध प्रदर्शन हुआ। पुलिस ने एक आरोपी को घटना के अगले दिन गिरफ्तार कर लिया, लेकिन कथित तौर पर हिरासत से भागने की कोशिश के दौरान तालाब में कूदने से उसकी मौत हो गई।

सरमा ने दावा किया कि एक तरीका है जिसमें पहले, एक या दो व्यक्ति गांव में प्रवेश करते हैं और अपना घर बसाते हैं, फिर वे अपने घरों में मांस खाना शुरू कर देते हैं और पड़ोसी इससे असहज होकर क्षेत्र छोड़ना शुरू कर देते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, यह बारपेटा, मंगलदाई और अन्य स्थानों पर हो रहा है। पिछले मुख्यमंत्रियों ने ये बातें नहीं कही थीं, लेकिन मैंने यह कहा है। किसी दिन मेरी जान को खतरा हो सकता है, लेकिन मैं यह कह रहा हूं क्योंकि यह मेरा कर्तव्य है।

उन्होंने किसी समुदाय का नाम लिए बिना कहा, यह सब पैसे का खेल है। वित्तीय ताकत असमिया लोगों के हाथों से निकलती जा रही है। वे इसका फायदा उठा रहे हैं। सरमा ने दावा किया कि अपराधियों को अदालत में सर्वश्रेष्ठ वकीलों की सेवाएं मिलती हैं।

# त्रिपुरा : बाढ़ की स्थिति में सुधार, 525 राहत शिविरों में अब भी 1.17 लाख लोग



**अगरतला, एजेंसी।** त्रिपुरा में बाढ़ की स्थिति में रविवार को सुधार हुआ और कई स्थानों पर पानी उतरने लगा। हालांकि 1.17 लाख लोग अब भी विभिन्न जिलों में 525 राहत शिविरों में शरण लिए हुए हैं। पिछले तीन दशक में पहली बार राज्य में आई विनाशकारी बाढ़ ने अब तक 31 लोगों की जान ले ली है। इसमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। गत 19 अगस्त से अब तक आठ जिलों में से छह - दक्षिण त्रिपुरा, गोमती, पश्चिम त्रिपुरा, सिपाहीजाला, उनाकोटी और खोवाई - में भूस्खलन और बाढ़ के पानी में डूबने से कुछ अन्य लोग घायल हुए हैं और दो लोग लापता बताए जा रहे हैं। आपदा प्रबंधन अधिकारियों ने रविवार को बताया कि भारी बारिश और बाढ़ के कारण हुए नुकसान का शुरुआती आकलन करीब 15 हजार करोड़ रुपये है, जो क्षेत्र के आकलन के बाद और बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि शुरुआती अनुमानों के अनुसार, राज्य भर में भारी बारिश, भूस्खलन और बाढ़ के कारण करीब 20,300 घर आंशिक और पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हुए हैं। हालांकि, शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में फसल भूमि और बस्तियों सहित विशाल क्षेत्र अब भी जलमग्न हैं। राज्य में 19 अगस्त से लगातार तेज बारिश और विनाशकारी बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। इसमें करीब 17 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए। राज्य में 2,066 जगहों पर भूस्खलन हुआ है और त्रिपुरा की लाइफ लाइन माने जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-8 समेत कई महत्वपूर्ण राजमार्ग क्षतिग्रस्त हो गए हैं। हालांकि, अधिकारियों ने बताया कि अब ज़्यादातर राजमार्ग धीरे-धीरे चालू हो रहे हैं। एक अधिकारी ने बताया कि फिलहाल, राष्ट्रीय और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल की पांच टीमें और नागरिक सुरक्षा तथा आपदा मित्र के 500 स्वयंसेवक राहत एवं बचाव अभियान में लगे हुए हैं। उन्होंने बताया कि अब तक गोमती और दक्षिण त्रिपुरा जिलों में 27 हजार खाद्य पैकेट वितरित किए जा चुके हैं। आपदा प्रबंधन अधिकारियों ने बताया कि त्रिपुरा में गोमती समेत ज्यादातर नदियां खतरे के निशान से नीचे बह रही हैं। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने रविवार को कहा कि सोमवार तक पूरे त्रिपुरा में अलग-अलग जगहों पर भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। आईएमडी ने रविवार को दक्षिण त्रिपुरा जिले में रेड अलर्ट और धलाई तथा गोमती जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) ने राज्य में कई लोकल ट्रेनें रद्द कर दी हैं।

## अंग्रेजों ने भारतीयों को दंड देने के लिए दंड संहिता बनाई व पीएम मोदी ने न्याय के लिए न्याय संहिता बनाई -केंद्रीय कानून मंत्री



**जोधपुर, एजेंसी।** देश के विधि एवं कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने अंग्रेजों के समय के कानून को बदलने की पर कहा अंग्रेज भारत के नागरिकों को दंड देते थे इसलिए उन्?होंने दंड संहिता बनाया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भारत की जनता को न्याय देना है, इसलिए वह न्याय संहिता लेकर आए। दोनों में यही मूल अंतर है द्य नई पेंशन स्कीम पर विधि व न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने अपने दस साल के कार्यकाल में नई पेंशन स्कीम के संबंध में एक भी शब्द भी नहीं कहा। वर्ष 2014 में जब नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने, तो कांग्रेस मुद्दे ढूंढने लगी। कांग्रेस के पास मोदी के खिलाफ कोई मुद्दा ही नहीं था। काफी कवायद के बाद वे कर्मचारियों का मुद्दा लेकर आए। यह मुद्दा आते ही प्रधानमंत्री मोदी ने वित्त सचिव की अध्यक्षता में कमेटी बनाई और यूपीएस स्कीम उसी का परिणाम है द्य

मंत्री मेघवाल ने कहा कि अब यूपीएस के साथ न्यू पेंशन पेंशन स्कीम भी लागू रहेगी। जिसे यूपीएस में ज्यादा फायदा दिखता है वह यूपीएस को अपनाएगा और जिसे एनपीएस अच्छा लगेगा, वह एनपीएस अपनाएगा। मंत्री ने कहा कि कांग्रेस केवल वादे और बातें करती है।

# मायावती ने गेस्ट हाउस कांड का जिक्र कर कांग्रेस पर उठाए सवाल, कहा- उन्हें तकलीफ क्यों होती है



**लखनऊ , एजेंसी।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने हुए गेस्ट हाउस कांड को लेकर कांग्रेस पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सपा ने 2 जून 1995 में बीएसपी द्वारा समर्थन वापसी के बाद मुझ पर जानलेवा हमला कराया था तो इस पर कांग्रेस कभी क्यों नहीं बोलती है? बसपा मुखिया मायावती ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा- सपा जिसने 2 जून 1995 में बीएसपी द्वारा समर्थन वापसी पर मुझ पर जानलेवा हमला कराया था तो इस पर कांग्रेस कभी क्यों नहीं बोलती है? जबकि उस दौरान केंद्र में रही कांग्रेस सरकार ने भी समय से अपना दायित्व नहीं निभाया था। उन्होंने आगे लिखा- तभी फिर कांशीराम को अपनी बीमारी की गंभीर हालत में भी अस्पताल छोड़कर रात को इनके गृह मंत्री को भी हड़काना पड़ा था, तथा विपक्ष ने भी संसद को घेरा, तब जाकर यह कांग्रेसी सरकार हरकत में आई थी। बसपा प्रमुख ने कहा कि क्योंकि उस समय केंद्र की कांग्रेस सरकार की भी नीयत खराब हो चुकी थी, जो कुछ भी अनहोनी के बाद यहां यूपी में राष्ट्रपति शासन लगाकर, पर्दे के पीछे से अपनी सरकार चलाना चाहती थी, जिनका यह षडयंत्र बीएसपी ने फेल कर दिया था। मायावती ने कहा कि उस समय सपा के आपराधिक तत्वों से भाजपा सहित समूचे विपक्ष ने मानवता व इंसानियत के नाते मुझे बचाने में जो अपना दायित्व निभाया है तो इसकी कांग्रेस को बीच-बीच मे तकलीफ क्यों होती रहती है, लोग सचेत रहें। मायावती ने आगे कहा, इसके इलावा, बीएसपी वर्षों से जातीय जनगणना के लिए पहले केंद्र में कांग्रेस पर और अब बीजेपी पर भी अपना पूरा दबाव बना रही है, जिसकी पार्टी सालों से इसकी पक्षधर रही है तथा अभी भी है। उन्होंने कहा कि लेकिन जातीय जनगणना के बाद, क्या कांग्रेस एससी एसटी व ओबीसी वर्गों का वाजिब हक दिला पायेगी?

# तारीखें टालने की मांग पर बोले अनिल विज- कल करवा लो चुनाव, हम तैयार हैं

**चंडीगढ़, एजेंसी।** भाजपा की हरियाणा यूनिट ने निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर 1 अक्टूबर को होने वाले विधानसभा चुनाव टालने की मांग की है। इसे लेकर कांग्रेस समेत अन्य दल बीजेपी पर निशाना साध रहे हैं। इसे लेकर सवाल पूछे जाने पर भाजपा के सीनियर नेता अनिल विज ने कहा कि उनकी पार्टी कल ही चुनाव लड़ने के लिए तैयार है। हरियाणा के पूर्व गृह मंत्री ने कहा कि भाजपा ने हाल ही में 2 दिनों तक मैराथन बैठक की। इस दौरान 90 सदस्यीय राज्य विधानसभा की प्रत्येक सीट के लिए 3-4 संभावित उम्मीदवारों के नाम केंद्रीय चुनाव समिति को भेजे गए। देखिए कि हमारी पार्टी तैयारी में है।

अनिल विज ने कहा, चुनाव को लेकर जो तारीखें घोषित की गई हैं, उसमें अगर एक छुट्टी ले लो तो 5 छुट्टियां हो जाती हैं। इससे ऐसा डर बना रहता है कि लोग बाहर चले जाते हैं और मत प्रतिशत नीचे गिर जाता है। उन्होंने कहा कि इस पर कांग्रेस ने प्रतिक्रिया दी है। मगर, हम केवल चुनाव की तारीखों को आगे बढ़ाने की बात नहीं कर रहे हैं। आप चाहो तो इसे पीछे कर दो। 2-3 दिन पीछे कर दो ताकि पांच दिन का जंक न बने। उन्होंने सीना ठोंककर कहा कि हमारी पार्टी चुनाव लड़ने के लिए तैयार है।

भाजपा चुनाव का सामना करने से डर रहीः कांग्रेस

कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने इसे लेकर दावा किया कि सत्तारूढ़ पार्टी चुनाव का सामना करने से डर रही है, क्योंकि उसे हार का आभास हो गया है। अभय चौटाला की पार्टी इनेलो ने भी चुनाव टालने की मांग की है। शनिवार को प्रदेश बीजेपी के एक नेता ने कहा कि पार्टी की राज्य इकाई के प्रमुख मोहन लाल बड़ोली ने आयोग को पत्र भेजकर विधानसभा चुनाव टालने का आग्रह किया है। हरियाणा के मुख्य चुनाव अधिकारी पंकज अग्रवाल ने पुष्टि की कि आयोग को शुक्रवार को ई-मेल के माध्यम से पत्र मिला है। भाजपा की राज्य चुनाव प्रबंधन समिति के सदस्य वरिंदर गर्ग ने कहा, 'हमने तर्क दिया है कि 1 अक्टूबर को विधानसभा चुनाव की तारीख से पहले सप्ताहांत पर छुट्टी है। उसके बाद कुछ छुट्टियां हैं, जिससे मतदान प्रतिशत प्रभावित हो सकता है।'




हरियाणा में 1 अक्टूबर को एक ही चरण में चुनाव

बता दें कि हरियाणा में विधानसभा चुनाव 1 अक्टूबर को एक ही चरण में होंगे। चुनावी नतीजे 4 अक्टूबर को घोषित किए जाएंगे। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले सोशल मीडिया मंचों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने कहा, सोशल मीडिया के जरिए प्रसारित विज्ञापनों का खर्च उम्मीदवारों या पार्टियों के खातों में जोड़ा जाएगा। यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक, व्हाट्सएप ग्रुप और एक्स पर कड़ी नजर रखने के लिए कई टीम बनाई गई हैं। अग्रवाल ने कहा कि आदर्श आचार संहिता सभी तरह की मीडिया पर समान रूप से लागू होती है, जिसमें समाचार पत्र, टेलीविजन, रेडियो और सोशल मीडिया शामिल हैं।

# हिमाचल प्रदेश सरकार ने दो नई योजनाओं का किया एलान



**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश की सुखविंदर सिंह सुक्खू की सरकार ने दो नई योजनाओं का एलान किया है। इनमें मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना और राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट-अप योजना शामिल हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में रविवार को हुई कैबिनेट बैठक में उक्त फैसलों पर मुहर लगाई गई। कैबिनेट में मुख्यमंत्री सुक्खू की पत्नी कमलेश ठाकुर और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के विधानसभा हलकों देहरा और हरोली के लिए भी बड़ी घोषणाएं की गई हैं।

एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि कैबिनेट ने मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना लागू करने का फैसला लिया है। इस योजना का मकसद विधवाओं, निराश्रित और तलाकशुदा महिलाओं और दिव्यांग अभिभावकों को उनके बच्चों को शिक्षा देने में आर्थिक मदद करना है। योजना के तहत पात्र बच्चों को 18 साल तक शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण संबंधी जरूरतों की पूर्ति के लिए हर महीने एक हजार रुपये का अनुदान प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त योजना के तहत स्नातक, स्नातकोत्तर और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की फीस और छात्रावास व्यय के लिए भी वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। कैबिनेट में राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट-अप योजना-2023 के तहत ई-टैक्सियों की खरीद के लिए 10 फीसदी मार्जिन मनी जमा कराने और बैंक द्वारा कर्ज की किश्त के वितरण के बाद 3 माह के भीतर 50 फीसदी की सब्सिडी दिए जाने को भी मंजूरी दी गई। इस योजना का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए यूको बैंक को कर्ज मंजूर करने के लिए नोडल बैंक नामित किया गया है। हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक और कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक को प्रैफर्ड बैंक के रूप में नामित किया गया है। इस योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को 7.9 फीसदी प्रतिवर्ष ब्याज दर पर कर्ज प्रदान किया जाएगा। कैबिनेट ने शैक्षणिक वर्ष 2023-24 के दौरान नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी में पहले से दाखिल बच्चों के लिए उम्र में छह महीने की छूट को स्वीकृति प्रदान की। इससे उन्हें पहली कक्षा तक अगली उच्च कक्षाओं में दाखिले की अनुमति मिल सकेगी। कैबिनेट ने इंस्पेक्टर, जेल अधिकारियों (जेल वॉर्डन से गैर-राजपत्रित रैंक के एक्जिक्यूटिव स्टाफ) और हिमाचल प्रदेश सचिवालय के सुरक्षा गार्डों के लिए हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसों में रियायती यात्रा के मासिक शुल्क को 110 रुपये से बढ़ाकर 500 रुपये प्रतिमाह करने को स्वीकृति प्रदान की।

कैबिनेट ने जिला कांगड़ा के डाडासीबा में एक नया उप मंडल पुलिस कार्यालय और आलमपुर में पुलिस पोस्ट स्थापित करने तथा संसारपुर टैरेस व मोइन पुलिस पोस्ट को पुलिस स्टेशन में अपग्रेड करने का निर्णय लिया। कैबिनेट ने इन कार्यालयों के सुचारू संचालन के लिए जरूरी पदों के सृजन को भी मंजूरी दी। बैठक में जिला कांगड़ा के देहरा में जल शक्ति विभाग का नया सर्कल खोलने और इसके सुचारू संचालन के लिए जरूरी पदों को सृजित कर भरने को मंजूरी प्रदान की गई।

# हरियाणा में सरकार भी बदलेगी और व्यवस्था भी : कुमारी सैलजा




**नारनौल, एजेंसी।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, उत्तराखंड की प्रभारी एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश में आज बदलाव की बयार बह रही है, हरियाणा में सरकार भी बदलेगी और व्यवस्था भी बदलेगी। सरकार ने अग्निवीर के नाम पर युवाओं से मजाक किया है उनके भविष्य से खिलवाड़ किया है, अगर उनकी शहादत हो जाए तो सरकार उन्हें शहीद का दर्जा तक नहीं देती। उधर महंगाई की मार से महिलाएं परेशान है, बेरोजगारी से अपराध बढ़ रहा है और अपराध से प्रदेश में भय का माहौल है, रंगदारी मांगी जा रही है, गोलियां चलाई जा रही है और सरेआम हत्याएं की जा रही है। भाजपा सरकार के दस साल के कार्यकाल से परेशान प्रदेश की शांतिप्रिय जनता वोट की चोट से भाजपा सरकार से बदला लगी और उसे बाहर का रास्ता दिखाएगी।

वे रविवार को नारनौल में कांग्रेस संदेश यात्रा के दौरान आयोजित सभा में उमड़े विशाल जनसमूह को संबोधित कर रही थी। उनके प्रति लोगों में भारी उत्साह देखा गया। बुजुर्गो ने उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया। महिला कांग्रेस की प्रदेशाध्यक्ष सुधा भारद्वाज, डा. राज सुदेश ममता, गीता, रेखा, किरण, मुन्नीदेवी, मीरा ने उन्हें चुनरी पहनाकर सम्मानित किया तो राम सिंह ने उन्हें उनके पिता चौ. दलबीर सिंह का विशाल चित्र भेंट किया। महिलाओं ने उन्हें फूलाहार पहनाया। इस मौके पर महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा, हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष रामकिशन गुज्जर, कालका के विधायक प्रदीप चौधरी, विधायक शमशेर सिंह गोगी, पूर्व मंत्री अतर सिंह सैनी, पूर्व विधायक रणधीर सिंह धीरा, पूर्व विधायक जगजीत सिंह सांगवान, राज पाल सिंह पूर्व विधायक, महेंद्र सिंह, जगमाल सिंह डीपी, राव कमलबीर सिंह आदि मौजूद थे। इससे पूर्व पूर्व आईपीएस सुभाष यादव ने भी उनका स्वागत किया था।

कुमारी सैलजा ने विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में जिधर भी देखो बदलाव दिख रहा है लोगों की इच्छा है कि कांग्रेस की सरकार आए। जनता ने भाजपा को दस साल का मौका दिया पर जनता को कुछ भी नहीं मिला, आज भाजपा के हाथ से बाजी निकल चुकी है और हारी हुई बाजी नहीं जीत सकती। उन्होंने कहा कि महंगाई को लेकर हर वर्ग के लोग परेशान हे सबसे ज्यादा परेशानी महिलाओं को हो रही है उन्हें घर तक चलाने में कठिनाई हो रही है। आज युवाओं के भविष्य पर ग्रहण लगा दिया है, रोजगार देने का वायदा किया था पर भाजपा देने के बजाए छीनने में लगी हुई है। सीएमआई की रिपोर्ट कहती है कि हरियाणा बेरोजगारी में देश में नंबर वन है।

उन्होंने कहा कि केंद्र हर साल दो करोड़ नौकरी देता तो प्रदेश के युवाओं को भी नौकरी मिलती, प्रदेश में दो लाख पद खाली पड़े है, बैकलॉग पूरा नहीं किया गया, एससी और बीसी बैकलॉग की यही हालत है, एचकेआरएन के तहत कर्मचारी रखकर उनका मानसिक, शारीरिक और आर्थिक शोषण किया जा रहा है, समान काम समान वेतन का ख्याल नहीं रखा जा रहा है। सरकारी स्कूल बंद किए जा रहे है, गरीबों के बच्चों से शिक्षा का अधिकार छीना जा रहा है, एससी-बीसी वर्ग की छात्रवृत्ति नहीं दी जा रही है। सरकार गरीबों का भला करने के बजाए उन्हें और गरीब बनाने पर तुली है। गरीबों को राशन नहीं रोजगार चाहिए। कुमारी सैलजा ने कहा कि युवा प्रतियोगी परीक्षा के लिए दिन रात तैयारी करता है, 200-200 किमी दूर परीक्षा केंद्र पर जाकर परीक्षा देता है, सुबह परीक्षा देता है तो शाम को पता चलता है कि पेपर लीक हो गया था परीक्षा रद कर दी गई। उन्होंने कहा कि हरियाणा भाजपा सरकार ने पेपर लीक में एक रिकार्ड बनाकर रख दिया है। युवाओं के साथ धोखा और विश्वासघात किया जा रहा है। दक्षिण हरियाणा से फौज में सबसे ज्यादा युवा आते है हर रण में यहां के वीर सपूतों ने बलिदान दिया है, माताएं बच्चों को देश की रक्षा के लिए फौज में भेजती है पर अग्निवीर के नाम पर सरकार ने मजाक किया है। राहुल गांधी ने संसद में यह मुद्दा उठाकर देश के सामने सच्चाई रखी थी। उन्होंने कहा कि हरियाणा की पहचान है कि जहां पर दूध दही का खाना वह है हरियाणा पर आज हरियाणा अपराध और नशे का ठिकाना बना हुआ है।



# पंजाब में धवन की जगह लेंगे रोहित?

## IPL 2025 से पहले मुंबई को सदमा देने वाली खबर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 से पहले एक अहम खबर सामने आयी है. रोहित शर्मा मेगा ऑक्शन में दिख सकते हैं.

अगर उन्हें मुंबई इंडियंस ने रिलीज किया तो पंजाब किंग्स हर हाल में खरीदना चाहेगी. शिखर धवन के संन्यास के बाद पंजाब के पास कप्तान नहीं है. लिहाजा वह रोहित को खरीदना चाहेगी. पंजाब ने रोहित को लेकर कई संकेत दिए हैं. टीम ने हाल ही में एक्स पर एक पोस्ट भी शेयर की है. इसके बाद से बाजार और ज्यादा गर्म हो गया है.

मुंबई ने आईपीएल 2024 में रोहित को कप्तानी से हटा दिया था. उनकी जगह हार्दिक पांड्या को जिम्मेदारी सौंपी गई थी. यह बात रोहित के साथ-साथ उनके फैंस को भी पसंद नहीं आयी थी. रोहित को कप्तानी से हटाने को लेकर पहले किसी तरह की जानकारी नहीं दी गई थी. लिहाजा संभव है कि रोहित इस बार टीम का साथ छोड़ दें.

### पंजाब किंग्स के साथ जुड़ सकते हैं रोहित -

रोहित को लेकर अफवाह उड़ रही है कि वे पंजाब किंग्स जॉइन कर सकते हैं. प्रीति जिंटा उन्हें हर हाल में टीम में शामिल करना चाहेंगी. पंजाब ने इसको लेकर हिंट भी दिए हैं.

दरअसल टीम ने एक्स पर एक पोस्ट शेयर की है. इसमें रोहित और शिखर धवन नजर आ रहे हैं. रोहित और धवन की इस पुरानी फोटो पर फैंस के भी कई कमेंट आए हैं. टीम ने इससे पहले भी रोहित-धवन को लेकर पोस्ट शेयर की थी.

## संक्षिप्त समाचार

### 13 सितंबर से होगा आईएसएल का आगाज, मोहन बागान और मुंबई सिटी के बीच होगा मुकाबला




**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल टूर्नामेंट के 2024-25 सत्र की शुरुआत 13 सितंबर को होगी। पहला मुकाबला शील्ड विजेता मोहन बागान सुपर जाइंट और कप विजेता मुंबई सिटी एफसी के बीच खेला जाएगा। इन्हीं दोनों के बीच पिछले सत्र का फाइनल भी खेला गया था। आईएसएल ने रविवार को सत्र के शुरुआती 84 मुकाबलों के कार्यक्रम की घोषणा की जो इस साल के अंत तक चलेंगे।

शुरुआती सप्ताहांत में 14 सितंबर को सत्र में पहली बार एक दिन में दो मुकाबले होंगे जब चेन्नईयिन एफसी की टीम ओडिशा एफसी से उसके मैदान पर खेलेगी जबकि बेंगलुरू एफसी का सामना ईस्ट बंगाल एफसी से होगा। इसके अगले दिन केरल ब्लास्टर्स एफसी की टीम कोच्चि के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में पंजाब एफसी की मेजबानी करेगी।

### यूएस ओपन

### पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण जीतने के बाद अमेरिकी ओपन के लिए जोकोविच तैयार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सर्बिया के इस 37 वर्षीय खिलाड़ी का अमेरिकी ओपन के पहले दौर में सामना मंगलवार को मोल्दोवा के 138वीं रैंकिंग वाले राडू अल्बोट से होगा। अमेरिकी ओपन में रोजर फेडरर के बाद कोई भी खिलाड़ी लगातार टूर्नामेंट नहीं जीत पाया है और अब जोकोविच के पास यह मौका है।

पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने के बाद उत्साह से भरे दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच सोमवार से शुरू होने वाले अमेरिकी ओपन में रिकॉर्ड 25वां ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने के लिए कोर्ट पर उतरेंगे। गत विजेता जोकोविच ने पेरिस में पुरुष एकल में स्वर्ण पदक अपने नाम किया था।

उनके नाम पर 24 ग्रैंडस्लैम सहित कुल 99 खिताब दर्ज हैं और वह यहां अपने खिताबों का शतक पूरा करने का प्रयास करेंगे। इसके अलावा सबसे अधिक सप्ताह तक विश्व का नंबर एक खिलाड़ी बने रहने का रिकॉर्ड भी जोकोविच के नाम पर है।

सर्बिया के इस 37 वर्षीय खिलाड़ी का अमेरिकी ओपन के पहले दौर में सामना मंगलवार को मोल्दोवा के 138वीं रैंकिंग वाले राडू अल्बोट से होगा। अमेरिकी ओपन में रोजर फेडरर के बाद कोई भी खिलाड़ी लगातार टूर्नामेंट नहीं जीत पाया है और अब जोकोविच के पास यह मौका है।

फेडरर ने 2004 से लेकर 2008 तक लगातार पांच खिताब जीते थे। जोकोविच को इस बार दूसरी वरीयता दी गई है। जोकोविच को स्पेन के 21 वर्षीय कार्लोस अल्कारेज से कड़ी चुनौती मिलने की संभावना है, लेकिन वह अमेरिकी ओपन में अपना पांचवां खिताब जीतने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### टी20 महिला क्रिकेट

# विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम का ऐलान



**मेलबर्न, एजेंसी।** डार्सी ब्राउन पैर की चोट से उबर गई हैं और उन्हें 15 खिलाड़ियों की आईसीसी महिला टी20 क्रिकेट विश्व कप टीम में शामिल किया गया है, जबकि अनुभवी स्पिनर जेस जोनासेन को टीम में जगह नहीं मिली है। टीम की कमान एलिसा हिली के हाथों में होगी। छह बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को अक्टूबर में खेले जाने वाले इस मेगा इवेंट के लिए अपनी टीम की घोषणा की।

बांग्लादेश में राजनीतिक उथल-पुथल और तख्तापलट के कारण महिला टी20 विश्व कप को लेकर भी काफी बवाल था। इस मेगा इवेंट की मेजबानी बांग्लादेश के पास थी। मगर, अब वेन्यू बदलकर यूएई कर दिया गया है। हालांकि, मेजबानी बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के पास ही रहेगी। यह टूर्नामेंट यूएई के दो स्थानों - दुबई और शारजाह में 3 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक खेला जाएगा। पिछले साल लंबे समय तक कप्तान रहीं मेग लैनिंग के संन्यास लेने के बाद एलिसा हीली टीम की कमान संभालेंगी और ऑलराउंडर ताहलिया मैकग्रा को उप-कप्तान बनाया गया है। यूएई में होने वाले विश्व कप के लिए रवाना होने से पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम न्यूजीलैंड के साथ तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलेगी। इसके भी क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने टीम का ऐलान कर दिया है। राष्ट्रीय टीम चयन प्रमुख शॉन फ्लेगर ने कहा, लंबे समय में यह पहली बार है जब विश्व कप से पहले हमारी पूरी टीम चयन के लिए उपलब्ध है। इसका परिणाम वास्तव में एक स्थिर और संतुलित टीम है।

एलिसा हीली पहली बार विश्व कप में कमान संभालेंगी और हम देख चुके हैं कि वह और ताहलिया मैकग्राथ नेतृत्व के दृष्टिकोण से कितनी मजबूत है, इसलिए उनके लिए सबसे बड़े मंच पर अपने देश का नेतृत्व करने का यह अवसर मिलना रोमांचक है। ऑस्ट्रेलिया को ग्रुप ए में भारत, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका के साथ रखा गया है।

### टी20 महिला विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम:

एलिसा हिली (कप्तान), ताहलिया मैक्ग्रा (उप-कप्तान), डार्सी ब्राउन, एश्ले गार्डनर, किम गर्थ, ग्रेस हैरिस, एलाना किंग, फोबी लिचफील्ड, सोफी मोलिनक्स, बेथ मूनी, एलिस पैरी, मेगन शूट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वेयरहैम, टेयला व्लामिन्क।

### एशियाई सर्फिंग चैम्पियनशिप में भारत का दबदबा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने रजत पदक हासिल करने के लिए कई मजबूत दावेदारों को पछाड़ दिया। कमाली पी, अजीश अली, श्रीकांत डी और संजय सेल्वमनी की भारतीय टीम ने सेमीफाइनल की दूसरी हीट में कुल 32.16 स्कोर से पहला स्थान हासिल किया।

मालदीव में जारी एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप 2024 में रविवार को भारत ने टीम स्पर्धा मरुहाबा कप में चीनी ताइपे और चीन को पछाड़कर रजत पदक पर कब्जा जमाया। शनिवार को भारत ने एशियाई खेलों में सर्फिंग में अपना पहला कोटा हासिल करने के एक दिन बाद पदक जीता। भारत ने रजत पदक हासिल करने के लिए कई मजबूत दावेदारों को पछाड़ दिया।



# ओलंपिक में सेल्फी लेना पड़ा भारी, उत्तर कोरिया के खिलाड़ियों को पड़ी लताड़

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक में दक्षिण कोरिया के खिलाड़ियों के साथ मुस्कुराने वाली सेल्फी पर उत्तर कोरिया खिलाड़ियों को वहां के अधिकारियों से लताड़ लगाए जाने की कई विदेशी समाचार पत्रों ने रिपोर्ट दी हैं।

पेरिस ओलंपिक में उत्तर कोरिया की टेबल टेनिस रजत पदक विजेता री जोंग सिक और किम कुम योंग को पदक लेने के ग्रहण करते समय दक्षिण कोरिया के अपने प्रतिद्वंद्वी लिम जोंग-हून और शिन यू-बिन के साथ 'मुस्कुराने वाली सेल्फी के लिए अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। द टेलीग्राफ की रिपोर्ट के अनुसार री जोंग सिक और किम कुम योंग पेरिस ओलंपिक से लौटे अन्य एथलीटों के साथ 'वैचारिक मूल्यांकन से गुजर रहे हैं।

रिपोर्ट के अनुसार यह मूल्यांकन उत्तर कोरिया में एक मानक प्रक्रिया है जिसका उद्देश्य विदेशी संस्कृतियों के संपर्क में आने से होने वाले किसी भी दोषों को दूर करना है। प्योंगयांग में नाम ना बताने वाले अधिकारियों ने द डेली एनके ने बताया कि दुश्मन देश दक्षिण कोरिया के एथलीटों के साथ 'मुस्कुराने के लिए उत्तर कोरिया के एथलीटों को लताड़ा गया है। उल्लेखनीय है कि इस सेल्फी में स्वर्ण पदक विजेता चीन के खिलाड़ी भी शामिल थे। इस सेल्फी को दक्षिण कोरियाई खिलाड़ी लिम जोंग-हून ने लिया था। फोटो में दोनों कोरियाई राष्ट्रीय ध्वज हैं।

# बांग्लादेश के खिलाफ हार के बाद भड़के रमीज राजा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान के दिग्गज क्रिकेटर और पकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष रमीज राजा ने रविवार (26 अगस्त) को रावलपिंडी में पहले टेस्ट में बांग्लादेश के खिलाफ 10 विकेट से हार के बाद शान मसूद की टीम और टीम प्रबंधन पर जमकर निशाना साधा। राजा ने खराब टीम चयन और पाकिस्तान क्रिकेट टीम की खामियां बताया। रमीज ने बताया कि एशिया कप 2023 में भारतीय टीम ने पाकिस्तानी तेज गेंदबाजों की कलई खोल कर रख दी थी। इसके बाद से पेस अटैक लय में नहीं दिखा है।

रमीज राजा ने अपने यूट्यूब चैनल पर पाकिस्तान क्रिकेट टीम को लेकर कहा, सबसे पहले टीम चयन में गलती हुई। आप स्पिनर के बिना थे। दूसरी बात जिस प्रतिष्ठा के आधार पर हम अपने तेज गेंदबाजों पर भरोसा करते हैं वह खत्म हो गई है। मनोबल में गिरावट एशिया कप के दौरान शुरू हुई जब भारत ने तेज गेंदबाजों की अनुकूल परिस्थितियों में धज्जियां उड़ा दीं।

### बांग्लादेश के तेज गेंदबाज अधिक आक्रामक दिखे

रमीज राजा ने पाकिस्तानी गेंदबाजों को लेकर आगे कहा, तब यह रहस्य दुनिया के सामने आ गया कि इस गेंदबाजी लाइन-अप का मुकाबला करने का एकमात्र तरीका आक्रमण करना था। उनकी गति कम हो गई है और इसलिए उनके स्किल सेट में भी गिर गई है।

### महाराजा टी-20 ट्रॉफी

# 36 छक्के उड़ाकर रचा इतिहास, टी-20 मैच में इस बल्लेबाज का भौकाल, सारे रिकॉर्ड किए तबाह

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एक, दो, तीन, चार, पांच या छह नहीं पूरे 6 गुना ज्यादा छक्के. महाराजा टी-20 ट्रॉफी में खेल रहा ये बल्लेबाज अब सिक्स हिटिंग मशीन बन चुका है. उसने अकेले इतने छक्के मार दिए हैं कि लीग में खेल रही कुछ टीमों के मिलाकर भी इतने छक्के नहीं हैं.

इतना ही नहीं उसके और छक्के लगाने के मामले में नंबर 2 बल्लेबाज के बीच भी एक बड़ा फर्क है. अब अगर इतना कुछ उस बल्लेबाज से जुड़ा है, जिसका नाम अभिनव मनोहर है, तो वो तो रिकॉर्ड तोड़कर इतिहास रचेगा ही.

### 8 मैचों में जड़े 36 छक्के, तोड़ा रिकॉर्ड

महाराजा टी-20 ट्रॉफी का इस बार दूसरा सीजन खेला जा रहा है. लीग में अब तक खेले 8 मैचों के बाद अभिनव मनोहर ने 36 छक्के जड़े हैं. इस तरह उन्होंने इतिहास रचा है. क्योंकि, यहां तो अभी 8 मैच ही खेले गए हैं. लीग के पहले सीजन के पूरा होने पर किसी बल्लेबाज के खाते में सबसे ज्यादा 32 छक्के ही दर्ज थे. पहले सीजन में मोहम्मद ताहा ने 32 छक्के जड़े थे. लेकिन, इस बार अभिनव मनोहर जिस अवतार में है, लीग खत्म होने पर उनके छक्कों का टोटल कहां जाकर रुकेगा, अभी कहना मुश्किल है.

महाराजा टी-20 ट्रॉफी में सभी टीमें 10-10 मैच ग्रुप स्टेज पर खेलती हैं. उस लिहाज से अभिनव मनोहर की टीम शिवामोगा लायंस को अभी 2 मैच और खेलने हैं. इसके बाद अगर वो सेमीफाइनल और फिर फाइनल तक पहुंची तो कुल 4 मैच हो जाएंगे.



यानी, कम से कम अभिनव मनोहर के छक्कों की संख्या महाराजा टी-20 ट्रॉफी के मौजूदा सीजन में अर्धशतकों की संख्या को तो पार कर ही लेगी.

### छक्के जमाने में अभिनव मनोहर दूसरों की पहुंच से दूर

अभिनव मनोहर महाराजा टी-20 ट्रॉफी के पहले सीजन में 20 छक्के भी नहीं लगा पाए थे. लेकिन, इस सीजन छक्के जमाने के मामले में उन्होंने खुद को बाकी बल्लेबाजों से कितना आगे रखा है, वो आप इन आंकड़ों को देखकर अंदाजा लगा सकते हैं.

अब तक 8 मैच में 36 छक्कों के साथ अभिनव मनोहर टॉप पर हैं. वहीं इतने ही मैच खेलकर करुण नायर ने सिर्फ 18 छक्के जड़े हैं, और वो दूसरे नंबर पर हैं. साफ है अभिनव मनोहर पूरे दोगुने छक्कों की संख्या से आगे हैं. 8 मैच के बाद मनोज भांदागे ने महाराजा टी-20 ट्रॉफी के मौजूदा सीजन में 17 छक्के जड़े हैं. साफ है कि नंबर 2 और नंबर 3 बल्लेबाज के छक्कों की संख्या को अगर जोड़ भी दें तो भी अभिनव मनोहर 1 छक्के से आगे हैं.

# अफ्रीका का बुरा हाल, वेस्टइंडीज ने फिर बुरी तरह रौंदकर रचा इतिहास

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टी20 वर्ल्ड कप का फाइनल मैच हारने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने अब वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज भी गंवा दी है. यह लगातार तीसरा मौका है जब वेस्टइंडीज ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज जीती है. दूसरे टी20 मैच में वेस्टइंडीज ने दक्षिण अफ्रीका को 30 रन से बुरी तरह हराया। वेस्टइंडीज ने तीन मैचों की इस सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली है.



रविवार को खेले गए दूसरे टी20 इंटरनेशनल मैच में वेस्टइंडीज ने दक्षिण अफ्रीका को 30 रनों से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है. ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी स्टेडियम में खेले गए इस मैच में एक समय दक्षिण अफ्रीका जीत की ओर बढ़ रहा था, लेकिन वेस्टइंडीज के गेंदबाजों ने खेल का रुख बदल दिया और दक्षिण अफ्रीका को हार की कगार पर ला खड़ा किया.

यह वेस्टइंडीज की दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लगातार तीसरी टी20 सीरीज जीत है. वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 179 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया. शाई होप ने 22 गेंदों में 41 रनों की शानदार पारी खेली, जबकि कप्तान रोवमैन पॉवेल ने 35 रनों का अहम योगदान दिया. शेरफेन रदरफोर्ड ने भी 29 रन जोड़कर टीम के स्कोर को सम्मानजनक स्थिति तक पहुंचाया. जवाब में रीजा हेंड्रिक्स की धमाकेदार बल्लेबाजी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने शानदार शुरुआत की. हेंड्रिक्स द्वारा खेली गई 18 गेंदों में 44 रनों की पारी टीम को जीत की ओर ले गई.

129 रन पर 3 विकेट गंवाने के बाद दक्षिण अफ्रीका जीत से सिर्फ 51 रन दूर था, लेकिन इसके बाद टीम का बल्लेबाजी क्रम बुरी तरह से ढह गया. वेस्टइंडीज के गेंदबाजों ने 35 गेंदों में महज 20 रन देकर दक्षिण अफ्रीका के आखिरी 7 विकेट चटका दिए, जिसके चलते पूरी टीम 149 रन पर ऑलआउट हो गई. रोमारियो शेफर्ड ने 3 विकेट लेकर मैच को पलटने में अहम भूमिका निभाई, जबकि शमार जोसेफ 3 विकेट लेकर वेस्टइंडीज टीम को जीत की राह पर ले गए.

### डुप्लांटिस ने किया कमाल, 6.26 मीटर के साथ साल में तीसरी बार पोल वॉल्ट का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा

**सिलेसिया, एजेंसी।** भारत के 3000 मीटर स्टीपलचेज के शीर्ष खिलाड़ी अविनाश साबले रविवार को यहां सिलेसिया डाइमंड लीग में विश्व स्तरीय खिलाड़ियों के बीच निराशाजनक प्रदर्शन करते हुए 14वें सथान पर रहे।




अ म े ं ड डुप्लांटिस ने रविवार को पोलैंड में सिलेसिया डाइमंड लीग प्रतियोगिता के दौरान 6.26 मीटर के प्रयास के साथ पोल वॉल्ट में एक बार फिर विश्व रिकॉर्ड बनाया।

लुईसियाना में जन्में 24 साल के डुप्लांटिस अपनी मां के देश स्वीडन की ओर से प्रतिस्पर्धा करते हैं। डुप्लांटिस ने अपने पिछले विश्व रिकॉर्ड में एक सेंटीमीटर का सुधार किया। डुप्लांटिस ने इस साल तीसरी बार विश्व रिकॉर्ड बनाया है।

## एक नजर

### प्राईवेट स्कूल के टीचर ने जरूरतमंद के लिए किया रक्तदान

**हसपुरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** हसपुराडीह निवासी एवं एक निजी स्कूल के व्यवस्थापक सह शिक्षक मो. सलाहुद्दीन अंसारी ने शिक्षा का अलख जगाते हुए रक्तदान कर युवाओं को प्रेरित किया है। गौरतलब है कि दाऊदनगर क्षेत्र के बाबू अमौना के विनोद कुमार के छोटे भाई सुधीर की छोटी आंत में लीकेज है। इस कारण मल के साथ खून निकलता रहता है। हर महीने इस बच्चे को एक यूनिट ब्लड की आवश्यकता पड़ती है। क्षेत्र के निजी संस्थाओं एवं रक्तवीरों द्वारा हर महीने ब्लड मुहैया कराया जाता है। उसके सिर पर पिता का साया भी नहीं है। परिजन बताते हैं कि उसके इलाज में खर्च ज्यादा है। यह जानकारी रक्तदान जिला स्तरीय कमिटी के सचिव अनीश केशरी को मिली। इसके बाद केशरी ने इसकी जानकारी मास्टर साहब को दी तो वह स्वेच्छापूर्वक रक्तदान करने को तैयार हो गए। यह उनका पहला रक्तदान है। रक्तदान कर उन्होंने ख़ुशी जताते हुए कहा कि युवाओं को रक्तदान करना चाहिए।

### विचार गोष्ठी का आयोजन, संस्कृत भाषा रोजगार देने में भी सक्षम

**औरंगाबाद (का.सं.)।** शहर के एक संस्कृत महाविद्यालय के प्रांगण में सोमवार को जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन एवं समकालीन जवाबदेही परिवार के संयुक्त तत्वावधान में संस्कृत दिवस सप्ताह के तहत एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्कृत महाविद्यालय के प्राचार्य सूर्यपत सिंह ने की जबकि संचालन जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के महामंत्री धनंजय जयपुरी ने की। सर्वप्रथम कार्यक्रम के अध्यक्ष व मुख्य अतिथि जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ. सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह, बतौर विशिष्ट अतिथि डॉ. रामाधार सिंह, पूर्व प्रधानाध्यापक बैजनाथ सिंह, रविंद्र कुमार सिंह, प्रख्यात कर्मकांडी आचार्य लालभूषण मिश्र, आचार्य वंशीधर पांडेय, अधिवक्ता सिद्धेश्वर विद्यार्थी, गोकुल सिंह एवं अन्य ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद ऋग्वेद की प्रतियों पर पुष्पार्पण कर विधिवत पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने संस्कृत भाषा की विशेषता पर प्रकाश डाला।विनय पाण्डेय और लालभूषण मिश्र ने संस्कृत भाषा में अपना वक्तव्य दिया। डॉ. रामाधार सिंह ने संस्कृत से जुड़े पर्यावरणीय पहलुओं की चर्चा की। बैजनाथ सिंह ने सरल भाषा में संस्कृत की शिक्षा देने की जरूरत को रेखांकित किया।डॉ. सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह ने संस्कृत भाषा को सभीभाषाओं की जननी बताया। वही अध्यक्षीय भाषण में सूर्यपत सिंह ने कहा कि संस्कृत भाषा वर्तमान परिदृश्य में रोजगार की भाषा बन चुकी है।

जिला स्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की बैठक

# एससी-एसटी अत्याचार निवारण पर गहन समीक्षा और सख्त कार्रवाई के निर्देश

कार्यालय संवाददाता | औरंगाबाद



सोमवार को ज़िलाधिकारी महोदय और पुलिस अधीक्षक महोदया की संयुक्त अध्यक्षता में एससी / एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत ज़िला स्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का उद्देश्य ज़िले में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के सदस्यों के खिलाफ हो रहे अत्याचारों की रोकथाम और निवारण के लिए प्रभावी उपायों की समीक्षा करना था।

बैठक में ज़िले के विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया, जिसमें उन्होंने ज़िले में चल रही योजनाओं और उठाए गए कदमों की जानकारी दी। ज़िलाधिकारी महोदय ने निर्देश दिए कि सभी मामलों की गहन जांच होनी चाहिए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए।

पुलिस अधीक्षक महोदया ने कहा कि पुलिस विभाग पूरी तरह से संवेदनशील है और ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने जनता से भी अपील की कि वे किसी भी तरह के अत्याचार की सूचना तुरंत प्रशासन को दें, ताकि समय पर कार्रवाई की जा सके। बैठक में अन्य संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा की गई, जिसमें पीड़ितों को समय पर मुआवजा, सुरक्षा और पुनर्वास की व्यवस्था की समीक्षा शामिल थी। अंत में, ज़िलाधिकारी महोदय ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से इस तरह की बैठकें आयोजित करें और मामलों की निगरानी करते रहें, ताकि ज़िले में कोई भी व्यक्ति न्याय से वंचित न रहे।

# अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई, 50 लीटर देशी महुआ शराब बरामद

कार्यालय संवाददात | औरंगाबाद

पुलिस अधीक्षक महोदया के निर्देशन में औरंगाबाद पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। इस अभियान के तहत देव थाना क्षेत्र के बेलसारा गांव से कुल 50 लीटर अवैध देशी महुआ शराब बरामद की गई है। यह कार्रवाई पुलिस द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर की गई, जिसमें पुलिस टीम ने त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए मौके पर छापा मारा। इस दौरान पुलिस ने शराब निर्माण और वितरण के लिए इस्तेमाल किए जा रहे उपकरणों को भी जब्त किया है। पुलिस की इस तत्परता से क्षेत्र में अवैध शराब व्यापार में संलिप्त लोगों में हड़कंप मच गया है।

पुलिस अधीक्षक महोदया ने बताया कि जिले में अवैध शराब के व्यापार को रोकने के लिए पुलिस पूरी तत्परता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी और अवैध गतिविधियों में लिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, बरामद शराब को जब्त कर लिया गया है और इस मामले में आगे की जांच की जा रही है। पुलिस इस कार्रवाई को अवैध शराब के खिलाफ अपने अभियान का एक महत्वपूर्ण कदम मान रही है, जिससे जिले में इस तरह की अवैध गतिविधियों पर अंकुश



लगाया जा सकेगा।

## सड़क हादसे में तीन लोग हुए घायल



कार्यालय संवाददाता | औरंगाबाद

औरंगाबाद के एनएच-19 के ओरा गांव के समीप ट्रक की चपेट में आ जाने से तीन युवक घायल हो गए। घायल को स्थानीय लोगों ने औरंगाबाद सदर अस्पताल में भर्ती करवाया गया। घायल की पहचान मदनपुर थाना क्षेत्र के आजन गांव निवासी श्रवण कुमार, अजीत कुमार, राहुल कुमार के रूप में किया गया है। प्राथमिक उपचार के दौरान डॉक्टर प्रवीण अग्रवाल ने बताया कि तीनों घायलों को सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई हैं। घायल सरवन कुमार ने बताया कि औरंगाबाद में निजी कार्य को लेकर आए हुए थे। लौटने के क्रम में ओरा पुल के समीप पीछे से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे हम तीनों घायल हो गए। घटना के बाद आरोपी चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। दरअसल ओरा गांव के समीप तेज रफ्तार वाहन के आवागमन के कारण लगातार सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं। कुछ दिन पहले ओरा निवासी पान कुवांर की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई थी। इससे पूर्व एक बाइक सवार भी ट्रक की चपेट में आ गया था, जिनकी स्थित काफी गंभीर है।

# किड्ज वर्ल्ड में मना श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव

निज संवाददाता | दाउदनगर(औरंगाबाद)

दाउदनगर बाजार स्थित किड्ज वर्ल्ड में सोमवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्या निकेतन ग्रुप ऑफ स्कूल्स के सीएमडी सुरेश कुमार गुप्ता, समृद्धि एजुकेशनल सोसाइटी की अध्यक्ष मालती देवी, सीईओ आनंद प्रकाश, डिप्टी सीईओ इंजीनियर विद्यासागर, मेडिकल ऑफिसर डॉ. मनोज कुमार, प्राचार्य विनीता प्रकाश, मोजाहिर आलम, सरयू प्रसाद एवं एक्टर विकास कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर श्रीकृष्ण एवं राधा बालरूप सज्जा प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडली में डॉ. मनोज कुमार एवं एक्टर विकास कुमार शामिल रहे। इस दौरान श्रीकृष्ण एवं





राधा के गणवेश में छात्र-छात्राओं ने मनमोहक प्रस्तुति दी।प्रतियोगिता में कुल 140 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रत्येक कक्षावार टॉप टेन बच्चों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। साथ ही शेष सभी प्रतिभागी बच्चों को भी मेडल के रूप में सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्री-नर्सरी से लेकर वर्ग-3 तक के छात्र-छात्राओं ने राधाकृष्ण की जीवनी पर आधारित नृत्य की प्रस्तुति दी।कार्यक्रम में विद्यालय के पुरातन छात्र एवं राष्ट्रीय स्तर के ख्याति प्राप्त संगीतज्ञ मार्कंडेय पांडेय ने शानदार गजल की प्रस्तुति दी। इस दौरान विद्यालय में अपने बीते हुए बचपन को याद कर वें भावुक हो गए। कार्यक्रम में विद्यालय के सीएमडी सह शिक्षा पुरुष सुरेश कुमार गुप्ता ने कहा कि कला मानव जीवन का सौंदर्य है। ये नन्हे-मुन्ने बच्चें राधा एवं कृष्ण की वेशभूषा में काफी मनमोहक लग रहे हैं। शिक्षा संस्कार का ही परिस्कृत रूप है। इसलिए समय-समय पर बच्चों के अंदर ऐसी प्रतियोगिताओं के माध्यम से दायित्व बोध, चरित्र और संस्कार का निर्माण होता है। इस मौके पर सीईओ आनंद प्रकाश ने कहा कि यह नन्हे मुन्हे बच्चे देश की तकदीर एवं तस्वीर है। इनकी प्रतिभा ही भारत को विकसित राष्ट्र के सपने को साकार करने में अग्रणी भूमिका निभाएगी। डिप्टी सीईओ विद्यासागर ने कार्यक्रम में आए हुए सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। वही विद्या निकेतन की छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन प्रशासक संदीप कुमार एवं विज्ञान शिक्षक आशीष चौबे ने किया।

## सूर्य भगवान की मूर्ति की स्थापना के लिए निकला जुलूस

**गोह (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** गोह प्रखंड के फाग गांव में सूर्य भगवान की मूर्ति की स्थापना और मंदिर निर्माण के लिए ग्रामीणों द्वारा एक यात्रा जुलूस निकाला गया। मंदिर निर्माण का कार्य करीब चालीस साल से पेंडिंग था, जिसे अब ग्रामीणों द्वारा अंतिम रूप दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने भगवान भास्कर की सफेद संगमरमर की प्रतिमा को पूरे गांव में घुमाया, जिसे गुजरात के अंबा जी खदान से लाया गया था और राजस्थान के कुशल कारीगर द्वारा रचित किया गया था। यात्रा में ढोल, झाल, गाजे बाजे और सत्यनारायण संकीर्तन मंडली द्वारा सूर्य भगवान के विग्रह को घुमाया गया। जुलुस मे महिला, पुरुष और युवा पीढ़ी का उत्साह चरम पर था क्योंकि चालीस साल पुराना कार्य अब अंतिम चरण में है।

## भागवत कथा के छठे दिन आचार्य ने श्रद्धांलुओं को कराया कथा का रसपान



निज संवाददाता | गोह(औरंगाबाद)

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के सात दिवसीय कार्यक्रम मे छठे दिन गायत्री पीठ आचार्य गौतम जी महाराज ने श्रद्धालुओं को श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराया। इस अवसर पर आचार्य ने भगवान कृष्ण की लीलाओं और उनके जीवन के महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला। आचार्य ने कहा कि भगवान कृष्ण की लीलाएं हमें जीवन के सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करती हैं। उन्होंने कहा कि हमें भगवान कृष्ण की शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारना चाहिए और उनके दिखाए हुए रास्ते पर चलना चाहिए। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने आचार्य के प्रवचनों को ध्यान से सुना और रसपान किया। भागवत कथा के आयोजन में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और आचार्य के प्रवचनों से लाभान्वित हुए। यह आयोजन गोह के तुलसी बिगहा में आयोजित किया गया हैं और इसमें प्रत्येक दिन हजारों श्रद्धांलुओं कई भीड़ उमड़ रही है। कार्यक्रम को सफल बनाने मे संरक्षक अजय यादव, अध्यक्ष दीपक दिनकर, सौरभ पांडेय, नौलेश यादव, सुबोध कुमार, विकास कुमार, अरुण कुमार, विक्की कुमार, पप्पू कुमार, धर्मेंद्र कुमार, इंद्रजीत कुमार, पीयूष कुमार,.चंदन कुमार सहित दर्जनों सदस्य रात दिन मेहनत कर रहे है।

## पुलिस द्वारा चलाया गया सघन वाहन जांच अभियान

कार्यालय संवाददाता | औरंगाबाद

सोमवार को पुलिस अधीक्षक महोदया के निर्देशन में औरंगाबाद जिले में सघन वाहन जाँच अभियान चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अपराध नियंत्रण, अवैध शराब के परिवहन की रोक-थाम और यातायात नियमों का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करना था।



अभियान के दौरान पुलिस ने कई प्रमुख मार्गों पर नाकाबंदी कर वाहनों की गहन जाँच की। इस दौरान उन वाहनों पर विशेष ध्यान दिया गया जिन पर संदिग्ध गतिविधियों का संदेह था। अवैध शराब परिवहन करने वाले वाहनों की पहचान कर उन्हें जब्त किया गया, साथ ही अपराध में लिप्त व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई की गई। इस सघन अभियान में कई वाहन चालकों पर जुर्माना लगाया गया और कुछ के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की गई। पुलिस अधीक्षक महोदया ने कहा कि इस प्रकार के अभियान आगे भी जारी रहेंगे ताकि जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सके और अपराधियों पर नकेल कसी जा सके। इस अभियान से औरंगाबाद जिले के निवासियों में सुरक्षा का विश्वास बढ़ा है और पुलिस की सक्रियता की सराहना हो रही है। पुलिस विभाग ने आम जनता से भी अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें।

### श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर गोह में निकली झांकी, कार्यक्रम का भी आयोजन



गोह(औरंगाबाद)(नि.सं.)। गोह के जर्मिनेशन मिशन स्कूल में सोमवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छोटे-छोटे बच्चों की ओर से भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं के विभिन्न रूपों को दिखाया गया। बच्चों के द्वारा झांकियां प्रस्तुत की गई, जिसमें भगवान के अद्भुत और मनभावन रूपों को दिखाया गया। झांकी में तीन से पांच वर्ष के बच्चों ने हिस्सा लिया। स्कूल के निदेशक विष्णु कुमार गुप्ता ने बच्चों को श्रीकृष्ण के बाल लीलाओं का उल्लेख करते हुए बताया कि हम जन्माष्टमी का पर्व क्यों मनाते है। बच्चों ने कंस वध कर बुराई पर अच्छाई की जीत का मंचन किया। इस अवसर पर प्राचार्य किरण क्षेत्री ने बच्चों को भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं के बारे में बताया। बच्चे जिसमें कक्षा जुनियर तथा सीनियर के बच्चे सौम्या, प्रियंका, सलोनी, सूरज कुंदन आदि ने पात्र की भूमिका निभाई।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर सम्मानित किए गए गौ पालक



निज संवाददाता | रफीगंज(औरंगाबाद)

रफीगंज के एक निजी भवन में समाजसेवा समिति के बैनर तले डॉ. तुलसी यादव के देखरेख में गौ पालक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में आगतों ने श्रीकृष्ण के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस दौरान आयुष कुमार ने बांसुरी बजाकर लोगो को मंत्रमुग्ध किया।श्याम सुंदर यादव ने गीत के माध्यम से एवं इंस्पेक्टर वीके सिंह ने श्रीकृष्ण की जीवनी एवं गाय, गीता और गंगा की महता पर प्रकाश डाला। डॉ. तुलसी यादव, आरपीएफ इंस्पेक्टर वीके सिंह ने गौ पालक अभय यादव, धर्मेन्द्र यादव, अनुग्रह यादव, राजेंद्र यादव, वीरेंद्र यादव, विजय यादव, मदन यादव सहित कई अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सत्येन्द्र यादव, महफूज आलम, कैफ खां, विनोद पासवान, पवन शर्मा, मनहूर खां, साजिद अंसारी, टूनटून खां, विशुनदेव यादव, राजा, विजय सिंह, सुखेंद्र यादव, बबलू यादव, किशोरी मोहन यादव, प्रो. रामाशीष, श्यासुन्दर यादव, शंभू, उमेश पाल, शिक्षक अकबर, विनय कुमार, राजेश रजक, समिति के सचिव कुमार बाबू, संरक्षक सिद्धी यादव, कोषाध्यक्ष सुधीर कुमार, शिक्षक कौशल, आदिल कुमार, विनोद यादव, वीरेंद्र यादव, आयुष कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## इशांत कुमार ने जीता गोल्ड पूरे जिले में खुशी की लहर

नि.सं. | बारूण (औरंगाबाद)



जम्होर थाना के अंतर्गत ग्राम बैदाही के निवासी इशांत कुमार ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल से बिहार का नाम रोशन किया है। इशांत, जो रामनिवास राय सैनिक और आशा देवी के पुत्र हैं, ने खेलो इंडिया के अंतर्गत आयोजित अंतरराष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर अपनी काबिलियत का परिचय दिया है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देशभर के विभिन्न राज्यों जैसे तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, तमिलनाडु, पंजाब, केरल, हैदराबाद, और राजस्थान से आए खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इशांत ने इन सभी को कड़ी टक्कर देते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। उन्होंने डेडलिफ्ट में 135 किलोग्राम, स्क्वॉट में 95 किलोग्राम, और बेंच प्रेस में 40 किलोग्राम का भार उठाकर अपनी जीत सुनिश्चित की। उनकी इस सफलता ने न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे जिले का मान बढ़ाया है।

इशांत की इस ऐतिहासिक जीत पर उनके परिवार और गांव में खुशी की लहर दौड़ गई है। उनके परिवार के सदस्य, विशेष रूप से बबलू राय, ने इशांत की इस उपलब्धि पर गर्व जताया और उनकी मेहनत व समर्पण की सराहना की। इशांत की ट्रेनिंग सासाराम में कोच सहजाद आलम के मार्गदर्शन में होती है, जिन्होंने उनकी सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इशांत की यह जीत न केवल उनके व्यक्तिगत संघर्ष और समर्पण की कहानी है, बल्कि बिहार के युवाओं के लिए एक प्रेरणा भी है।

### दो सितंबर को आक्रोश मार्च निकालने का फैसला

**हसपुरा(औरंगाबाद)(नि.सं.)।** हसपुरा जैसे छोटे शहर में भी ब्राउन शुगर की लत व इसके पैर पसारने व चोरी की घटना के विरोध में सोमवार को हसपुरा में महागठबंधन की बैठक हुई। बैठक में 2 सितंबर को हसपुरा में जन आक्रोश मार्च निकालने का निर्णय लिया गया। इस पर रणनीति बनाई गई। बैठक में राजद के प्रखंड अध्यक्ष मनीष यादव, भाकपा के अंचल सचिव चंद्रशेखर सिंह, भाकपा माले के सचिव दिनेश राम ने कहा कि क्षेत्र के युवा पीढ़ी ब्राउन सुगर के चपेट में आकर बर्बाद हो रहे है।



बिहार सरकार
पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग



पशुपालन ज्ञान
पशुपालक कल्याण

आपदा प्रभावित पशुओं के जीवन रक्षण हेतु
पशु चारा वितरण कार्यक्रम

आपदा से प्रभावित पशुओं के जीवन रक्षा हेतु समय–समय पर पशु चारा वितरण कराने का कार्य जिला प्रशासन के सहयोग से जिला पशुपालन पदाधिकारी के द्वारा सम्पन्न किया जाता है।

चारा मात्रा/अनुमान्यता :

- निर्धारित सहाय्य मानदर के अनुरूप बड़े जानवरों के लिए 80 रूपये तथा छोटे जानवर के लिए 45 रूपये प्रतिदिन अनुमान्य है।
- आपदाग्रस्त पशुओं के जीवन रक्षण के लिये सामान्यतः बड़े जानवरों के लिये 06 कि.ग्रा., छोटे जानवरों के लिए 03 कि.ग्रा. तथा भेड़–बकरियों के लिये 01 कि.ग्रा. चारा की आवश्यकता होती है।
- पशु शिविरों / अस्थायी शिविरों में एक बार में तीन दिन / एक सप्ताह हेतु चारा वितरण कराया जाता है तथा बाढ़ की स्थिति के अनुसार शिविर संचालन तक पुनः वितरण कराया जाता है।

वितरण प्रक्रिया :

- जिला प्रशासन के मार्गदर्शन एवं सहयोग से शिविरों / अस्थाई शिविरों में पशुओं की संख्या के अनुसार चारा वितरण किया जायेगा।
- चारा वितरण के पूर्व सभी प्रभावित पशुओं की प्रकार / संख्या के आधार पर गणना कर पशुपालक वार टोकन वितरण किया जाता है तथा उक्त टोकन के आधार पर क्रमानुसार चारा का प्रबंध कर वितरित किया जाता है।
- कोविड–19 की परिस्थितियों के आलोक में आवश्यक सावधानी बरतते हुये चारा वितरण सोशल डिस्टेसिंग के साथ किया जाएगा।



विशेष जानकारी पशुपालन निदेशालय, बिहार, पटना स्थित आपदा कोषांग (दूरभाष संख्या 0612-2230942) या पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, बिहार, पटना (दूरभाष संख्या 0612-2226049) से प्राप्त की जा सकती है।

PR No.- 006652 (Animal)D. 2024-25